# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, मंगलवार 24 फरवरी 2026




क्षतिग्रस्त आरओबी

*आरओबी ढहने पर पीडब्ल्यूडी मंत्री का सख्त रुख*

## ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया गया, अब एफआईआर होगी, इंजीनियर भी नपेंगे



**उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद गंभीर है और ऐसी लापरवाही किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जबलपुर में तीन साल पहले बने एक रेलवे ओवरब्रिज का हिस्सा ढहने के मामले में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं। मंत्री ने स्पष्ट किया कि संबंधित ठेकेदार को तत्काल प्रभाव से ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है और उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। साथ ही जिस अधिकारी के सुपरविजन में यह निर्माण हुआ,

### *जांच समिति गठित करने की आवश्यकता नहीं*

अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के सवाल पर मंत्री ने कहा कि जिस अधिकारी की निगरानी में यह पुल बना, उसके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।





## एक लाख से ज्यादा वाहन मालिकों को मिलेगा 5.16 करोड़ रु. का टोल रिफंड

एजेंसी:नई दिल्ली

महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) ने पुष्टि की है कि इस महीने की शुरुआत में मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर लगे भीषण जाम में फंसे एक लाख से अधिक वाहन चालकों को टोल रिफंड दिया जाएगा। रिफंड की कुल राशि 5.16 करोड़ रुपए बताई गई है। 3 फरवरी को एक्सप्रेसवे के खोपोली सेक्शन में एक गैस टैंकर पलट गया था। इस हादसे के बाद करीब 33 घंटे तक यातायात ठप रहा। कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिसमें फंसे यात्रियों को पानी, भोजन और अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ा। हादसे के तुरंत बाद प्रशासन ने टोल कलेक्शन तत्काल निलंबित करने का आदेश दिया था।

### रिफंड का फैसला कैसे लिया गया?

एमएसआरडीसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि टोल वसूली रोकने के आदेश के बाद भी जिन वाहन मालिकों से राशि कट गई, उन्हें पूरी रकम लौटाने का निर्णय लिया गया है। कुल 5.16 करोड़ रुपये का रिफंड एमएसआरडीसी द्वारा प्रोसेस किया जाएगा।



सीएम डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा में की घोषणा...अगले 3 साल के भीतर

# लाड़ली बहनों को मिलेंगे 3 हजार रुपए नए पंजीयन पर फैसला उचित वक्त पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि प्रदेश की लाड़ली बहनों को अगले 3 साल के भीतर 3 हजार रुपए देने वाले हैं। उन्होंने कहा कि एक हजार से लेकर 15 सौ रुपए कर चुके हैं। अपने घोषणा पत्र में भी कहा है की 5 साल में 3 हजार रुपए प्रति माह कर देंगे। आज भी इसके लिए अडिग है। लाड़ली बहनों के नए पंजीयन के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि सदन में मंत्री ने जो कुछ भी कहा है, वह ठीक है, समय आने पर उचित निर्णय लिया जाएगा। हालांकि विपक्षी कांग्रेस ने नए पंजीयन के मुद्दे पर मंत्री के बयान से असंतुष्ट होकर सदन से वॉकआउट कर दिया।

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस सदस्य महेश परमार ने लाड़ली बहना योजना में नए पंजीयन का मुद्दा उठाया। उन्होंने यह भी पूछा कि सरकार लाड़ली बहनों को मिलने वाली राशि बढ़ाकर 3 हजार रुपए कब करने जा रही है। यह भी सवाल किया कि बजट में बहनों को लाभ दिलाने के लिए नया पंजीयन कब से शुरू कर रहे हैं। उनके प्रश्न के जवाब में महिला व बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि लाड़ली बहना योजना के शुरू में 1.31 करोड़ महिलाओं ने पंजीयन कराया था। मौजूदा समय में करीब सवा करोड़ पंजीयन सक्रिय है। योजना के वर्तमान नियमों के अनुसार लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने सदन में कहा कि लाड़ली बहना योजना में मृत्यु होने पर या 60 वर्ष से अधिक उम्र होने के कारण लाड़लियों को योजना से बाहर किया जाता है।

*निर्मला भूरिया ने कहा कि 60 वर्ष से अधिक उम्र के हितग्राही पात्रता अनुसार अन्य योजनाओं में आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं*

### धीरे धीरे रे मना, धीरे सब कुछ होय

नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने पूछा कि जो बहनें 18 साल की हो गई हैं उनका पंजीयन कब चालू करेंगे? मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धीरे धीरे रे मना, धीरे सब कुछ होय.. माली सींचें सौ घड़ा, ऋतु आए फल होय। आप सभी चिंता नहीं करें। सब होगा



एआई इमेज

***मंत्री निर्मला भूरिया के जवाब से अंसतुष्ट विपक्ष ने किया सदन से वॉकआउट***

### सदन में नए पंजीयन को लेकर हुई तीखी बहस

इस मुद्दे पर सदन में पक्ष और विपक्ष दोनों तरफ से जमकर बहस हुई। सदस्य परमार ने कहा कि 2023 में मप्र में सत्ता विरोधी लहर थी। उस वक्त वादे कर दिए गए। पर अब सरकार वादा नहीं निभा रही है। उन्होंने लाड़ली बहनों का रजिस्ट्रेशन दोबारा से शुरू करने का आग्रह किया। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि सरकार ने 3 हजार रुपए की घोषणा की है। इसके लिए विपक्ष को चिंता करने की जरूरत नहीं है, हम अपने लाड़ली बहनों को पूरी राशि देंगे। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने कहा कि हमारे दो-दो सदस्यों ने यह बात पूछी है कि लाड़ली बहनों का पंजीयन कब शुरू कर रहे हैं। क्या 3 साल बाद करेंगे? मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि अभी यह बताना संभव नहीं है।

## भावांतर योजना में लाया जाएगा सरसों की फसल को

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधानसभा में सोमवार को सदन में कृषक कल्याण वर्ष 2026 पर वक्तव्य देते हुए किसान कल्याण के लिए प्रमुख 5 फसलों के लिए घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरसों की जनवरी की औसत मंडी दरें 6 हजार रुपए प्रति क्विंटल हैं। केंद्र सरकार का निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 6200 रुपए प्रति क्विंटल हैं। सरकार ने सरसों का उपार्जन भावांतर योजना के नियत प्रावधानों एवं पात्रता के अनुसार कृषकों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने का निर्णय लिया है।*


*डॉ. यादव ने कहा कि इस वर्ष सरसों के रकबे में पूर्व वर्ष की तुलना में लगभग 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। द्वितीय अग्रिम अनुमान अनुमानित उत्पादन 15.71 लाख मीट्रिक टन है। केंद्र सरकार को विधिवत प्रस्ताव भी भेज दिया गया है। इस योजना के तहत एफएक्यू सरसों को न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम राशि मिलने की प्रतिपूर्ति के लिए योजना प्रस्तावित की गई है। भावांतर योजना के तहत पंजीकृत किसानों के सरसों के रकबे एवं राज्य की औसत उत्पादकता के मान से उनकी पात्रतानुसार भुगतान किया जाएगा।*

कथावाचक धीरेंद्र ने दी सलाह

## हिंदू पैदा करें 4 बच्चे, शादी के बाद मैं भी बढ़ाऊंगा आबादी

एजेंसी ▶▶ एजेंसी अजमेर

बेटियों को नाचनेवाली बनने की जगह दुर्गा और काली बनना चाहिए



बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने हिंदुओं की घटती जनसंख्या, धर्मांतरण और युवाओं के भटकाव पर कहा कि भारत में हिंदुओं का कम होना एक वैश्विक चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि भारत में हिंदुओं की घटती संख्या और बढ़ता मजहबी प्रभाव देश को बर्बादी की ओर ले जा रहा है। अगर सनातन को सुरक्षित रखना है, तो हर हिंदू को कम से कम 4 बच्चे पैदा करने चाहिए। शास्त्री ने हल्के-फुल्के अंदाज में यह भी कहा कि अभी उनकी शादी नहीं हुई है, लेकिन विवाह होने के बाद वे खुद भी हिंदुओं की आबादी बढ़ाने में अपना योगदान देंगे।






**बाइक सवार को बचाने के प्रयास में हादसा**



हादसे में घायल लोग

## मजदूरों से भरा पिकअप वाहन ओवरब्रिज से गिरा... तीन की मौत, आठ लोग घायल

*सभी मजदूर छिंदवाड़ा के हर्रई के रहने वाले*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहपुर

बरमान क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने तीन परिवारों के चिराग बुझा दिए। मजदूरों से भरा एक पिकअप वाहन एनएच-44 पर बने ओवरब्रिज से नीचे गिर गया, जिससे मौके पर दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

*सीएमओ पर प्रताड़ना के गंभीर आरोप*


### दतिया के लिपिक ने सुसाइड से पहले बनाया वीडियो

**दतिया।** दतिया नगरपालिका में पदस्थ एक लिपिक (बाबू) दिलीप सिंह गौड़ ने उत्तर प्रदेश के झांसी में कथित रूप से आत्महत्या कर ली। इस आत्मघाती कदम से न केवल मृतक के परिवार में मातम पसरा है, बल्कि नगरपालिका महकमे में भी हड़कंप मच गया है। घटना को और भी संवेदनशील बना दिया है लिपिक की ओर से मरने से पहले जारी किए गए एक वीडियो में उन्होंने अपनी मौत के लिए उच्च अधिकारियों को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया है।



पद के विपरीत ट्रेंचिंग ग्राउंड पर लगाई गई थी ड्यूटी

आत्महत्या से पूर्व जारी किए गए वीडियो में दिलीप सिंह गौड़ ने नगरपालिका के सीएमओ नागेंद्र सिंह गुर्जर और दो अन्य कर्मचारियों पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। दिलीप ने भावुक होते हुए कहा कि उन्हें लंबे समय से परेशान किया जा रहा था। लिपिक के पद पर होने के बावजूद उन्हें ट्रेंचिंग ग्राउंड (कचरा डंपिंग यार्ड) पर तैनात कर दिया गया था, जहां उनसे कचरा गाड़ियों की गिनती जैसा कार्य कराया जा रहा था। उनके अनुसार, यह कार्य उनके पद की गरिमा के अनुरूप नहीं था।

जबलपुर
मंगलवार 24 फरवरी 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष–07
वर्ष : 20, अंक : 296
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 29
न्यून. 14

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

समाजसेवी विवेक रूठिया बोले- 1917 में 35 हजार का दिया था कर्ज

# 109 साल पहले दादा ने ब्रिटिश हुकूमत को दिया था कर्ज, अब वसूली की तैयारी


तब भोपाल रियासत के प्रशासनिक कार्यों के प्रबंधन के लिए ब्रिटिश सरकार को धन की आवश्यकता थी

जुगल किशोर पटेल ▸▸ सीहोर

अलग खबर


विवेक रूठिया

क्या सात समंदर पार राज करने वाली ब्रिटिश सरकार सीहोर के एक व्यापारी की कर्जदार है। यह सुनने में भले ही हैरान करने वाला लगे, लेकिन सीहोर के रूठिया परिवार ने पुश्तैनी दस्तावेजों के आधार पर यह सनसनीखेज दावा किया है। शहर के निवासी विवेक रूठिया का कहना है कि साल 1917 में उनके दादा ने तत्कालीन ब्रिटिश हुकूमत को 35 हजार रुपए का कर्ज दिया था, जो आज तक नहीं लौटाया गया है।



### करोड़ों में पहुंची राशि, सोने की कीमत से होगा आकलन

विवेक का तर्क है कि 1917 के 35 हजार रुपए की कीमत आज के दौर में करोड़ों में है। उन्होंने बताया कि यदि उस समय की सोने की कीमतों और आज की दर की तुलना की जाए तो यह राशि अब एक विशाल पूंजी बन चुकी है। विवेक का दावा है कि उनके पास इस लेन-देन से जुड़े पुख्ता ऐतिहासिक दस्तावेज और मूल लिखा-पढ़ी मौजूद है, जो उन्हें विरासत में मिली है।

### अंतरराष्ट्रीय कानून के सहारे कानूनी लड़ाई

विवेक अब इन पुश्तैनी दस्तावेजों को आधार बनाकर ब्रिटिश सरकार को कानूनी नोटिस भेजने वाले हैं। उनका कहना है मेरे पास दादाजी के समय के वो तमाम दस्तावेज हैं।




हरिभूमि सहेली आज के अंक के साथ

## खबर संक्षेप

### पूर्व रेल मंत्री मुकुल रॉय का 71 वर्ष की उम्र में निधन

**कोलकाता।** पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री और कभी तृणमूल कांग्रेस में ममता बेनर्जी के बाद नंबर दो नेता माने जाने वाले मुकुल रॉय का सोमवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। 71 वर्षीय रॉय को कोलकाता के सॉल्ट लेक स्थित अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां तड़के करीब 1.30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके बेटे सुभ्रांशु रॉय ने उनके निधन की पुष्टि की है।




### रश्मिका-विजय पहुंचे उदयपुर, लेंगे सात फेरे

**नई दिल्ली।** रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की शादी होने जा रही है। रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा 26 फरवरी को शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। उदयपुर से करीब 25 किलोमीटर दूर अरावली की पहाड़ियों के बीच बनी आईटीसी मोमेंटोस को रश्मिका और विजय ने शादी के लिए चुना है।



### बैंक फ्रॉड केस में हाईकोर्ट से अनिल अंबानी को झटका

**मुंबई।** उद्योगपति अनिल अंबानी को बॉम्बे हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने उस सिंगल बेंच के आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें बैंकों की फ्रॉड प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई थी। चीफ जस्टिस श्रीचंद्रशेखर और जस्टिस गौतम ए. अंखाड़ की डिवीजन बेंच ने साफ कहा कि अपीलें मंजूर की जाती हैं। चुनौती दिए गए आदेश में गंभीर खामियां हैं। कोर्ट ने सिंगल बेंच के फैसले को त्रुटिपूर्ण करार दिया।



सुप्रीम कोर्ट ने कहा था-मप्र हाईकोर्ट चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली बेंच सुनवाई करे

# भोजशाला विवाद पर एएसआई रिपोर्ट पेश, सभी 12 दिन में दावे-आपत्तियां दें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर

*दावा- सर्वे में पुरानी मूर्तियां, श्लोक लिखे शिलालेख मिले हैं, जो साबित करते हैं कि वहां पहले भोजशाला थी, न कि कमाल मौला मस्जिद*

धार में स्थित भोजशाला मामले में सोमवार को इंदौर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। एएसआई के सर्वे रिपोर्ट को लेकर पर कोर्ट ने कहा कि इसकी प्रति सभी पक्षकारों को दी जाए और उस पर दावे-आपत्तियां आमंत्रित की जाएं। कोर्ट ने इसके लिए दो सप्ताह का समय दिया है। अब अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी। जिसमें याचिकाकर्ता और इंटरविनर अपना पक्ष रखेंगे। सुनवाई जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी के समक्ष हुई। कोर्ट ने सभी याचिकाकर्ताओं और प्रतिवादियों को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की सर्वे रिपोर्ट पर दो सप्ताह में अपनी आपत्तियां, सुझाव पेश करने के निर्देश दिए हैं। एडवोकेट विनय जोशी के अनुसार हाईकोर्ट ने सभी पक्षों को निर्देशित किया कि वे एएसआई की 98 दिन तक चली वैज्ञानिक जांच रिपोर्ट पर अपनी लिखित आपत्तियां और सुझाव अगली सुनवाई से पहले दाखिल करें।


धार स्थित भोजशाला

98 दिन की जांच रिपोर्ट पर अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी

**एएसआई के सर्वे रिपोर्ट को लेकर कोर्ट ने कहा कि इसकी प्रति सभी पक्षकारों को दी जाए**

**याचिकाकर्ता : 2100 पेज की रिपोर्ट में जिन तथ्यों का उल्लेख किया गया है, वे उत्साहजनक**

### रिपोर्ट का अध्ययन करेंगे

याचिकाकर्ता आशीष गोयल ने कहा कि 2100 पेज की रिपोर्ट में जिन तथ्यों का उल्लेख किया गया है। वे उत्साहजनक हैं। सर्वे में पुरानी मूर्तियां, श्लोक लिखे शिलालेख मिले हैं, जो साबित करते हैं कि वहां पहले भोजशाला थी, न कि कमाल मौला मस्जिद। हम रिपोर्ट का विस्तृत अध्ययन करेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट ने यह दिए थे आदेश

इंदौर हाईकोर्ट से यह मामला पहले सुप्रीम कोर्ट गया था। वहां आदेश हुए कि हाईकोर्ट चीफ जस्टिस मध्यप्रदेश की अध्यक्षता वाली बेंच इसकी सुनवाई करे। फिर पीठ के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश की बेंच द्वारा तीन सप्ताह की अवधि में सुनवाई की जाए। साथ ही कहा कि एएसआई की सीलबंद रिपोर्ट सभी को दी जाए। इस पर वह अपने सुझाव, आपत्ति देंगे और फिर फाइनल हियरिंग होगी। इसके बाद मामला हाईकोर्ट जबलपुर गया जहां से इसे फिर इंदौर बेंच को भेजा गया, क्योंकि न्यायालयीन क्षेत्र इंदौर था।

### हाईकोर्ट में यह है याचिका और पक्षकार

हाईकोर्ट में भोजशाला के सर्वेक्षण को लेकर याचिका 10497/2022 लगी। इस पर हाईकोर्ट ने 11 मार्च 2024 को वैज्ञानिक सर्वेक्षण के आदेश दिए। इस आदेश के तहत सर्वे भी हुआ और रिपोर्ट बंद लिफाफे में पेश हुई। इसी बीच मौलाना कमालउद्दीन वेलफेयर सोसायटी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका थी। हाईकोर्ट की याचिका में हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस प्रेसीडेंट रंजना अग्निहोत्री, आशीष गोयल, आशीष जनक, मोहित गर्ग, जितेंद्र सिंह, सुनील सारस्वत याचिकाकर्ता हैं। वहीं इसमें पक्षकार केंद्र सरकार, आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, मप्र शासन, जिला कलेक्टर, एसपी धार, मौलाना कमालउद्दीन वेलफेयर सोसायटी प्रेसीडेंट अब्दुल समद, श्री महाराजा भोज सेवा संस्थान समिति सचिव गोपाल शर्मा हैं।


फाइल फोटो

'तेजस' क्रैश की कथित खबर पर एचएएल की सफाई

# ग्राउंड पर मामूली तकनीकी खामी, लैंडिंग के दौरान हुई थी यह घटना

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के स्वदेशी फाइटर जेट-एलसीए तेजस के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबरों पर हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने आधिकारिक बयान दिया। एचएएल ने विमान के क्रैश होने संबंधी मीडिया रिपोर्ट्स पर कहा कि कुछ खबरों में तथ्यों को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा हुई है। कंपनी ने साफ किया है कि एलसीए तेजस विमान के किसी भी प्रकार के दुर्घटनाग्रस्त होने की कोई घटना नहीं हुई है। गौरतलब है कि एलसीए तेजस विमान का निर्माण एचएएल द्वारा किया गया है। कुछ मीडिया रिपोर्टस में एलसीए तेजस विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की बात कही गई थी।

**पायलट सुरक्षित, कोई जनहानि नहीं**

### तेजस कार्यक्रम पूरी तरह सुरक्षित

कंपनी का कहना है कि एलसीए तेजस दुनिया के समकालीन लड़ाकू विमानों में सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा रिकॉर्ड रखने वाले विमानों में शामिल है। यह स्वदेशी लड़ाकू विमान अत्याधुनिक तकनीक, उन्नत एवियोनिक्स और सख्त सुरक्षा मानकों के लिए जाना जाता है। एचएएल ने यह भी बताया कि मानक प्रक्रिया के तहत तकनीकी पहलुओं का गहन विश्लेषण किया जा रहा है। कंपनी इस मामले में भारतीय वायु सेना के साथ मिलकर काम कर रही है,।

देवास: परीक्षा केंद्र पर मधुमक्खियों का हमला

# 12 बच्चे जख्मी, शिक्षक की हालत गंभीर, केंद्र बदला

कक्षा 5वीं व 8वीं की परीक्षाएं चल रही थीं तभी किया अटैक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ देवास


हमले में जख्मी शिक्षक

नेमावर स्थित शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा के दौरान मधुमक्खियों ने धावा बोल दिया। यहां कक्षा 5वीं व 8वींकी परीक्षाएं चल रही थीं। बच्चे पेपर हल कर रहे थे। इसी दौरान मुधक्खियों ने अचानक अटैक कर दिया। इससे परीक्षा केंद्र में हड़कंप मच गया। इस दौरान बच्चे और शिक्षक मधुमक्खियों से बचने के लिए इधर-उधर भागने लगे लेकिन कई बच्चे और शिक्षक मधुमक्खियों के चपेट में आ गए।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में घोटाला

# हरियाणा सरकार ने एसीबी को सौंपी घोटाले की जांच

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने विधानसभा में जांच की घोषणा की


सीएम नायाब सैनी

एजेंसी ▸▸ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार के कुछ अधिकारियों-कर्मचारियों और आइडीएफसी फर्स्ट बैंक के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से हुई 590 करोड़ रुपए से अधिक की धोधाखड़ी में प्रदेश सरकार ने कड़ा नोटिस लिया है। सोमवार को विधानसभा में शून्यकाल के दौरान भी यह मुद्दा उठाया गया। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने इस मामले में की आरोपी अधिकारियों व कर्मचारियों पर की गई कार्रवाई को लेकर रिपोर्ट मांगी।

सुप्रीम कोर्ट में केंद्र का हलफनामा: मरीजों की सुरक्षा पर दिया ये तर्क

# डॉक्टरों की योग्यता को तय नहीं करती नीट पीजी परीक्षा

यह सीटों के आवंटन के लिए मेरिट सूची तैयार करने का माध्यम

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि नीट पीजी न्यूनतम क्लिनिकल क्षमता तय नहीं करता, बल्कि सीमित पीजी सीटों के आवंटन के लिए मेरिट सूची बनाता है। खाली सीटों को भरने के लिए कटऑफ घटाया गया है और इससे शैक्षणिक मानकों से कोई समझौता नहीं हुआ। नीट-पीजी 2025 के लिए क्वालिफाइंग पर्सेंटाइल कम किए जाने के फैसले का बचाव करते हुए केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि नीट पीजी न्यूनतम क्लीनिकल क्षमता का प्रमाणन नहीं करता, बल्कि सीमित स्नातकोत्तर सीटों के आवंटन के लिए मेरिट सूची तैयार करने का माध्यम है। न्यूनतम योग्यता एमबीबीएस डिग्री से ही स्थापित हो जाती है। सरकार ने अदालत से कहा कि यह नीतिगत निर्णय है और जब तक यह स्पष्ट रूप से मनमाना या असंवैधानिक न हो, तब तक न्यायिक समीक्षा का दायरा सीमित होता है। हलफनामे में यह भी कहा गया कि पीजी सीटों पर भारी सार्वजनिक निवेश होता है। इन्हें खाली छोड़ना संसाधनों और प्रशिक्षण क्षमता की बर्बादी होगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर भी असर पड़ेगा। सरकार ने अंत में कहा कि पर्सेंटाइल में कमी एक 'अनुपातिक प्रशासनिक कदम' है, जो सीटों की बर्बादी रोकने और विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं की क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया गया है।



आरोप : धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव

# छग की युवती से... नशीला पदार्थ पिलाकर किया दुष्कर्म

महिला ने अपने घर रखा और अहमदाबाद ले जाकर बनवाए शारीरिक संबंध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल


फाइल फोटो

बागसेवनिया पुलिस ने छत्तीसगढ़ और भोपाल में रहने वाली युवतियों की शिकायत पर महिला सहित चार लोगों पर दुष्कर्म और मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। युवतियों को आरोप है कि बागसेवनिया इलाके में रहने वाली ब्यूटिशियन अमरीन ने उन्हें अपने साथ रखा था और नशीला पदार्थ पिलाकर शारीरिक संबंध बनवाए। पुलिस ने उक्त मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अमरीन इन दिनों अहमदाबाद में है उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम भेजी गई है। पुलिस के अनुसार 26 साल की युवती मूलतः छत्तीसगढ़ की रहने वाली है। वह शाहपुरा में रहती थी और न्यू मार्केट में कपड़े की दुकान में काम करती थी। 8 जून 2024 को अपने दोस्त के बर्थ-डे पार्टी में गई थी। वहां उसकी पहचान दोस्त के घर आई (जन्नत) से हो गई। पीड़िता ने जन्नत से कहा कि मैं कपड़े की दुकान पर काम छोड़ना चाहती हूं और कहीं और काम करूंगी। इसके बाद वह ब्यूटी पार्लर में काम करने लगी। इसी बीच जन्नत ने कहा कि मेरी एक दीदी है। उनके घर चलकर रहो और वह मिसरोद एक मॉल में काम दिला देंगी। वह जन्नत के कहने पर अमरीन के घर चली गई।

भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ बोलेंगे केंद्र पर हमला

# आज किसान महाचौपाल में हिस्सा लेने आएंगे राहुल व खरगे

विशेष प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे मंगलवार 24 फरवरी को भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत राजधानी भोपाल से करने जा रहे हैं। राहुल इसमें हिस्सा लेने के लिए दोपहर 12 बजे दिल्ली से रवाना होकर 1 बजे भोपाल पहुंचेंगे और 2 बजे जवाहर चौक पर आयोजित किसान महाचौपाल में हिस्सा लेंगे।

खरगे इससे पहले दोपहर 12 बजे भोपाल पहुंच जाएंगे और होटल में रुक कर राहुल के आने का इंतजार करेंगे। राहुल और खरगे लगभग पौने 2 बजे कार्यक्रम स्थल में पहुंचेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश भर के किसानों, पार्टी कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा पहुंचने का आग्रह किया है।


राहुल गांधी | मल्लिकार्जुन खरगे

**दोपहर 1 बजे भोपाल पहुंचेंगे राहुल 2 बजे होगा कार्यक्रम**

### ट्रेड डील को किसानों के खिलाफ मान रही कांग्रेस

*कांग्रेस अमेरिका के साथ ट्रेड डील को किसानों के खिलाफ मान रही है। राहुल सहित समूची कांग्रेस इसे लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ हमलावर है। भोपाल में किसान महाचौपाल से पहले कांग्रेस की सोशल मीडिया प्रभारी सुप्रिया श्रीनेता मीडिया से बात कर कांग्रेस का पक्ष रख चुकी हैं।*

### जवाहर चौक में तैयार किए गए दो बड़े डोम

कांग्रेस की ओर से किसान महाचौपाल के लिए लाल परेड और जवाहर चौक में से कोई स्थान मांगा गया था। इनमें से जवाहर चौक की परमिशन मिली है। कांग्रेस ने कार्यक्रम स्थल पर दो बड़े डोम तैयार किए हैं। इनमें लगभग 50 हजार किसानों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। सामने मंच पर लगभग ढाई सौ लोगों के बैठने के व्यवस्था रहेगी। यहां राहुल-खरगे के साथ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, कांग्रेस विधायक, राज्यसभा सदस्य, पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी के मेंबर और कांग्रेस के सभी 71 जिला अध्यक्ष बैठेंगे।

**खबर संक्षेप**

### आरक्षक को बस ने मारी टक्कर, दर्दनाक मौत

**बालोद।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती ग्राम सिवनी में सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में बालोद थाने में पदस्थ आरक्षक ठनेश टेमार्य की दर्दनाक मौत हो गई। आरक्षक अपनी ड्यूटी निभाते हुए सरकारी कार्य से जा रहे थे।जानकारी के अनुसार, आरक्षक ठनेश टेमार्य सोमवार को थाने के समंस और वारंट तामील करने निकले थे। वे ग्राम देवारभाट और जमरुवा की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे सिवनी गांव के पास पहुंचे, पीछे से आ रही कांकेर ट्रेवल्स की बस ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को एरियर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश श्रम आयुक्त कार्यालय ने आदेश जारी कर विभाग अध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को 2024 में बढ़ाए गए वेतन की अंतर राशि का भुगतान एरियर के रूप में किया जाए। मप्र कर्मचारी मंच की प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि मार्च 2024 में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा विशेष घोषणा कर दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों का वेतन 2000 प्रतिमाह बढ़ाया था। मार्च 24 से मार्च 2025 के बीच की अंतर राशि का भुगतान उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद विभागों द्वारा नहीं किया जा रहा था, क्योंकि श्रम आयुक्त कार्यालय इंदौर ने स्पष्ट आदेश जारी नहीं की थी।

### मधुमक्खियों का हमला एक की मौत, कई घायल

**भोपाल।** धार जिले के डेहरी क्षेत्र में आने वाले ग्राम झिगरी बयड़ी में आयोजित मृत्यु भोज कार्यक्रम में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पास के पेड़ों पर लगे छत्तों से हजारों की संख्या में मधुमक्खियां अचानक उड़कर लोगों पर टूट पड़ीं। मधुमक्खियों के हमले से लोगों को संभलने या छिपने का मौका तक नहीं मिला। इस हमले में गातला निवासी हुसैन पिता गुलाब को मधुमक्खियों ने इतनी बुरी तरह डंक मारा कि उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हमले में घायल हुए अन्य 20 से अधिक लोगों में से 5 की स्थिति काफी नाजुक बनी हुई है। गंभीर घायलों को तुरंत बाग के अस्पताल में रेफर किया गया, जबकि मामूली घायलों का इलाज स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। इस घटना के बाद गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। बताया जा रहा है कि लोगों में अब मधुमक्ख्यिों का खौफ है। वह घर से बाहर निकलने से बच रहे हैं।

# समृद्ध, सुखद और सम्पन्न प्रदेश के सपने को साकार करेगा मप्र का बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने रविवार को बैतूल भाजपा जिला कार्यालय 'विजय भवन' में मप्र सरकार की ओर से प्रस्तुत किए गए वर्ष 2026-27 के बजट पर आयोजित पत्रकार-वार्ता को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि यह बजट समृद्ध, सुखद और संपन्न प्रदेश के सपने को साकार करेगा। मप्र का बजट 4,38,317 करोड़ रुपए का प्रस्तुत हुआ है, जो प्रदेश के समग्र विकास और सशक्त अर्थव्यवस्था का दृष्टिपत्र है।

**बैतूल भाजपा जिला कार्यालय में बजट पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत की पत्रकारवार्ता**

**मप्र को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित होगा बजट**


प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल।

### रोलिंग बजट से 3 साल का विकास खाका पेश किया

खंडेलवाल ने कहा कि यह बजट चार जातियां, गरीब, युवा, नारी और किसानों की समृद्धि का मार्ग और प्रशस्त करेगा। भाजपा सरकार ने रोलिंग बजट प्रस्तुत कर आगामी तीन साल के विकास का खाका प्रस्तुत किया है। मप्र रोलिंग बजट प्रस्तुत करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने हर समाज वर्ग के कल्याण के लिए बजट में प्रावधान किए हैं। यह बजट मप्र को विकसित और आत्मनिर्भर प्रदेश बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

### पूंजीगत व्यय बढ़ाने से समग्र विकास की परिकल्पना साकार होगी

खंडेलवाल ने कहा कि सरकार ने 1 लाख करोड़ से अधिक का पूंजीगत व्यय का प्रावधान किया है, जिससे मप्र के सर्वांगीण विकास की परिकल्पना साकार होगी। पूंजीगत व्यय बढ़ाने से मप्र के भविष्य को सशक्त बनाने के साथ अधोसंरचना और विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। सिंचाई व्यवस्था का विस्तार, बेहतर बिजली आपूर्ति, पारदर्शी फसल खरीद, भावांतर योजना का संरक्षण और प्राकृतिक प्रकोप में त्वरित मुआवजा के माध्यमों से अन्नदाता को सबल और सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इन प्रावधानों से किसान समृद्ध होगा और मध्यप्रदेश विकसित राज्य बनेगा।

## सीएम डॉ. मोहन पीथमपुर इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव एवं पुस्तक विमोचन में हुए शामिल

# मालवा की अनुकूल जलवायु व भौगोलिक स्थिति उद्योगों के लिए उपयुक्तः मुख्यमंत्री

**पीथमपुर इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव में 40 वर्षों की औद्योगिक यात्रा का उत्सव**

**औद्योगिक उत्कृष्टता सम्मान एवं मप्र के औद्योगिक विकास गान का प्रदर्शन**



पुस्तक का विमोचन करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के औद्योगिक विकास में मालवा का अपना विशिष्ट महत्व है। मालवा क्षेत्र की अनुकूल जलवायु और भौगोलिक स्थिति उद्योगों के लिए अत्यंत उपयुक्त है। दिल्ली और मुंबई जैसे महानगरों तक 8-लेन एक्सप्रेस-वे से दूरी कम होने से यातायात और लॉजिस्टिक्स की सुविधाएं सुदृढ़ हुई हैं। प्रदेश सरकार नए प्रोजेक्ट्स से परिवहन और आधारभूत संरचना को और मजबूत कर रही है।

डॉ. यादव रविवार को इंदौर में पीथमपुर औद्योगिक संगठन द्वारा पीथमपुर इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव एवं पुस्तक विमोचन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उद्योगों का दायरा निरंतर विस्तारित किया जा रहा है, जिससे औद्योगिक विकास की अवधारणा केवल पीथमपुर तक सीमित न रहकर पूरे प्रदेश और देश में नए आयाम स्थापित करे।

### डॉ. यादव ने किया विकास यात्रा पर आधारित स्मारक ग्रंथ का विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र की 40 वर्षों की विकास यात्रा पर आधारित पीथमपुर औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष डॉ. गौतम कोठारी द्वारा लिखित स्मारक ग्रंथ 'पीथमपुरः जीरो टू जेनिथ-ए जर्नी ऑफ 40 इयर्स' का विमोचन किया। यह ग्रंथ पीथमपुर की औद्योगिक उत्कर्ष गाथा, उपलब्धियों एवं क्रमिक विकास का विस्तृत दस्तावेज प्रस्तुत करता है। पीथमपुर औद्योगिक संगठन द्वारा प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने एवं निवेश संवर्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का सम्मान किया गया। प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई दिशा देने एवं निवेश प्रोत्साहन के लिए किए गए प्रभावी प्रयासों के लिए 'एंकर्स ऑफ इंडस्ट्रियल एक्सीलेंस' सम्मान प्रदान किया गया।

**ग्लोबल काबुली चना कॉन्क्लेव में सीएम की घोषणा**




## खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को दिया जाएगा उद्योग का दर्जा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कह कि मप्र कृषि के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मप्र दलहन एवं तिलहन उत्पादन में भी देश का अग्रणी राज्य है। प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए सरकार पुरजोर प्रयास कर रही है। उन्होंने निवेशकों का आह्वान करते हुए कहा कि खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना में निवेश करें, राज्य शासन की ओर से हर संभव मदद प्रदान की जाएगी। प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को उद्योग का दर्जा दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर में आयोजित ग्लोबल काबुली चना कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में कृषि आधारित उद्योग बढ़ाने सहित खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश सरकार किसान, उद्योग और व्यापार को साथ लेकर विकास का नया मॉडल तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए शासन की ओर से पूर्ण सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि चना भारतीय भोजन का अभिन्न हिस्सा है और विशेष रूप से शाकाहारी समाज के लिए यह पोषण का बड़ा स्रोत है। दुनिया में दाल उत्पादन और उपभोग में भारत अग्रणी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के हित संरक्षण और कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं और वैश्विक स्तर पर भी किसानों का पक्ष मजबूती से रखा जा रहा है। डॉ. यादव ने कहा कि मप्र सरकार ने किसानों और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए 5 वर्ष का रोडमैप तैयार किया है। उद्योग स्थापना के लिए नियमों का सरलीकरण किया गया है। करों में रियायत दी जा रही है।

**अज्ञात युवती ने दिखाया साहस, मदद करने के बावजूद भी नहीं बच सकी जान**

## ट्रेन की चपेट में आने से कटे युवक के पैर, छटपटाता रहा, अस्पताल में मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सूरजपुर

जिले से शनिवार की रात अंबिकापुर-जबलपुर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक के दोनों पैर जांघ के पास बुरी तरह कट गए। वही युवक पटरी पर बुरी तरह से जख्मी हुआ पड़ा मिला। उक्त घटना रेलवे फाटक के समीप की बताई जा रही है। हादसे के समय ट्रेन की रफ्तार धीमी थी। ट्रेन रुकने के बाद पैसेंजर उतरे, लेकिन कोई भी शख्स युवक को हाथ नहीं लगाया। इसी बीच एक युवती ने हिम्मत दिखाई और ट्रेन के भीतर मोबाइल टार्च के सहारे अंदर घुसकर अपने स्टॉल से बांधकर युवक को बाहर निकाला। युवक को गंभीर स्थिति में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। सूरजपुर जिले के गोपालपुर निवासी मयंक तिवारी पिता मनोज नाथ तिवारी उम्र 24 वर्ष शनिवार की शाम को दोस्तों के साथ घूमने निकला था। वह देर रात तक वापस नहीं लौटा। इसी बीच रात करीब 10.30 सूरजपुर रेलवे स्टेशन से करीब 500 मीटर की दूरी पर अंबिकापुर-जबलपुर ट्रेन की चपेट में उसके आने की जानकारी परिजन को मोबाइल पर मिली। खबर सुनकर परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे। ट्रेन की चपेट में आने से युवक के दोनों पैर घुटने के ऊपर से कट गए थे। युवक को गंभीर स्थिति में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### परिजनों को फोन पर दी घटना की जानकारी

सूरजपुर रेलवे स्टेशन से करीब 500 मीटर की दूरी पर ट्रेन रेलवे फाटक पार कर रही थी। इस दौरान उसकी रफ्तार धीमी थी। ट्रेन की चपेट में आने की जानकारी मिलने पर चालक ने ट्रेन को रोक दी। नीचे उतर कर पैसेंजर्स ने देखा कि ट्रेन की पटरी पर युवक छटपटा रहा है। इस दौरान किसी ने उसे निकालने की कोशिश नहीं की। इसी बीच कटनी से अंबिकापुर आ रही युवती ने हिम्मत दिखाई और मोबाइल का टॉर्च जलाकर ट्रेन के नीचे घुसी और अपने स्टॉल से बांधकर उसे बाहर निकाला। इस स्थिति में भी युवक बात कर रहा था। युवती ने उसके मोबाइल का पासवर्ड पूछकर परिजन को फोन से जानकारी दी। घटना के बाद लोगों के बीच ऐसी चर्चा कि युवक के पैर बांधकर किसी ने पटरी पर लिटा दिया था। यह भी कहा जा रहा है कि युवक ने दोस्तों के साथ मिलकर शराब पी थी। इस दौरान विवाद के बाद उसके साथ रहे कुछ लोगों ने ही उसके साथ ऐसी वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## फिर गूंजा 27% आरक्षण और 13% होल्ड का मुद्दा

**बैतूल में अपना दल (एस) का दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम संपन्न**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपना दल (एस) मध्य प्रदेश द्वारा 22 एवं 23 फरवरी को आयोजित दो दिवसीय सदस्यता अभियान सह जिला कार्यकर्ता बैठक हुई। कार्यक्रम पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं मप्र प्रभारी आर. बी. सिंह पटेल दो दिवसीय प्रदेश दौरे पर रहे। कार्यक्रम में राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। रविवार को जिला बैतूल के डाक बंगला में जिला कार्यकर्ता बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन की मजबूती और बूथ स्तर तक विस्तार पर जोर दिया गया। इसके बाद ग्राम परमंडल (मुलताई) में सदस्यता अभियान कार्यक्रम संपन्न हुआ, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। ग्राम परमंडल में राष्ट्रीय महासचिव आर. बी. सिंह पटेल ने कहा, मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27% आरक्षण कोई भीख नहीं बल्कि संवैधानिक अधिकार है। जो 13% पर होल्ड लगाया गया है, उसे जल्द से जल्द हटाया जाना चाहिए। जिस प्रकार आदिवासी अंचलों की जमीनें हथिया कर उद्योगपतियों को दी जा रही हैं, रोक लगनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने सिंचाई एवं पीने के पानी की समस्या को प्रमुखता से उठाया, जिस पर राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी मध्य प्रदेश ने संबंधित मुद्दों को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

### इटारसी में भी आयोजन

इसके साथ ही इटारसी में जिला कार्यकर्ता बैठक के साथ-साथ ग्राम सभाएं भी आयोजित की गईं। यहां भी संगठन विस्तार, को गति देने पर विशेष चर्चा की गई। पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि सदस्यता अभियान केवल संख्या बढ़ाने का प्रयास नहीं, विचारधारा से जुड़े कार्यकर्ताओं को तैयार करने का अभियान भी है।

**मुख्यमंत्री ने दिव्यांग खिलाड़ियों के साथ किया मन की बात कार्यक्रम का श्रवण**

## मन की बात देश की उपलब्धियों को सामने लाने का एक प्रभावी प्लेटफॉर्म



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने रविवार को भोपाल के नेहरू नगर स्थित पुलिस लाइन स्टेडियम में दिव्यांग खिलाड़ियों के साथ एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने बैतूल जिले के बैतूल विधानसभा के बडोरा मंडल स्थित ग्राम बडोरा के बूथ क्र. 210 पर कार्यकर्ताओं एवं आमजन के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का श्रवण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मन की बात देश और देशवासियों की उपलब्धियों को सामने लाने का एक प्रभावी प्लेटफार्म है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में होने वाली सूक्ष्मतम गतिविधियों का ध्यान रखते हैं।



### विधायक शर्मा ने सुना मन की बात कार्यक्रम

हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने रविवार को बूथ 298 शिव आंगन कॉलोनी कोलार में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक संवाद मन की बात का सामूहिक श्रवण किया। रामेश्वर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में भारत की प्रगति और उसके माध्यम से कृषि, स्वास्थ्य एवं पशुपालन जैसे क्षेत्रों में आ रहे सकारात्मक बदलावों पर प्रकाश डाला। साथ ही अंगदान जैसे महत्त्वपूर्ण विषय पर समाज को संवेदनशील एवं सक्रिय बनने का संदेश देने के साथ डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराधों से सजग रहने की आवश्यकता पर बल दिया।

**अस्पताल में उपचार जारी, सुरक्षा बलों ने तेज की नक्सलियों की तलाशी**

## माओवादियों की कायराना हरकत, आईईडी में विस्फोट, एक जवान गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

दक्षिण क्षेत्र में को संयुक्त सुरक्षा बलों की टीम क्षेत्र प्रभुत्व अभियान पर निकली हुई थी। इस अभियान के दौरान माओवादियों द्वारा लगाए गए एक दबाव विस्फोटक उपकरण में अचानक विस्फोट हो गया। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में विशेष कार्य बल का एक जवान घायल हो गया। यह घटना सोमवार की है। जानकारी के अनुसार, संयुक्त टीम क्षेत्र में सघन तलाशी और क्षेत्र प्रभुत्व ड्यूटी पर तैनात थी। इसी दौरान नक्सलियों द्वारा पहले से प्लांट किए गए दबाव विस्फोटक उपकरण पर एक जवान का पैर पड़ गया। पैर पड़ते ही अचानक जोरदार विस्फोट हुआ, जिससे विशेष कार्य बल का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद साथ में मौजूद अन्य जवानों ने घायल साथी को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। उसे तत्काल प्राथमिक उपचार भी दिया गया। बाद में बेहतर इलाज के लिए घायल जवान को उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया गया है। चिकित्सकों के अनुसार, फिलहाल जवान की हालत स्थिर बताई जा रही है, जो सभी के लिए राहत की बात है। यह घटना सुरक्षाबलों के लिए एक चुनौती पेश करती है।




### सुरक्षा बलों ने तुरंत संभाला मोर्चा

*विस्फोट की घटना के बाद सुरक्षाबलों ने तुरंत मोर्चा संभाला और स्थिति को नियंत्रण में लिया। साथ में मौजूद जवानों ने घायल जवान को बिना किसी देरी के सुरक्षित निकालकर प्राथमिक उपचार दिया। उसे शीघ्र ही उच्च चिकित्सा केंद्र भेजा गया ताकि उसे सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा मिल सके। इस कार्यवाही से घायल जवान को समय पर उपचार मिल पाया। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके में अपना तलाशी अभियान तेज कर दिया है। इस घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। सुरक्षा बल माओवादियों की संभावित गतिविधियों पर पैनी नजर रख रहे हैं और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए तैयार हैं। क्षेत्र प्रभुत्व अभियान का मुख्य उद्देश्य इलाके में शांति और सुरक्षा स्थापित करना है। माओवादी ऐसी घटनाओं के माध्यम से सुरक्षा बलों के मनोबल को तोड़ने का प्रयास करते हैं, लेकिन सुरक्षा बल अपने कर्तव्यों के प्रति दृढ़ हैं और अभियान जारी रखेंगे।*

**बालको थाना क्षेत्र का मामला, आरोपी पति गिरफ्तार**

## पति ने पत्नी को डंडे से पीटकर उतारा मौत के घाट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

बालको थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है। यहां एक पति ने अपनी पत्नी को डंडे से पीटकर मौत के घाट उतार दिया। इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। आरोपी पति को भी तत्काल पकड़ लिया गया है। आरोपी की पहचान फुलजेन तिर्की के रूप में हुई है। वह अपने बेटे के साथ गोवा में काम करता था। बीती रात वह अपने मुड़धुवा गांव स्थित घर लौटा था। घर लौटने पर उसका अपनी पत्नी गीता तिर्की (36) से चरित्र शंका को लेकर विवाद हुआ। आक्रोशित होकर फुलजेन ने पत्नी पर लकड़ी के डंडे से ताबड़तोड़ वार किए। मृतका के शरीर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं।

### चरित्र शंका को लेकर हत्या की आशंका

*स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतका अपने छोटे पुत्र के साथ घर पर रहती थी। जबकि पति और बड़ा बेटा गोवा में रहकर काम करते थे। पुलिस के मुताबिक आरोपी पति फुलजेन तिर्की को हिरासत में लिया गया है। पुलिस की टीम बालको थाना प्रभारी के नेतृत्व में घटनास्थल पर जांच कर रही है। घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतीश ठाकुर ने हत्या की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची थी। घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रारंभिक जांच में चरित्र शंका को लेकर हत्या करने की बात सामने आई है। फिलहाल आरोपी पति से गहन पूछताछ की जा रही है।*

**किसानों ने प्रशासन से शीघ्र निराकरण की मांग की**

# धान उपार्जन का भुगतान अटका, सैकड़ों किसान परेशान

धान उपार्जन के बाद भुगतान नहीं मिलने से जिले के सैकड़ों किसान परेशान हैं। किसानों का आरोप है कि उन्होंने समर्थन मूल्य पर अपनी उपज सरकारी केंद्रों पर बेच दी, लेकिन निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बाद भी राशि उनके खातों में जमा नहीं हुई है।

हरिभूमि जबलपुर।

किसान संगठनों के अनुसार जिले के विभिन्न उपार्जन केंद्रों से जुड़े करीब 300 से अधिक किसानों का भुगतान लंबित है। कुछ किसानों ने बताया कि उपार्जन प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद तकनीकी कारणों और जांच का हवाला देकर भुगतान रोका गया है। इससे किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि अधिकांश किसानों ने खेती के लिए कर्ज लिया था और अब उन्हें रबी सीजन की तैयारी के लिए धन की आवश्यकता है।

गौरतलब हो कि मझौली और सिहोरा क्षेत्र के किसान अपनी फसल का दाम पाने के लिए दर दर भटकने मजबूर हैं। उपार्जन प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं और दस्तावेजों की जांच के चलते भुगतान प्रक्रिया प्रभावित हुई है। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि जिन प्रकरणों में गड़बड़ी की आशंका है, उनकी जांच की जा रही है और सत्यापन के बाद ही भुगतान जारी किया जाएगा। अधिकारियों का दावा है कि पात्र किसानों का भुगतान शीघ्र सुनिश्चित किया जाएगा। इधर किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो वे आंदोलन को तेज करेंगे। किसानों का



कहना है कि समर्थन मूल्य पर उपज बेचने के बाद समय पर भुगतान न मिलना उनकी आजीविका पर सीधा असर डाल रहा है। प्रदेश में धान उपार्जन की पूरी प्रक्रिया मध्य प्रदेश सरकार के नियंत्रण में संचालित होती है और भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में किया जाता है। अब सभी की नजर प्रशासनिक कार्रवाई और लंबित भुगतान के शीघ्र निराकरण पर टिकी है।

### अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध

कहा जा रहा है कि पिछली गलतियों से सबक लेते हुए इस बार कलेक्टर की निगरानी में जिला प्रशासन ने धान उपार्जन को लेकर सख्त नियम अपनाए थे, यही नहीं रात्रिकालीन गश्त भी जिला उपार्जन समिति के अधिकारियों द्वारा की गई थी उसके बावजूद करोड़ों रूपए की हेराफेरी होने की बात की जा रही है, जिसमें जिला उपार्जन समिति के ही दो-तीन अधिकारी जिन्होंने इस खेल को रचा है। उनके इस खेल में किसान दर दर भटकने मजबूर हो गया है।

### भ्रष्टाचारी है नान का डीएम!

सूत्रों का कहना है कि नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक संजय सिंह के खिलाफ लोकायुक्त में प्रकरण चल रहा है। लोकायुक्त जबलपुर ने वर्ष 2022 में कटनी के तत्कालीन नान डीएम संजय सिंह को एक राइस मिल संचालक से 60 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। इनके साथ इनके लेखापाल भी शामिल थे। ऐसे भ्रष्ट अधिकारी को नान जबलपुर का डीएम बनाना कहीं न कहीं भ्रष्टाचार को बढावा देना माना जा रहा है। उनके रहते किसी भी उपार्जन में पारदर्शिता नहीं आ सकती है।

**निर्माता-निर्देशक नीरज पांडे व नेटफ्लिक्स सहित अन्य को नोटिस**

# घूसखोर पंडत मामले में परिवादी के बयान दर्ज



**जबलपुर।** जिला अदालत ने फिल्म घूसखोर पंडत के विवादित शीर्षक के मामले में परिवादी जबलपुर निवासी वैभव पाठक के बयान दर्ज किए। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी पंकज सविता की कोर्ट ने निर्माता-निर्देशक नीरज पांडे, ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स के विदेश में निवासरत शीर्ष अधिकारियों रीड हेस्टिंग्स, अध्यक्ष, नेटफ्लिक्स (यूएसए), टेड सरंदास, सह-मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नेटफ्लिक्स (यूएसए), बेला बजरिया मुख्य सामग्री अधिकारी, नेटफ्लिक्स (यूएसए) सहित नेटफ्लिक्स की भारतीय वितरक मोनिका शेरगिल के विरुद्ध नोटिस जारी किए हैं।

परिवादी की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि यद्यपि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद फिल्म का शीर्षक परिवर्तित किया जा रहा है, किंतु उस शीर्षक के व्यापक प्रचार-प्रसार से समाज के एक बड़े वर्ग ब्राह्मण की प्रतिष्ठा को जो क्षति पहुंची है, वह अपरिवर्तनीय है और उसके लिए अभियुक्तों को विधि सम्मत उत्तरदायी होना होगा। यह आपराधिक अवमानना का परिवाद इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि पंडित शब्द भारतीय संस्कृति में विद्या, वैदुष्य और धार्मिक पवित्रता का पर्याय है। इसी शब्द के लोकभाषा प्रचलन पंडत को जानबूझकर घूसखोर जैसे कलंकपूर्ण विशेषण से जोड़ना सम्पूर्ण ब्राह्मण समुदाय की सामाजिक अस्मिता पर आघात है। यह केवल किसी काल्पनिक पात्र का चरित्र-चित्रण नहीं, वरन एक पूरे वर्ग को बदनाम करने का सुनियोजित प्रयास है। यह केवल एक फिल्म के शीर्षक का मामला नहीं है, यह हमारी सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक गरिमा का प्रश्न है। जिस पंडित शब्द को पंडित जवाहरलाल नेहरू और पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जैसी विभूतियों ने अपने व्यक्तित्व से गौरवान्वित किया, उसे घूसखोर की संज्ञा देना भारतीय संस्कृति और उसकी परंपराओं का अपमान है।

## स्टेट बार काउंसिल ने 840 अधिवक्ताओं को नामांकित किया

**जबलपुर।** एमपी स्टेट बार काउंसिल में नामांकन समिति-ए की बैठक आयोजित की गई। नामांकन समिति-ए में वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी, राजेश कुमार शुक्ला, कोषाध्यक्ष मनीष तिवारी उपस्थित थे। सभी ने नवीन नामांकन आवेदन फार्मों पर विचारोपरांत लगभग 840 नामांकन आवेदनों पर अपने हस्ताक्षर से पंजीयन कर मुहर लगाकर नए अधिवक्ताओं को नामांकित किया। दो सनद पुर्न बहाल कर मुहर लगाई गई। साथ ही तीन आवेदकों के नामांकन फार्म में त्रुटि पाई गई। इन फार्मों को रोका गया। संबंधित आवेदक को दूरभाष पर सूचित किया गया। बैठक के दौरान कार्यकारी सचिव नीलेश जैन, प्रभारी अधीक्षक देवेन्द्र पांडे, अशरफ अली, प्रणय खरे, अंकित सेन उपस्थित रहे। सैनी ने बताया कि स्टेट बार अधिवक्ता कल्याण के लिए कटिबद्ध है।

**तिलवारा गांधी उद्यान अब नजर आयेगा नए स्वरूप में**

# पर्यटकों के लिए संवर रहा है तिलवारा स्थित गांधी उद्यान : निगमायुक्त

हरिभूमि जबलपुर।

संस्कारधानी के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक गौरव, तिलवारा घाट स्थित गांधी उद्यान का कायाकल्प किया जा रहा है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने इस संबंध में बताया कि यह उद्यान अब केवल एक बगीचा न रहकर, पर्यटन और शांति का एक आधुनिक केंद्र बनेगा। इसके संवरने से स्थानीय नागरिकों को लाभ मिलेगा, बल्कि बाहरी पर्यटकों के लिए भी यह आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा। आधुनिक सुविधाओं और बेहतर लैंडस्केपिंग के साथ यह उद्यान अब पर्यटकों के लिए पहले से कहीं अधिक आकर्षक बनेगा। पिकनिक और पारिवारिक भ्रमण के लिए यह एक आदर्श स्थान होगा। निगमायुक्त के निर्देशों के अनुसार, उद्यान की सफाई, पौधों की छंटाई और नई



घास लगाने से यहां का वातावरण और भी शुद्ध और शांतिदायक हो जाएगा। उन्होंने बताया कि बेंचों की मरम्मत, लाइटिंग की व्यवस्था और वॉकिंग ट्रैक के सुदृढ़ीकरण से स्थानीय नागरिकों को सुबह-शाम की सैर के लिए एक बेहतरीन जगह मिलेगी। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि तिलवारा गांधी उद्यान में मध्य प्रदेश का सबसे ऊँचा राष्ट्रध्वज 75 मीटर यानी 246 फीट शान से लहरा रहा है। उद्यान के संवरने से इस गौरवमयी स्थल की गरिमा और अधिक बढ़ जाएगी, जिससे यहाँ आने वाले हर नागरिक में देशभक्ति का संचार होगा। तिलवारा गांधी उद्यान महात्मा गांधी की स्मृतियों और नर्मदा की पवित्रता का संगम है। हमारा प्रयास है कि इसे पिकनिक और पारिवारिक भ्रमण के लिए शहर का सबसे आदर्श स्थान बनाया जाए।

### सुप्रीम कोर्ट ने छग के ओबीसी आरक्षण प्रकरण भी मप्र हाईकोर्ट भेजे

**जबलपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश के जरिए छत्तीसगढ़ के ओबीसी आरक्षण से जुड़े प्रकरण भी मप्र हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए भेज दिए हैं। इससे पूर्व सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन मप्र के मामले वापस भेजे गए थे। उसी मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक रिव्यू याचिका दायर की गई थी। वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर का कहना था कि कुछ संशोधन की मांग को लेकर यह पुनरीक्षण याचिका दायर की गई है। दरअसल, मध्य प्रदेश शासन द्वारा ओबीसी आरक्षण के समस्त प्रकरणों को जबलपुर हाई कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट ट्रांसफर कराया गया था। सुप्रीम कोर्ट में उन सभी मामलों की सुनवाई छत्तीसगढ़ राज्य के आरक्षण के प्रकरणों के साथ हो रही थी। वरिष्ठ अधिवक्क्ता सिंह ने बताया कि विगत 19 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने विस्तृत आदेश पारित कर मप्र के मामलों के साथ छत्तीसगढ़ राज्य के मामलों को भी मप्र हाई कोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया है। इसके अलावा विशेष अनुमति याचिकाएं भी वापस कर दी गई हैं। उनका कहना है कि सुप्रीम कोर्ट में दायर एसएलपी में संबंधित हाई कोर्ट का आदेश निरस्त किए बिना वापस नहीं भेजा जा सकता। इसलिए संशोधन के लिए यह रिव्यू याचिका दायर की गई।

**कुलगुरु के वाहन को एनएसयूआई ने रोका**

# छात्रों का प्रदर्शन, इस्तीफे की मांग

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर राजेश वर्मा की नियुक्ति और विश्वविद्यालय में परीक्षा न होने के कारण भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के कार्यकर्ताओं ने एक बार फिर कुलगुरु का घेराव किया। कुलगुरु राजेश वर्मा जब ऑफिस से बाहर निकाल कर अपनी गाड़ी में बैठ रहे थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें रोक लिया, इसके बाद भी जब वह गाड़ी में बैठकर जाने लगे तो कार्यकर्ता उनके कार के सामने आकर खड़े हो गए। कुलगुरु पैदल ही विश्वविद्यालय से बाहर जाने लगे तब भी कार्यकर्ताओं ने उनका पीछा नहीं छोड़ा। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष सचिन रजक का कहना है कुलगुरु राजेश वर्मा की नियुक्ति पूरी तरह से अवैध है। जिसके चलते उन्हें इस्तीफा हर हाल में देना ही होगा। कार्यकर्ताओं का अरोप है कि लगातार विश्वविद्यालय का स्तर पढ़ाई को लेकर गिरते जा रहा है। प्रोफेसर राजेश वर्मा कुलगुरु न होकर यहां पर सीए की भूमिका निभा रहे हैं। छात्र परेशान हो रहे हैं न परीक्षा हो रही है, न ही उन्हें डिग्रियां मिल रही हैं, इतना ही नहीं रिजल्ट भी घोषित नहीं हो रहे हैं। एनएसयूआई ने कुलगुरु को रोकते हुए जब उनसे इस्तीफा की मांग की तो वह बिना गाड़ी के ही जाने लगे तब कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेरा इसके बाद कुलगुरु अपने ऑफिस में चले गए, जहां पर भी पीछा करते हुए पहुंच गए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आफिस का घेराव कर जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया।



प्रदर्शन के दौरान सचिन रजक के अलावा अनुज यादव, दीपक यादव, शशांक मिश्रा, पवन मिश्रा, सत्यम तिवारी, आयूष पाल, दिव्यांश दुबे आदि छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मृत गाय को नाले में फेंकने से भड़के गौ रक्षक, बजरंगियों ने किया निगम मुख्यालय में प्रदर्शन

**जबलपुर।** सोमवार को जबलपुर शहर के ग्रीन सिटी के समीप नगर निगम के कुछ कर्मचारियों द्वारा एक नाले में मृत गाय को फेंकता देख क्षेत्रीय लोगों के साथ बजरंग दल ने इसका विरोध किया। इसके बाद बजरंग दल कार्यकता नगर निगम मुख्यालय में एकत्र हुए जहां उन्होंने प्रदर्शन व नारेबाजी कर विरोध दर्ज कराया। इस संबंध में बजरंग दल के गौरव राजपूत ने बताया कि नियमानुसार मृत जानवरों एवं गौ-वंश को दफनाने या जलाने के सख्त निर्देश हैं परंतु इसके बावजूद निगम के मातहत अधिकारी खुलेआम नियमों को ताक पर रखकर मृत गौ-वंश को नाले में फेंक रहे हैं। बजरंग दल पदाधिकारियों के मुताबिक एक मृत मवेशी के लिए निगम 3 हजार ही राशि वसूलता है परंतु इसके बावजूद मूक पशुओं की अंत्येष्टि करने की बजाए गौ-वंश को नाले में फेंकने से बाज नहीं आ रहा है। उन्होने आरोप लगाया कि नगर निगम के सहायक फायर अधीक्षक से जब इसकी शिकायत की गई तो उन्होने कोई कार्रवाई करने की बजाए उल्टा फोन पर धमकाना और गलत बातें करना शुरू कर दिया। बजरंग दल का कहना है कि जब एक मृत मवेशी पर 3 हजार लिया जा रहा है तो आखिर पैसा किसकी जेब में जा रहा है। गौवंश की विधिवत अंत्येष्टि की बजाए खुलेआम नाले में फेंककर रूपयों को अंदर किया जा रहा है। बजरंग दल ने चेतावनी दी कि यदि आगे से ऐसा फिर किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## पुरानी रंजिश पर चाकू से जानलेवा हमला

**जबलपुर।** कोतवाली थाना अतंर्गत कमानिया गेट के पास पुरानी रंजिश पर एक बदमाश ने एक युवक पर प्राणघातक हमला कर दिया। घायल को उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे मेडिकल रिफर कर दिया गया। कोतवाली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कन्याशाला के पीछे चेरीताल निवासी 19 वर्षीय सौरभ अहिरवार गत शाम लगभग 5 बजे भारत कैप हाउस के बाहर बैठकर ग्राहकों को बुला रहा था तभी शाम लगभग 5.15 बजे यश बैन आया और पुरानी रंजिश पर गाली गलौज करते हुये जान से मारने की नियत से चाकू से उसकी पीठ पर हमला कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 109(1), 296(बी) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## 3 संभागों में 11 के विरुद्ध हुई कुर्की, ताला बंदी, नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई

**जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा संभागवार एवं वार्डवार बकाया करों की वसूली के लिए प्रयास तेज कर दिये हैं। राजस्व विभाग की टीम द्वारा जिन करदाताओं को बार-बार सूचना देने के बाद भी बकाया करों की राशि जमा नहीं की जा रही है, उन सभी करदाताओं के विरूद्ध कुर्की, तालाबंदी एवं नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है। कुर्क सम्पत्तियों को अवधि के उपरांत वैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए नीलाम करने की कार्रवाई भी की जायेगी। संभागों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम की राजस्व टीम ने संभाग स्तरीय सदस्यों के सहयोग से संभाग क्रमांक 2 कछपुरा के मदन महल वार्ड अंतर्गत सैयद माजिद अली पर 1 लाख 99 हजार 8 सौ 6 रूपये बकाया होने पर दुकान में तालाबंदी की कार्रवाई की गयी, राजू रजक/प्रेमलाल रजक पर 84 हजार 51, तेजिंदर पाल सिंह पर 60 हजार 1 सौ 96, एवं श्रीराम प्रकाश शर्मा पर 33 हजार 23 रूपये बकाया होने पर कुर्की एवं नल काटने की कार्रवाई की गयी। इसी प्रकार संभाग क्रमांक 8 भानतलैया के शीतलामाई वार्ड अंतर्गत राम दुलारे पर 55 हजार 89 रूपये, बाबूलाला कोरी पर 46 हजार 2 सौ 69 रूपये, आशीष, अशोक कुमार पर 71 हजार 8 सौ 15, मोतीलाल पर 79 हजार 9 सौ 3 रूपये, एवं राजेश कुमार पर 79 हजार 4 सौ 82 रूपये बकाया होने पर कुर्की की कार्रवाई की गयी, वहीं भगवती संदीप, सुदीप पिता रामेश्वर प्रसाद पर 1 लाख 17 हजार 1 सौ 49 रूपये बकाया होने पर मौके पर 25 हजार रूपये का चेक प्राप्त किया। इसी क्रम में संभाग क्रमांक 14 विजय नगर में मोतीलाल वार्ड 38 के अंतर्गत रोशन आरा का. इशरत अली पिता मकसूद अली पता - 1203 चार खम्बा के पास बकाया 2 लाख 4 हजार 3 सौ 14 रूपये होने पर कुर्की की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के समय राजस्व अधिकारी आनंद मिश्रा, संभागीय अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह, महेन्द्र पाल सिंह उइके, सुदीप पटेल राजस्व निरीक्षक ऋषि कुशरे, देवनाथ राठौर, मन्नू पटेल, कर संग्रहिता श्रीमती निर्मला मलिक, अजय शर्मा, संदीप साहू, रामेश्वर दुबे, गुलाम अंबिया, ठाकुर प्रसाद, उमेश राजपूत, विजय, कमलेश सिंह एवं नोटिस सर्व के साथ-साथ फायर ब्रिगेड के कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

**असल उपद्रवियों तक पहुंचे बिना स्थायी शांति संभव नहीं**

# सिहोरा में हिंसा के बाद शांति: सवालों के जवाब अभी बाकी

**जबलपुर।** सिहोरा हिंसा की उस रात को बीते अब कई दिन हो चुके हैं। बाजार फिर से खुल गए हैं, सड़कों पर चहल-पहल लौट आई है और प्रशासन दावा कर रहा है कि हालात पूरी तरह सामान्य हैं। लेकिन सिहोरा की गलियों में एक खामोश बहस अब भी चल रही है आखिर उस रात क्या हुआ था, किसने किया और जवाबदेही किसकी तय होगी?

घटना के बाद पुलिस की सक्रियता और लगातार गश्त ने तत्काल स्थिति पर नियंत्रण तो पा लिया, लेकिन इसके साथ ही कई सवाल भी पीछे छोड़ दिए। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिन लोगों ने पत्थरबाजी की शुरुआत की, वे अब कहां हैं? जिन चेहरों ने पत्थरबाजी की आड़ में सिहोरा की गलियों में आतंक मचाया वे कैसे भीड़ में गुम हो गए? क्या वे पहचान से बाहर हैं या जांच की दिशा अभी अधूरी है?

### पुलिस कार्रवाई पर उठते प्रश्न

घटना के बाद बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां की गईं। पुलिस का कहना है कि कार्रवाई दोनों पक्षों की शिकायतों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर की जा रही है। फिर भी, कुछ स्थानीय लोगों का आरोप है कि जल्दबाजी में की गई कार्रवाई में संतुलन की कमी रही। आरोप है की मस्जिद में जो नमाजी फंसे थे उपद्रव के दौरान बाहर नहीं आ पाए उन्हें पुलिस के थोक में मस्जिद से ही उठा लिया, जिसमे बुजर्गों से लेकर बोर्ड परीक्षाओं वाले बच्चे तक थे। वहीं जो मस्जिद लड़के मस्जिद के बाहर पथराव शे का हिस्सा थे, वो भाग निकले। वहीं जिन लोगों पथराव की आड़ में सिहोरा में आतंक मचाया, वो लापता हैं। पुलिस ने दूसरे पक्ष से भी अधूरी शिकायतें के आधार पर कार्यवाही कर दी।

### डिजिटल मीडिया की भूमिका पर बहस

स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के बीच इस बात को लेकर भी चर्चा है कि प्रिन्ट और इलैक्ट्रिनिक मीडिया की भूमिका संतुलित थी। लेकिन डिजिटल मीडिया घटना को संतुलित दृष्टि से दिखाने के बजाय इसे नकारात्मक माहौल बनाने के अवसर की तरह इस्तेमाल किया गया। इससे सामाजिक ताने-बाने पर असर पड़ा और अफवाहों को भी हवा मिली। क्या उनकी जवाबदेही तय होगी।

### जवाबदेही तय करना क्यों जरूरी?

सवाल यह भी है कि सिहोरा की घटना की प्रशासनिक और सामाजिक जवाबदेही किस पर तय होगी? क्या यह केवल दो समुदायों के बीच टकराव था, या इसके पीछे संगठित उकसावे और असामाजिक तत्वों की भूमिका भी थी? यदि पत्थरबाजी की आड़ में कुछ लोगों ने सुनियोजित तरीके से आतंक का माहौल बनाया, तो उनकी पहचान और गिरफ्तारी अनिवार्य है। अन्यथा हर घटना के बाद निर्दोषों की गिरफ्तारी और असली दोषियों का बच निकलना एक खतरनाक परंपरा बन सकती है।

### स्थाई चौकी और सीसीटीवी कैमरे की मांग

क्षेत्रीय जन सिहोरा के आजाद चौक मे स्थाई पुलिस चौक और पुलिस कंट्रोल रूम से मानीटर होने वाले सीसीटीवी कैमरे की मांग कर रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए केवल पुलिस बल की तैनाती पर्याप्त नहीं है। सामुदायिक संवाद, धार्मिक आयोजनों के समय स्पष्ट प्रोटोकॉल, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग और अफवाह नियंत्रण की ठोस व्यवस्था जरूरी है। यदि इन सवालों पर गंभीर मंथन नहीं हुआ तो सिहोरा भले ही आज शांत दिखे, लेकिन भीतर की चिंगारियां कभी भी भड़क सकती हैं।

### शांति की राह संवाद से

आज हालात सामान्य हैं, लेकिन यह सामान्यता तभी स्थायी होगी जब घटना की निष्पक्ष जांच, जवाबदेही तय करने की पारदर्शी प्रक्रिया और भविष्य के लिए ठोस निवारक कदम उठाए जाएंगे। सिहोरा की पहचान हमेशा आपसी सद्भाव और मेलजोल की रही है। ऐसे में यह जरूरी है कि राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक नेतृत्व आगे आकर साझा मंच पर संवाद स्थापित करे।

### समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिये निर्देश

# नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करें

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने केंद्र और राज्य शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाये जा रहे संकल्प से समाधान अभियान के तहत क्लस्टर स्तर आयोजित किये जा रहे वाले शिविरों में नागरिकों से प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण करने और पात्र आवेदकों को मौके पर ही हितलाभों का वितरण करने के निर्देश सभी विभागों के जिला अधिकारियों को दिये हैं। श्री सिंह सोमवार की शाम समय सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार, जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गौंड एवं स्मार्ट सिटी के सीईओ अनुराग सिंह सहित सभी एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने बैठक में



संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में क्लस्टर स्तर पर आयोजित किये जा शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा इन शिविरों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने के निर्देश भी अधिकारियों दिये। श्री सिंह ने जनवरी माह की सीएम हेल्प लाइन से प्राप्त शिकायतों के निराकरण में जिले को प्रथम समूह के जिलों में ए रेटिंग के साथ तीसरा स्थान प्राप्त होने पर सभी विभागों के जिला अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने जिले के परफार्मेंस को और बेहतर करने के लिये 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों के निराकरण को प्राथमिकता देने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निराकरण गुणवत्तापूर्ण और आवेदक की संतुष्टि के साथ ही किया जाये।कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में मौजूद अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को आने वाले त्यौहारों को देखते हुये अपने-अपने क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने की हिदायत दी। उन्होंने स्थानीय स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश देते हुये कहा कि कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये आवश्यक हो तो प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें और आपराधिक तत्वों को बाउंडओवर करें। कलेक्टर ने अप्रिय स्थिति की आशंका होने पर तुरंत एक्शन लेने तथा शांति भंग करने का प्रयास करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिये।बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना पर चर्चा करते हुये कलेक्टर श्री सिंह ने सभी नगरीय निकायों को लक्ष्य के अनुरूप बैंकों को प्रकरण प्रेषित करने तथा हितग्राहियों को ऋण वितरण में गति लाने कहा। उन्होंने धारणाधिकार योजना के तहत नगरीय क्षेत्रों में पट्टा वितरण की दिशा में अभी तक हुई प्रगति की समीक्षा करते हुये एसडीएम एवं तहसीलदारों को भी हितग्राहियों का सत्यापन करने कहा।

# चना एवं मसूर की फसल के उपार्जन के लिये पंजीयन प्रारंभ

**किसान 16 मार्च तक करा सकेंगे पंजीयन**

**जबलपुर।** राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशानुसार रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में चना एवं मसूर के पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर के विक्रय के लिये किसान 16 मार्च तक अपना पंजीयन करा सकेंगे।किसान जिले में स्थापित गेहूं पंजीयन के लिए निर्धारित किये गये केन्द्रों के साथ-साथ एमपी किसान एप, एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र, साइबर कैफे एवं स्वयं के मोबाइल के माध्यम से चना एवं मसूर के लिये पंजीयन करा सकते हैं। सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी श्रेणी के किसानों का पंजीयन केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केंद्रों पर ही किया जायेगा।उप संचालक कृषि डॉ. एस के निगम ने बताया कि पंजीयन के समय किसानों को बैंक खाता नम्बर, आईएफएससी कोड, भूमि के अभिलेख खसरा बी-1 एवं निर्धारित प्रारूप में वैध सिकमीनामा की जानकारी अनिवार्य रूप से उपलब्ध करानी होगी। उप संचालक कृषि ने पंजीयन हेतु किसानों से आधार नंबर से बैंक खाता एवं मोबाइल नंबर को लिंक कराकर उसे अपडेट रखने की अपील की है। गेहूं उपार्जन की भांति चना एवं मसूर के उपार्जन के लिये भी स्लॉट बुकिंग की व्यवस्था रहेगी।उप संचालक कृषि ने बताया कि इस वर्ष खरीदी केन्द्रों पर उपज खरीदने से पहले कृषकों की वास्तविक पहचान के लिए आधार सक्षम पीओएस मशीन या मोबाइल एप के माध्यम से चेहरे का प्रमाणीकरण कर वास्तविक किसान का सत्यापन किया जायेगा, क्योंकि विगत वर्षों की भांति ओटीपी मान्य नहीं होगा। यदि कृषक स्वयं उपस्थित न हो पायें तो पंजीयन के समय 03 अधिकृत व्यक्तियों का नाम और आधार नंबर दे सकेगा, जिनके द्वारा पंजीकृत किसान की फसल विक्रय की जा सकेगी। अधिकृत व्यक्तियों का भी चेहरे का प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा।

### अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय सभा की दो दिवसीय बैठक सम्पन्न

# संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और समाज उत्थान पर लिए गए अहम निर्णय

**जबलपुर।** कुर्मी सेवा संस्थान, जबलपुर में आयोजित अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय सभा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यकारिणी बैठक रविवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। दूसरे दिन संगठन सुदृढ़ीकरण, सक्रिय सदस्यता अभियान, वार्षिक शुल्क निर्धारण, प्रादेशिक एवं जिला स्तरीय बैंक खाते संचालन, स्वैच्छिक अनुदान व्यवस्था तथा प्राप्त राशि के पारदर्शी उपयोग पर विस्तृत चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश कटियार, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष डॉ. रश्मि सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बृजबिहारी पटेल एवं प्रदेश अध्यक्ष गिरधारी कुमायूँ ने संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने और समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश प्रसाद पटेल (पूर्व अध्यक्ष, कुर्मी सेवा संस्थान) ने की। बैठक के



दौरान नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई एवं पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। बैठक में नवगठित जिलों की कार्यकारिणी गठन, प्रत्येक जिले में बैंक खाता खोलने, केंद्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज तक पहुंचाने तथा छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक योजनाओं का लाभ दिलाने पर विशेष जोर दिया गया। खुली चर्चा सत्र में समाज उत्थान के लिए कई रचनात्मक सुझाव सामने आए।

# महाराजपुर हाउसिंग बोर्ड में रहवासी क्षेत्र के बीच संचालित डेयरी, रहवासियों में आक्रोश

**हरिभूमि जबलपुर।** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत महाराजपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहवासी इलाके के बीच संचालित हो रही डेयरी को लेकर स्थानीय निवासियों में भारी नाराजगी व्याप्त है। रहवासियों का आरोप है कि डेयरी संचालन से क्षेत्र में गंदगी, दुर्गंध और मच्छरों की समस्या लगातार बढ़ रही है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे उत्पन्न हो गए हैं।स्थानीय लोगों के अनुसार डेयरी से निकलने वाला गोबर और अपशिष्ट खुले में डाला जा रहा है। नालियों में गंदा पानी बहने से स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही है। सुबह-शाम पशुओं की



आवाजाही और वाहनों की भीड़ से यातायात बाधित होता है, वहीं बच्चों और बुजुर्गों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

रहवासियों का कहना है कि इस संबंध में कई बार जबलपुर नगर निगम को लिखित एवं मौखिक शिकायतें की गई हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का आरोप है कि नियमों के विपरीत घनी आबादी के बीच डेयरी संचालन की अनुमति कैसे दी गई, यह भी जांच का विषय है। कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि रहवासी क्षेत्र से डेयरी को तत्काल हटाया जाए या नियमानुसार शहर से बाहर निर्धारित स्थल पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके। अब देखना होगा कि निगम प्रशासन इस मामले में कब तक ठोस कदम उठाता है और रहवासियों की समस्या का समाधान करता है।

# महिला पहलवानों ने दिखाया दमखम, दूसरे दिन हुए रोमांचक मुकाबले

**अंडर-15 राज्य स्तरीय कुश्ती में 150 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा**

**जबलपुर।** जिला एमेच्योर कुश्ती संघ, जबलपुर के तत्वावधान में आयोजित अंडर-15 राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। पीएनटी ग्राउंड, रानीताल में चल रही इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेशभर से आए लगभग 150 बालक एवं बालिका पहलवान अपने हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं। महिला पहलवानों ने भी शानदार दांव-पेंच



दिखाकर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी।आयोजन समिति अध्यक्ष शिवम तिवारी के अनुसार, प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा के लिए किया जाएगा, जहां वे तमिलनाडु में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों एवं कोचों के ठहरने की व्यवस्था रानीताल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तथा भोजन की व्यवस्था रानीताल स्पोर्ट्स क्लब द्वारा की गई है।

कार्यक्रम में अध्यक्ष उमाशंकर पटेल (पूर्व प्राचार्य एवं कुश्ती विश्वामित्र अवार्डी, म.प्र.), सचिव राजेश राजपूत (पूर्व राष्ट्रीय पहलवान), प्रो रेसलिंग सीईओ राहुल तुषार सिंह, प्रवीण शर्मा, शेरू रैकवार, गोपाल तिवारी, जनार्दन सिंह, पवन चक्रवर्ती, जितेंद्र सिंह राजपूत, शानू तिवारी, निर्मल सिंह, इलू महाराज, अक्कू यादव, रुद्र यादव, नागेन्द्र सिंह राजपूत, दिलीप चक्रवर्ती, प्रवीण शर्मा, रोहन चतुर्वेदी, दीपक सिंह, अमर विश्वकर्मा, मानस गुप्ता, रत्नेश अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही।



# पूर्व विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का स्वास्थ्य शिविर, दूसरे दिन 1635 हितग्राहियों ने कराया परीक्षण

**जबलपुर।** पूर्व विधानसभा क्षेत्र में जनकल्याण की भावना से आयोजित "कांग्रेस मानव सेवा का संकल्प" अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के दूसरे दिन सोमवार को सिंधी धर्मशाला, गोपाल होटल में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर संचालित हुआ। शिविर में जनसमूह की भारी भीड़ उमड़ी और कुल 1635 हितग्राहियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया।आयोजकों के अनुसार 1047 हितग्राहियों का चश्मे के लिए पंजीयन किया गया, जबकि 126 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चिन्हित किया गया। लगभग 440 हितग्राहियों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में गरीब, असहाय एवं वंचित वर्ग के लोगों ने लाभ उठाया। कई नागरिकों ने महंगाई के दौर में निजी उपचार की बढ़ती लागत पर चिंता जताई और इस पहल को राहतकारी बताया। क्षेत्रवासियों ने पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया के प्रति आभार व्यक्त किया। शिविर में पार्षद जितेंद्र सिंह ठाकुर, राकेश पांडे, असित यादव 'रिंकू', मुन्ना शुक्ला, मुन्ना बेन, उमेश लोधी, रवि सैलानी, संजू भोजक, विनोद दाहिया, दीपू ठाकुर, गोप जबरानी, संध्या प्रजापति, बबलू वंशकार, राजेश ठाकुर, अनूप श्रीवास्तव, अरविंद पटेल, कुंदन प्रजापति, दुर्गा रजक, मोना शर्मा, आशा खरे, ज्योति मेहतो, विजिता गावंडे, प्रेमा बाई, रीता झा सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## निषाद समाज का परिचय व परिणय सम्मेलन आयोजित

**जबलपुर।** जानकी रमन कॉलेज में 22 फरवरी 2026 को निषाद बंशी समाज का परिचय परिणय सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें 12 विवाह और लगभग डेढ़ सौ बच्चों का शादी हेतु परिचय दिया गया। इस अवसर पर हमारे सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे जिसमें प्रमुख रूप से अनिल केवट, विष्णु बर्मन, गिरजा शंकर केवट, राकेश केवट, सुरेश केवट एवं महिला टीम में नम्रता रैकवार, सुमन कश्यप, सविता केवट, रश्मि केवट सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समाज के सभी वरिष्ठजनों ने आशीर्वाद देकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

# अनुराग डेंगरे गुप्ता बने प्रदेश संयोजक आयोग ने जताया भरोसा

**पनागर।** राष्ट्रीय लोक शिकायत एवं जांच आयोग द्वारा जबलपुर निवासी अनुराग डेंगरे गुप्ता को प्रदेश संयोजक के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के विस्तार एवं जनहित से जुड़े मामलों में सक्रिय भूमिका को देखते हुए की गई है।आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कोर कमेटी ने श्री गुप्ता की कार्यक्षमता, संगठनात्मक अनुभव और सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए उन्हें यह



महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। नियुक्ति के उपरांत आयोग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे प्रदेश में लोक शिकायतों के निवारण एवं जांच कार्यों को और अधिक सशक्त बनाएंगे। श्री गुप्ता की नियुक्ति से जबलपुर सहित पूरे प्रदेश में संगठन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। सामाजिक एवं प्रशासनिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने भी उन्हें बधाई दी है।

# महाप्रबंधक शोभना बंधोपाध्याय को भावभीनी विदाई

### उमंग सामुदायिक भवन में भव्य समारोह, सैकड़ों रेलकर्मियों की उपस्थिति

**हरिभूमि, जबलपुर।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ परिवार द्वारा पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंधोपाध्याय को उनकी सफल रेल सेवा पूर्ण होने पर भावभीनी विदाई दी गई। डीआरएम कार्यालय परिसर स्थित उमंग रेल सामुदायिक भवन में आयोजित समारोह में रेल अधिकारियों, मंडल पदाधिकारियों, महिला कर्मियों तथा यूथ एवं महिला विंग के प्रतिनिधियों सहित सैकड़ों रेलकर्मी उपस्थित रहे। संघ प्रवक्ता सतीश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन संघ अध्यक्ष सी.एम. उपाध्याय एवं महामंत्री अशोक शर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। महामंत्री अशोक शर्मा ने कहा कि श्रीमती बंधोपाध्याय के नेतृत्व में पश्चिम



मध्य रेलवे ने रेलवे बोर्ड स्तर पर कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। उनके कार्यकाल में जोन को ओवरऑल दक्षता शील्ड, स्क्रैप मैनेजमेंट शील्ड, एनर्जी सेविंग पुरस्कार, कार्मिक एवं वित्त शील्ड सहित अनेक सम्मान प्राप्त हुए। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि हजारों रेलकर्मियों के लंबित पदोन्नति प्रकरण 31 दिसंबर 2025 से पूर्व पूर्ण कराए गए, जिससे कर्मचारियों को आगामी वेतन आयोग का अधिकतम लाभ मिल सके। साथ ही कई आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति दी गई तथा निर्दोष कर्मचारियों की चार्जशीट निरस्त करने जैसे निर्णय लिए गए। नियमित पीएनएम बैठकों से कर्मचारी समस्याओं के समाधान में तेजी आई। अपने संबोधन में श्रीमती बंधोपाध्याय ने भावुक होकर कहा कि उन्होंने रेल कर्मचारियों और मजदूर संगठन को सदैव अपना परिवार माना और पूर्ण समर्पण के साथ दायित्व निभाए। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और संघ के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अपर महाप्रबंधक जी.पी. खत्री, मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा सहित जोन एवं मंडल के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। संचालन डी.के. शर्मा ने किया तथा आभार कार्यकारी अध्यक्ष बी.एल. मिश्रा ने व्यक्त किया।




**श्रीमती अंजना शर्मा-** शास्त्री ब्रिज के पास नेपियर टाउन निवासी श्री रमेश चंद्र शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती अंजना शर्मा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट शमशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राम बाई बर्मन-** बस्ती नंबर 1 अमखेरा गोहलपुर निवासी श्री सीताराम बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती राम बाई बर्मन (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राधेश्याम सोनी-** फूटालाल लाल स्कूल के पास निवासी श्री राधेश्याम सोनी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**कृतार्थ तिवारी-** वंदना नगर अमखेरा गोहलपुर निवासी श्री राम कुमार तिवारी के पुत्र कृतार्थ तिवारी (13) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनोरंजन सिंह-** नयागांव सोसायटी रामपुर निवासी श्री मनोरंजन सिंह का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्ष धाम में किया गया।

**श्री बबलू कोरी-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री बबलू कोरी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विशाल चौधरी-** कछपुरा मालगोदाम के पास निवासी श्री राजा चौधरी के पुत्र श्री विशाल चौधरी (19) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट शमशान भूमि में संपन्न हुआ।

**श्री इशांत तिवारी-** सैनिक सोसायटी शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री जितेंद्र तिवारी के पुत्र श्री इशांत तिवारी (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती कनगा अम्मा-** बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री रामस्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती कनागा अम्मा (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्री शंकर लाल झरिया-** लाल कुआं पोलीपाथर निवासी श्री शंकर लाल झरिया (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 8x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362140

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर की जगह नहीं लेगा एआई, बढ़ाएगा कौशल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ब्रैड स्मिथ ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) सॉफ्टवेयर इंजीनियर या सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) पेशेवरों की जगह नहीं लेगी, बल्कि उनके कौशल और रचनात्मकता को बढ़ाएगी। उन्होंने यह बात प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नौकरी छूटने की बढ़ती आशंकाओं पर कही।

- माइक्रोसाफ्ट का उद्देश्य लोगों को और कुशल बनाना

स्मिथ ने बातचीत में बताया कि माइक्रोसॉफ्ट का लक्ष्य ऐसी प्रौद्योगिकी विकसित करना है जो लोगों को और अधिक कुशल बनाए। उन्होंने कहा कि एआई दोहराए जाने वाले कोडिंग काम संभाल सकता है, जिससे डेवलपर उत्पाद डिजाइन, सिस्टम आर्किटेक्चर, टेस्टिंग और सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकें। इससे सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग का पेशा और रोचक और चुनौतीपूर्ण बनेगा।

## माइक्रोसाफ्ट के अध्यक्ष ने नौकरी छूटने की बढ़ती आशंका पर कहा

### एआई नौकरियों में कमी नहीं लाएगा

ब्रैड स्मिथ ने कहा कि एआई नौकरियों में कमी नहीं लाएगा, बल्कि पेशेवरों के काम को रचनात्मक एवं बेहतर बनाएगा। इससे कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ेगी और उनके वेतन में सुधार होगा। उन्होंने उन प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के दिग्गजों के प्रति नाराजगी जताई, जो केवल इंसानों से स्मार्ट मशीनें बनाने पर ध्यान देते हैं।

### हमारा लक्ष्य लोगों को स्मार्ट बनाना

स्मिथ ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट का मुख्य उद्देश्य ऐसी मशीनें बनाना है जो लोगों की क्षमता को बढ़ाने में मदद करें। स्मिथ ने कहा, ''हमें हमेशा खुद से पूछना चाहिए कि हमारा लक्ष्य क्या है। मशीनें स्मार्ट होती जाएं, यह ठीक है, लेकिन हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य लोगों को स्मार्ट बनाना है।'



### एआई 22 भाषाओं का अनुवाद कर सकता है

अध्यक्ष ने बताया कि एआई का सबसे बड़ा फायदा तब है जब यह मानव संवाद, पढ़ाई और सुनने-समझने की क्षमता को बेहतर बनाए। भारत में सरकारी अधिकारियों के साथ हुई चर्चाओं का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि एआई 22 भारतीय भाषाओं का अनुवाद करके लोगों के बीच संवाद और समझ बढ़ाने में मदद कर सकता है।

### एआई का उपयोग पेशेवरों को बेहतर बनाने पर

*स्मिथ ने जोर देकर कहा, ''हम एआई का उपयोग सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की जगह लेने के लिए नहीं कर रहे, बल्कि सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की कला को उन्नत बनाने और पेशेवरों को बेहतर बनाने के लिए कर रहे हैं।'' स्मिथ ने कहा कि भविष्य की नौकरियों के लिए कौशल में सुधार और तालमेल बनाना जरूरी है। इससे पेशेवरों की मांग बढ़ेगी और वे बेहतर वेतन पाने के योग्य होंगे।*

## खबर संक्षेप

### आरबीआई ने ओडिशा में बनाया उच्च सुरक्षा वाला डेटा सेंटर



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देश की महत्वपूर्ण वित्तीय बुनियादी ढांचे की सुरक्षा और मुख्य प्रणालियों की निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से ओडिशा में एक उच्च सुरक्षा वाला डेटा सेंटर बनाया है। यह केंद्र संभावित सीमापार खतरों और भूकंप जोखिम वाले क्षेत्रों से दूर रणनीतिक रूप से स्थित है।

### महागुन के खिलाफ दिवाला कार्यवाही होगी वापस

MAHAGUN
A NAME THAT PERFORMS

**नई दिल्ली।** अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी महागुन के खिलाफ दिवाला कार्यवाही को वापस लेने का निर्देश दिया है। यह निर्देश कंपनी और उसके वित्तीय ऋणदाता के बीच समझौता होने के बाद आया है। महागुन और आईडीबीआई ट्रस्टीशिप के बीच 12 फरवरी, 2026 को हुए समझौते को रिकॉर्ड पर लिया।

### रुपया सात पैसे बढ़कर 90.87 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे बढ़कर 90.87 (अस्थायी) पर बंद हुआ। नई अनिश्चितताओं के बीच कमजोर डॉलर की वजह से रुपये में तेजी आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी कोषों की निकासी और भू-राजनीतिक चिंताओं ने रुपये की तेजी को सीमित कर दिया।

### यस बैंक को संपत्ति पर प्रतिफल एक फीसदी होने की उम्मीद



**नई दिल्ली।** सुधार के रास्ते पर अग्रसर निजी क्षेत्र के ऋणदाता यस बैंक को 2025-26 के अंत तक अपनी संपत्ति पर प्रतिफल एक प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। बैंक के सीएफओ निरंजन बनोडकर ने यह जानकारी दी। आरओए लाभप्रदता का एक पैमाना है, जो यह मापता है कि कोई बैंक मुनाफा कमाने के लिए अपनी संपत्ति का कितनी कुशलता से उपयोग कर रहा है।

### तेल-गैस क्षेत्र में बोली लगाने की अंतिम तिथि बढ़ाई गई



**नई दिल्ली।** सरकार ने विशेष कोल-बेड मीथेन और खोजे गए छोटे क्षेत्रों के लिए बोली लगाने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। सरकार के इस फैसले से निवेशकों को तेल और गैस नियमों में हाल के बदलावों पर विचार करने के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है। संभावित गैस के लिए प्रस्तावित 13 ब्लॉक या क्षेत्रों की बोलियां अब तीन मार्च को बंद होंगीं।

## आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल को किया संबोधित

# बैंक गलत तरीके से बीमा उत्पाद बेचना बंद करें अपने मुख्य कारोबार पर ध्यान दें: सीतारमण

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों द्वारा बीमा सहित वित्तीय उत्पादों की गलत तरीके से बिक्री पर कड़ा रुख अपनाते हुए सोमवार को कहा कि उन्हें (बैंकों को) अपने मुख्य कारोबार पर ध्यान देना चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय निदेशक मंडल को बजट के बाद संबोधित करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत में सीतारमण ने कहा, बैंकों को अपने मुख्य कारोबार पर ध्यान देना चाहिए।

वित्त मंत्री ने कहा, मैंने हमेशा से इस बात पर आपत्ति जतायी है कि आप उस बीमा को बेचने में अधिक समय लगा रहे हैं जिसकी आवश्यकता ही नहीं है और यह मामला आरबीआई और बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के बीच फंसा रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ग्राहक को भ्रामक जानकारी देकर उत्पाद की बिक्री पर दिशानिर्देशों का मसौदा 11 फरवरी को जारी किया था।

### चार मार्च तक सार्वजनिक टिप्पणियां मांगी गई

मसौदे में कहा गया है कि यदि किसी ग्राहक को गलत तरीके से उत्पाद या सेवा दी जाती है, तो बैंक को ग्राहक द्वारा चुकाई गई पूरी राशि लौटानी होगी और स्वीकृत नीति के अनुसार हुए नुकसान की भरपाई भी करनी होगी। इस पर चार मार्च तक सार्वजनिक टिप्पणियां मांगी गई हैं। आरबीआई ने कहा कि गलत तरीके से बिक्री पर कड़े नियम एक जुलाई से लागू होंगे।

### आरबीआई स्पष्ट निर्देश दे रहा

सीतारमण ने कहा, ''मुझे खुशी है कि आरबीआई यह स्पष्ट मार्गदर्शन दे रहा है कि गलत तरीके से बिक्री क्यों बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संदेश, बैंकों तक जाना चाहिए कि आप गलत बिक्री नहीं कर सकते। यह शब्द 'गलत बिक्री', किसी को ठेस पहुंचाने के बजाय, शब्दकोश में एक और शब्द बनकर रह गया है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में बैंक ग्राहकों को बीमा उत्पाद खरीदने के लिए कहते हैं जबकि उनके पास पहले से आवश्यक बीमा होता है।

- वित्त मंत्री ने कहा, मैंने हमेशा इस बात पर आपत्ति जताई
- बैंक बीमा को बेचने में अधिक समय लगा रही जिसकी जरूरत नहीं
- आरबीआई ने बिक्री पर दिशा निर्देश 11 फरवरी को जारी किया था

### अतिरिक्त बीमा लेने क्यों कहा जाता है

*आरबीआई यह सोचकर ऐसे मामलों की निगरानी नहीं कर रहा था कि यह बीमा नियामक के दायरे में आता है। इरडा का मानना था कि बैंक उसके प्रत्यक्ष नियमन में नहीं आते। इस नियामकीय अंतर के कारण ग्राहकों को नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जब कोई व्यक्ति अपनी संपत्ति गिरवी रखकर गृह ऋण लेता है, तो उससे अतिरिक्त बीमा लेने को क्यों कहा जाता है जबकि जोखिम पहले से 'कवर' होता है।*



### बैंक कारोबारी चक्र को समझने पर ध्यान दे

सीतारमण ने दोहराया कि बैंकों को अपने ग्राहकों की जरूरतों, उनकी वित्तीय स्थिति एवं कारोबारी चक्र को समझने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बैंकों का मुख्य कार्य जमा जुटाना एवं ऋण देना है। गैर-बैंकिंग उत्पाद बेचने के बजाय उन्हें कम लागत वाली जमा या कासा (चालू खाता बचत खाता) आधार को मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए।

### जमा वृद्धि दर 12.5 प्रतिशत

आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि बैंकिंग प्रणाली में जमा वृद्धि लगभग 12.5 प्रतिशत है जबकि ऋण वृद्धि दर 14.5 प्रतिशत के आसपास है। मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) आगे की नीतिगत दरों में कटौती पर निर्णय वृद्धि और मुद्रास्फीति की स्थिति को देखते हुए करेगी।

### सोने के आयात पर कड़ी नजर, चिंता की कोई बात नहीं

*वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वैश्विक स्तर पर केंद्रीय बैंकों की भारी खरीदारी के कारण सोने की कीमतों में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सोने के आयात पर कड़ी नजर रखे हुए हैं, हालांकि स्थिति अभी ''चिंताजनक स्तर'' पर नहीं पहुंची है। भारत का सोना आयात अप्रैल-दिसंबर, 2025 के दौरान मूल्य के लिहाज से लगभग एक अरब डॉलर बढ़कर 50 अरब डॉलर हो गया। वहीं जनवरी में सोने के आयात के मूल्य और मात्रा, दोनों में अचानक वृद्धि देखी गई है जिसकी समीक्षा केंद्रीय बैंक कर रहा है।*

# खाद्य उत्पादों में मिलावट पर रोक लगाने की मांग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- राज्य मिलावट पर सख्त कार्रवाई करे
- राज्य खाद्य आयुक्तों से निगराना बढ़ाने कहा गया

होली त्योहार से पहले खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने राज्य खाद्य आयुक्तों से निगरानी बढ़ाने और दूध उत्पादों और खाद्य तेल में मिलावट के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा है। राज्य खाद्य आयुक्तों को लिखे पत्र में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने कहा कि आगामी होली त्योहार के दौरान मिठाई, नमकीन, खाद्य तेल और दूध एवं दुग्ध उत्पादों (जैसे घी, खोआ, पनीर, आदि) और अन्य खाद्य पदार्थों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इसमें कहा गया है कि मांग में इस वृद्धि से मिलावट की संभावना बढ़ती है। मिलावटी और असुरक्षित खाद्य उत्पादों, अर्थात - दूध और दुग्ध उत्पाद, मिठाइयां, नमकीन और पापड़, खाद्य तेल एवं घी, अनाज एवं अनाज उत्पाद आदि'' के प्रसार को रोकने के लिए निगरानी और प्रवर्तन कार्यों को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।


### त्योहारी अवधि में हॉट स्पाट चिन्हित करे

एफएसएसएआई ने राज्य खाद्य आयुक्तों को त्योहारी अवधि के दौरान ''होली-मिलावट विरोधी अभियान - 2026'' के हिस्से के रूप में अपने प्रवर्तन अधिकारियों को अपने संबंधित क्षेत्रों में निरीक्षण और नमूने लेने का निर्देश देने के लिए कहा। इन अभियानों को चिन्हित हॉट स्पॉट और संवेदनशील स्थानों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

# निर्यात सहायता योजना में शुल्क लाभ की दरों में 50 प्रतिशत तक की कटौती

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार ने सोमवार को निर्यात सहायता योजना 'आरओडीटीईपी' के तहत दिए जाने वाले शुल्क लाभ की दरों में 50 प्रतिशत की कटौती कर दी, जिसके बाद निर्यातक समुदाय ने इस निर्णय पर पुनर्विचार की मांग की है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की एक अधिसूचना के मुताबिक, निर्यातित उत्पादों पर शुल्क व करों की वापसी (आरओडीटीईपी) योजना के तहत लागू दरें और मूल्य-सीमा तत्काल प्रभाव से मौजूदा दरों के 50 प्रतिशत तक सीमित रहेंगी। इस योजना के तहत अब तक 0.3 प्रतिशत से लेकर 3.9 प्रतिशत तक कर एवं शुल्क की वापसी दी जाती थी। सरकार ने यह योजना वर्ष 2021 में शुरू की थी। इसका उद्देश्य निर्यातकों को विनिर्माण एवं वितरण प्रक्रिया के दौरान लगने वाले उन करों, शुल्कों एवं उपकरों की भरपाई करना है, जो केंद्र, राज्य या स्थानीय स्तर पर किसी अन्य व्यवस्था के तहत वापस नहीं किए जाते।दरों और मूल्य सीमा में 50 प्रतिशत की कटौती ऐसे समय में की गई है, जब भारतीय निर्यात वैश्विक मांग में सुस्ती, बढ़ती अनिश्चितता और संरक्षणवादी नीतियों जैसी चुनौतियों का पहले से ही सामना कर रहे हैं।



- निर्यातक समुदाय ने इस निर्णय पर पुनर्विचार की मांग की
- योजना में 0.3 प्रतिशत से 3.9 प्रतिशत तक शुल्क की वापसी दी जाती थी

### व्यापार घाटा तीन माह के उच्च स्तर पर

रल्हन ने कहा, /''हम सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार का अनुरोध करते हैं।/'' सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी महीने में देश का निर्यात 0.61 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 36.56 अरब डॉलर रहा, जबकि व्यापार घाटा बढ़कर तीन महीने के उच्च स्तर 34.68 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# सरकार के शुद्ध बाजार उधारी में आई गिरावट

**मुंबई।** सरकार की शुद्ध बाजार उधारी में गिरावट से निजी क्षेत्र के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध होने की संभावना है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मासिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। आरबीआई बुलेटिन के मुताबिक, केंद्र सरकार की शुद्ध बाजार उधारी वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी के तीन प्रतिशत तक घटाने का प्रस्ताव है, जो महामारी-पूर्व स्तर की ओर धीरे-धीरे वापसी का संकेत है। इस साल के लिए 17.3 लाख करोड़ रुपये की सकल बाजार उधारी का प्रस्ताव कई लोगों की अपेक्षाओं से अधिक माना गया है। इससे निजी क्षेत्र के लिए उपलब्ध संसाधनों और बजट दिवस पर बाजार में गिरावट को लेकर चिंता हुई। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, शुद्ध बाजार उधारी महामारी से पहले वित्त वर्ष 2019-20 में 4.73 लाख करोड़ रुपये (जीडीपी का 2.4 प्रतिशत) थी।

## बायोगैस मिश्रण पर उत्पाद शुल्क छूट से बढ़ेगा निवेश...




**नई दिल्ली।** संपीडित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) में मिलाई जाने वाली बायो-गैस पर प्रस्तावित उत्पाद शुल्क छूट और एक स्पष्ट नीतिगत दिशा से देश में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने में मदद मिल सकती है। इंडियन बायो-गैस एसोसिएशन (आईबीए) ने यह बात कही।

# शुल्क पर अमेरिकी अदालत के फैसले से शेयर बाजार उत्साहित

- सेंसेक्स 480 अंक चढ़ा, निफ्टी में 142 अंक की तेजी
- बैंक, वाहन और वित्तीय शेयरों में खरीदारी रही

एजेंसी ⏭ मुंबई



अमेरिका में व्यापक शुल्क आदेश रद्द होने से उपजी सकारात्मक धारणा के बीच सोमवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, वाहन और वित्तीय शेयरों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 480 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी में 142 अंक की तेजी दर्ज की गई। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी उच्चतम न्यायालय की तरफ से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पिछले साल जारी व्यापक शुल्क आदेशों को अवैध घोषित कर दिए जाने के बाद निवेशक धारणा में सुधार देखा गया।बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 479.95 अंक यानी 0.58 प्रतिशत चढ़कर 83,294.66 अंक पर बंद हुआ।कारोबार के दौरान एक समय यह 671.44 अंक चढ़कर 83,486.15 अंक तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी भी 141.75 अंक यानी 0.55 प्रतिशत बढ़कर 25,713 अंक पर बंद हुआ। दिन में एक समय यह 200.2 अंक चढ़कर 25,771.45 अंक तक चला गया था।

MADHYA PRADESH POWER TRANSMISSION CO. LTD.
Office of The Chief Engineer (EHT-MAINT.) Block. No. 3, 3rd Floor, Shakti Bhawan, MPPTCL, Jabalpur-482008

TENDER NOTICE

An online tender is invited for Replacement of Disc Insulators on various 04 No. 220/132kV EHV Lines and Resagging of 220kV Nagda-Ujjain DCDS Line in various 4 spans passing through Simhasth Mela Area under shutdown condition of lines vide NIT No. CE(EHT-Maint.)/E-tender/MT-285/1547 dtd.: 23.02.2026 (ID:_2026_MPPTC_484447_1). Tender Fee - 2360/- and due date of **opening of bid 26.03.2026** For Tender notice and details please visit **www.mptenders.gov.in** or **www.mptransco.in** "विद्युत की बचत कीजिये"
M.P. Madhyam/124594/2026 **CHIEF ENGINEER (EHT-MAINT.)**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
PSI एसेट्स के निवारक रखरखाव की आउटसोर्सिंग

**निविदा सूचना क्र.:** TRD_NAG_TENDER_25-26_33 दिनांक 16.02.2026
**कार्य का नाम:** डोंगरगढ़ PSI डिपो का 24 महीने की अवधि लिए PSI एसेट्स के निवारक रखरखाव गतिविधियों की आउटसोर्सिंग।
**निविदा मूल्य:** ₹ 2,77,14,285/-.
**बयाना राशि:** ₹ 2,88,600/-.
**इलेक्ट्रॉनिक ऑफर जमा करने की अंतिम तिथि (ऑन-लाइन):** दिनांक **09.03.2026** के **15:00** बजे तक।
उपरोक्त निविदा की अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।
मंडल विद्युत अभियंता - TRD, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
MS/73-318
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

पश्चिम मध्य रेल
विद्युत विभाग (कर्षण-वितरण शाखा) जबलपुर, ई- निविदा सूचना
एन.आई.टी नं. जबल-टीआरडी-निविदा-2025-09 दिनांक 19.02.2026
वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण-वितरण/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई.नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए। **कार्य का नाम**-(क) जबलपुर डिवीजन (चरण-1) के सहायक ट्रांसफार्मर के लिए अलग से स्पेयर केबल की व्यवस्था। (ख) मौजूदा अप और डाउन मुख्य लाइनों और नई तीसरी लाइन में हरदुआ-नए मझगवां फाटक के बीच आईबीएस की व्यवस्था। (ग) रतोना में पुराने और अप्रचलित इंटरलॉकिंग को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से बदलने के लिए एटी आपूर्ति की व्यवस्था। **कार्य स्थल**-जबलपुर मण्डल। **कार्य की अवधि**-12 माह, **कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू)**-रुपये 1,97,86,466.67/-(रुपये एक करोड़ सतानवे लाख छियासी हजार चार सौ छियासठ और सड़सठ मात्र), **बयाना राशि**-रुपए 2,48,900.00/-, **निविदा जमा करने / खुलने की अंतिम तिथि एवं समय**-19.03.2026 को 15:00 बजे / 19.03.2026 को 15:30 बजे। **निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेबसाईट**-https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकर्ता अपनी निविदाऐं आई आर ई पीएस के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की वेबसाईट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेण्डर फार्म अनुसार और ज्वाइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा। (हस्ता.)
मंडल विद्युत इंजीनियर, कर्षण-वितरण कृते वरि.मं.वि.इंजी./क.वि./जबल पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

## रियल एस्टेट सलाहकार आईएसआईआर व सीआरई ने जारी की रिपोर्ट

# गुरुग्राम ने लक्जरी घरों की बिक्री में मुंबई को पीछे छोड़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

गुरुग्राम में 10 करोड़ रुपये या उससे अधिक कीमत वाले लक्जरी घरों की बिक्री 2025 में मूल्य के हिसाब से 80 प्रतिशत बढ़कर 24,120 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। मूल्य के लिहाज से गुरुग्राम ने मुंबई को पीछे छोड़ दिया है। एक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। रियल एस्टेट सलाहकार 'इंडिया सॉथबीज इंटरनेशनल रियल्टी' और डेटा विश्लेषक कंपनी सीआरई मैट्रिक्स द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) स्थित गुरुग्राम ने 10 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले मकानों की बिक्री के कुल मूल्य के मामले में मुंबई को पीछे छोड़ दिया। इस श्रेणी में गुरुग्राम में 24,120 करोड़ रुपये के, जबकि मुंबई में 21,902 करोड़ रुपये के घरों की बिक्री हुई।

- गुरुग्राम में 10 करोड़ से अधिक कीमत के घरों की बिक्री 80 फीसदी बढ़ी

*पिछले कैलेंडर वर्ष में 24,120 करोड़ की बिक्री हुई : गुरुग्राम में 10 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले लक्जरी घरों की बिक्री पिछले कैलेंडर वर्ष में लगभग तीन गुना होकर 1,494 इकाई पर पहुंच गई, जो 2024 में 519 इकाई रही थी। मूल्य के आधार पर बिक्री 2024 के 13,384 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025 में 24,120 करोड़ रुपये हो गई।*

*लक्जरी खंड में दस गुना वृद्धि : सीआरई मैट्रिक्स के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अभिषेक किरण गुप्ता ने कहा कि पिछले दो साल में लक्जरी खंड में लगभग 10 गुना वृद्धि से खरीदारों का सतत भरोसा, मजबूत पूंजी प्रवाह और उच्च संपदा वाले व्यक्तियों की बढ़ती संख्या का संकेत मिलता है।*

### वृद्धि पुराने प्रतिष्ठित इलाकों तक सीमित नहीं

इंडिया सॉथबीज इंटरनेशनल रियल्टी की निदेशक (एरिया) टीना तलवार ने कहा, '' खास बात यह है कि यह वृद्धि अब केवल पुराने प्रतिष्ठित इलाकों तक सीमित नहीं है। द्वारका एक्सप्रेसवे, गोल्फ कोर्स रोड और गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड जैसे उभरते बाजार सामूहिक रूप से संरचनात्मक विस्तार को गति दे रहे हैं जिसे बुनियादी ढांचे में सुधार, बेहतर परियोजनाओं की पेशकश और बेहतर संपर्क का समर्थन मिल रहा है।''

### वर्ष 2025 से गुरुग्राम आगे निकला

रिपोर्ट कहती है, '' मुंबई पारंपरिक रूप से देश का सबसे महंगा रियल एस्टेट बाजार रहा है, लेकिन 2025 के दौरान 10 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले लक्जरी घरों की कुल बिक्री के मूल्य के मामले में गुरुग्राम उससे आगे निकल गया।''

कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर
निविदा सूचना (1st Call)
निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्र | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | न.नि.ज./प्रकाश/2025-26 /44/पी.आर.ओ./901 दिनांक 23/2/2026 | External Electrificatin work at Bhadpura Basti-3 Jabalpur. | 06 माह एवं 15976375/- | 12500/- एवं 79900 | 26/03/2026 |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन-लाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा ।
कार्यपालन यंत्री (विद्युतीय )
नगर पालिक निगम, जबलपुर

कार्यालय नगर परिषद शहपुरा, जिला डिण्डौरी, (म.प्र.)
E-Mail: cmoshahpuradidori@mpurban.gov.in
क्र./NP/2026/1352 ई निविदा आमंत्रण सूचना शहपुरा, दिनांक :- 23/02/2026
नगर परिषद् शहपुरा जिला डिंडोरी अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु लो.नि.वि. केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा का विस्तृत विवरण वेब साईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| निविदा क्र. | कार्य का नाम एवं विवरण | कार्य की लागत राशि एवं समयावधि | निविदा फार्म का शुल्क | श्रेणी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2026_UAD _483610_1 | निकाय क्षेत्रार्गत वार्ड क्र. 01 में 02 नग स्मार्ट फिस पार्लर निर्माण कार्य। | 759966.00/- 02 माह | 2000.00/- | New PWD Reg/"C" Class & Above | 16 मार्च 2026 |

शर्ते - निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://www.mptenders.gov.in वेब साईट पर किया जाएगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद शहपुरा, जिला - डिण्डौरी

चिंतन

# बैंक निगरानी प्रणाली को और सख्त बनाएं

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की चंडीगढ़ शाखा में सामने आया 590 करोड़ रुपये का घोटाला केवल एक बैंक या एक शाखा की चूक भर नहीं है, बल्कि यह पूरे बैंकिंग तंत्र की निगरानी और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। बैंक का यह कहना कि मामला एक ही ब्रांच तक सीमित है, आश्वस्त करने वाला अवश्य है, परंतु यह पर्याप्त नहीं। वित्तीय व्यवस्था भरोसे पर टिकी होती है, और जब उसी भरोसे में दरार पड़ती है तो उसका प्रभाव दूरगामी होता है। घोटाले के खुलासे के बाद बैंक के शेयरों में लगभग 20 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई, जो मार्च 2020 के बाद सबसे बड़ी गिरावट बताई जा रही है। बाजार पूंजीकरण में 14,438 करोड़ रुपये की कमी इस बात का संकेत है कि निवेशकों का विश्वास किस तेजी से डगमगा सकता है। बैंक के अनुसार, चंडीगढ़ शाखा के कुछ कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार से जुड़े खातों में बिना अनुमति लेन-देन किया, जिससे 590 करोड़ रुपये की जमा राशि में गड़बड़ी सामने आई। यह मामला तब उजागर हुआ जब 18 फरवरी 2026 को सरकार की संस्थाओं ने खातों में वास्तविक शेष राशि और दावा की गई राशि के बीच अंतर पाया। सवाल यह है कि इतनी बड़ी रकम का हेरफेर लंबे समय तक कैसे चलता रहा और आंतरिक ऑडिट या निगरानी प्रणाली को इसकी भनक तक क्यों नहीं लगी? यह घटना स्पष्ट संकेत देती है कि केवल नियमों का होना पर्याप्त नहीं, बल्कि उनका प्रभावी क्रियान्वयन और सतत निगरानी अधिक महत्वपूर्ण है। आज बैंकिंग प्रणाली में कोर बैंकिंग सॉल्यूशन, डिजिटल ट्रैकिंग, ऑडिट ट्रेल और जोखिम प्रबंधन जैसी कई परतें मौजूद हैं। फिर भी यदि कर्मचारियों की मिलीभगत से इतनी बड़ी राशि का दुरुपयोग हो सकता है, तो यह 'इनसाइडर रिस्क' की गंभीर समस्या को रेखांकित करता है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जांच के आदेश देते हुए कहा है कि सरकार ब्याज सहित पूरी राशि अधिकृत बैंक में स्थानांतरित करेगी। मामला भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और सतर्कता विभाग को सौंपा गया है। यह कदम स्वागतयोग्य है, परंतु राजनीतिक बयानबाजी से आगे बढ़कर संस्थागत सुधार की आवश्यकता है। सबसे अहम प्रश्न यह है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को कैसे रोका जाए। इसके लिए कुछ ठोस कदम उठाने होंगे। बैंकों में आंतरिक नियंत्रण प्रणाली को और अधिक तकनीकी रूप से सशक्त किया जाए। एआई आधारित 'रियल टाइम ट्रांजेक्शन मॉनिटरिंग' सिस्टम लागू किए जाएं, जो असामान्य गतिविधियों पर तुरंत अलर्ट जारी करें। कर्मचारियों के लिए सख्त 'रोटेशन पॉलिसी' लागू की जाए। एक ही शाखा या विभाग में लंबे समय तक तैनाती से जोखिम बढ़ता है। नियमित अंतराल पर स्थानांतरण और बैकग्राउंड वेरिफिकेशन से मिलीभगत की संभावनाएं कम की जा सकती हैं। नियामक संस्थाओं द्वारा आकस्मिक निरीक्षण (सप्राइज ऑडिट) की आवृत्ति बढ़ाई जानी चाहिए। केवल वार्षिक या तिमाही ऑडिट पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। वहीं, व्हिसलब्लोअर तंत्र को और मजबूत बनाया जाए, ताकि ईमानदार कर्मचारी बिना किसी भय के संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दे सकें। बैंकिंग व्यवस्था देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यदि सरकारी खातों तक में इस तरह की अनियमितता संभव है, तो आम खाताधारकों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता स्वाभाविक है। साथ ही, तकनीकी उन्नयन, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता देकर ही भविष्य में ऐसे घोटालों पर प्रभावी लगाम लगाई जा सकती है।



पहल

डॉ. मोनिका शर्मा

# स्कूलों में फोन पर रोक बच्चों की बेहतरी से जुड़ा कदम

हाल में ही हिमाचल प्रदेश में बच्चों के स्कूल में मोबाइल फोन लाने पर प्रतिबंध लगाने का सार्थक फैसला किया गया। राज्य सरकार ने विद्यार्थियों की बेहतरी के लिए यह आवश्यक कदम उठाया है। जिसके तहत 1 मार्च के बाद राज्य के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में मोबाइल फोन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। बच्चों को स्कूल परिसर में मोबाइल लाने की अनुमति नहीं होगी। इतना ही नहीं इस निर्णय को सख्ती से लागू करने के लिए जुर्माना लगाने का भी निर्णय लिया गया है। इसीलिए किसी विद्यार्थी के पास मोबाइल फोन मिलने पर 500 रुपये का जुर्माना लगाने और मोबाइल जब्त किए जाने का भी प्रावधान किया जाएगा। इतना ही नहीं बच्चे के माता-पिता को भी स्कूल बुलाकर समझाया जाएगा। बार-बार नियम तोड़ने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बच्चों को अच्छी शिक्षा देने और बेहतर स्कूलों में बेहतर परिवेश बनाने से जुड़ी इस कवायद को लेकर राज्य के शिक्षा विभाग द्वारा जल्दी ही मानक प्रक्रिया तैयार की जाएगी। मौजूदा समय में बच्चों को हर ओर से तकनीकी गैजेट्स ने घेर लिया है। घर का आंगन हो या स्कूल परिसर। खेल का मैदान हो या सहज सामाजिक आयोजन। बच्चे हर समय स्क्रीन के संसार में गुम रहते हैं। जिसके चलते आपराधिक गतिविधियों, अवसाद और अकेलेपन का भी शिकार बन रहे हैं। ऑनलाइन खेलों के चैलेंज पूरे करने के फेर में जीवन से हार रहे हैं। पढ़ाई में पीछे हो रहे हैं। मोबाइल फोन के इस्तेमाल की अति अकादमिक मोर्चे पर बच्चों के प्रदर्शन में आ रही गिरावट की बड़ी वजह बन गई है। ध्यान भटकाने वाली गतिविधियों के चलते बच्चे बार-बार स्क्रीन खंगालते हैं। कुछ समय पहले आई यूनेस्को की 'टेक्नोलॉजी इन एजुकेशन' रिपोर्ट के मुताबिक टेक्नोलॉजी से हद से ज्यादा जुड़े रहना, विशेष रूप से स्मार्टफोन के इस्तेमाल की अति से बच्चों के प्रदर्शन पर नकारात्मक पड़ रहा है। यूनेस्को की इस रिपोर्ट में सभी देशों से सावधानीपूर्वक विचार करने और स्कूलों में टेक्नोलॉजी का सार्थक ढंग से इस्तेमाल करने का आग्रह किया गया था। चिंतनीय है कि मोबाइल पर गेम खेलने की लत हो या रील-वीडियो देखने रहने का जुनून। बच्चों का बहुत सा समय स्क्रीन स्क्रॉलिंग में ही बीत रहा है। मोबाइल फोन का अत्यधिक इस्तेमाल बच्चों का समय ही नहीं लील रहा उनकी सेहत पर भी दुष्प्रभाव डाल रहा है। मनोवैज्ञानिक रूप से बच्चों के दिलों दिमाग को बांधती स्क्रीन की दुनिया उनका जीवन तक छीन रही है। ऐसे मामले भी सामने आए है कि फोन छोड़ने की और डांटने-डपटने से बच्चों ने सुसाइड जैसे कदम उठा लिया। बीते दिनों गाजियाबाद में ऑनलाइन गेम कोरियन लवर के जाल में फंसकर तीन बहनों ने आत्महत्या कर ली। कुछ समय पहले मध्य प्रदेश में ऑनलाइन गेमिंग में 40 हजार रुपये हारने पर 6वीं कक्षा में पढ़ रहे 13 साल के बच्चे का आत्महत्या की थी। इन्हीं दिनों हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में एक किशोर ने ऑनलाइन गेम के अपने एक विदेशी साथी के बिछड़ने की पीड़ा के चलते जीवन का साथ छोड़ दिया। एक ओर ऑनलाइन गेम की लत अपराध और अवसाद की ओर धकेल रही है तो दूसरी ओर बच्चों का व्यक्तित्व ही कई तरह के डिसऑर्डर का शिकार हो रहा है। हर वक्त स्क्रीन में आंखें गड़ाये रखना सिरदर्द, गर्दन और कंधे का दर्द, चिड़चिड़ापन और गुस्से जैसी व्यवहारगत तकलीफों का भी कारण है। इसीलिए घर हो या स्कूल, फोन के इस्तेमाल की समय सीमा तय करना आवश्यक है। स्पष्ट है कि बच्चों का जीवन सहेजने और बालमन को सार्थक दिशा देने के लिए शिक्षकों, अभिभावकों और सरकारी नियम-कायदों की एक साझी रूपरेखा आवश्यक है। इसके लिए मोबाइल फोन के सार्थक और संयमित उपयोग करने का पाठ पढ़ाना बेहद जरूरी हो गया है। थोड़ी सख्ती और सहज समझाइश का मेल इस मोर्चे पर मददगार बन सकता है। मोबाइल के उपयोग के मामले में बच्चों को अनुशासित बनाने के लिए हर समय मोबाइल साथ न रखने का नियम एक सार्थक कदम है। अभिभावकों का साथ मिलने पर यह मुहिम और प्रभावी बन सकती है। समझना आवश्यक है कि घर-परिवार और स्कूल परिसर के सधे नियम ही नयी पीढ़ी को स्क्रीन में समाये वर्चुअल संसार के बजाय वास्तविक जीवन से जोड़ सकते हैं। सामाजिक मेलजोल में रुचि जगा सकते हैं। शारीरिक-मानसिक व्याधियों से बचा सकते हैं। पढ़ाई के मोर्चे पर फोकस्ड रख सकते हैं। ऐसे में हिमाचल सरकार द्वारा बच्चों की बेहतरी की दिशा में बढ़ाया गया यह कदम वाकई सराहनीय है।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# नग्न प्रदर्शन से साख पर सवाल



विरोध

उमेश चतुर्वेदी

स्वाधीनता आंदोलन और उसके पहले विरोधी आंदोलन चलाने का कांग्रेस का लंबा इतिहास रहा है। आजादी के बाद सबसे ज्यादा वक्त शासन का अनुभव भी उसी के पास है। इसलिए लोकतांत्रिक विरोध के तरीकों व इसके लिए चुने जाने वाले मंचों को लेकर विशेष उम्मीद रखना बेमानी नहीं है। शायद यही वजह है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में उसके विरोध प्रदर्शनों को राष्ट्रीय समर्थन मिलता नहीं दिख रहा। भाजपा के खिलाफ कांग्रेस का साथ देने वाले ज्यादातर विपक्षी दलों ने भी इस प्रदर्शन को अनुचित बताया है। कांग्रेस के कुछ अंदरूनी नेता भी मानते हैं कि राहुल गांधी की अगुआई वाली कांग्रेस के केंद्रीय घेरे में दूरगामी सोच वाले नेताओं की कमी हो गई है। कांग्रेसी आलानेतृत्व की सलाहकार मंडली नहीं चाहती कि विपक्ष में ऐसी शख्सियत उभरे, जिससे राहुल की प्रासंगिकता कमजोर हो। वह मोदी के बरअक्स लड़ाई में किसी दूसरे विपक्षी नेता को उभरते हुए नहीं देख सकती।

विरोध और मतभिन्नता लोकतंत्र का आभूषण होता है। लेकिन विरोध का तरीका क्या हो या फिर किस जगह हो, इसकी समझ होनी चाहिए। कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है। स्वाधीनता आंदोलन के साथ-साथ इतिहास के हर पग के साथ कांग्रेस आगे बढ़ती रही है। विरोधी आंदोलन चलाने का स्वाधीनता के पहले उसका लंबा इतिहास रहा। आजादी के बाद सबसे ज्यादा वक्त शासन का अनुभव भी उसी के पास है। इस वजह से उससे लोकतांत्रिक विरोध के तरीकों व विरोध के लिए चुने जाने वाले मंचों को लेकर विशेष उम्मीद रखना बेमानी नहीं है। शायद यही वजह है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में उसकी ओर से किए गए विरोध प्रदर्शनों को राष्ट्रीय समर्थन मिलता नहीं दिख रहा। पूर्व पत्रकार पवन खेड़ा जैसा प्रवक्ता 20 फरवरी के विरोध प्रदर्शन को चाहे जितना भी वाजिब ठहरा रहा हो, कांग्रेस की इस प्रदर्शन के लिए किरकिरी ही हो रही है।

संसद से लेकर सड़क तक ज्यादातर मुद्दों पर भाजपा के खिलाफ कांग्रेस का साथ देने वाले ज्यादातर विपक्षी दलों को भी युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन नहीं रूचा है। ज्यादातर विपक्षी दलों ने इस प्रदर्शन को अनुचित बताया है। अखिलेश यादव ने शायद सबसे गंभीर बात कही है। उन्होंने कहा है कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन वैश्विक मंच पर ऐसा विरोध प्रदर्शन उचित नहीं था। अखिलेश यहीं तक नहीं रुके, उन्होंने कांग्रेस को एक तरह से नसीहत देते हुए कहा कि विदेशी प्रतिनिधियों के सामने देश को शर्मिंदा करने से बचना चाहिए। कांग्रेस के साथ हर मुमकिन मौके पर गलबहियां डालकर चलने वाले राष्ट्रीय जनता दल के राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने भी कांग्रेस को उपदेश ही दिया कि शिकायतें हो सकती हैं, लेकिन विरोध का तरीका बेहतर हो सकता है।

ऐसा नहीं कि भारतीय लोकतंत्र में विरोध की परंपरा नहीं रही है। भारतीय राजनीति के चिर विद्रोही कहे जाने वाले लोहिया ने विरोध करने का जो मुहावरा दिया, वह भारतीय राजनीति का सर्वस्वीकार्य रहा है। उन्होंने संसद से सड़क तक विरोध का तरीका बताया। लोहियावादी विरोध कई मायनों में आक्रामक ही कहा जाएगा। लेकिन विरोध कब और कहां किया जाना चाहिए, इसे लेकर भी भारतीय राजनीति में आमराय रही है। विरोध के मंच ऐसे नहीं होने चाहिए, जिससे भारत को एक राष्ट्र के रूप में वैश्विक शर्मिंदगी उठानी पड़े। इस सूत्र वाक्य को भारतीय राजनीति अपनाती रही है। लेकिन नई दिल्ली के भारत मंडपम में 20 फरवरी को युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन इस सूत्र वाक्य का एक तरह से उल्लंघन ही माना जाएगा। शायद यही वजह है कि कांग्रेस के समर्थक और साथी दल इसकी आलोचना कर रहे हैं या फिर कांग्रेस को नसीहत दे रहे हैं। जिस इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन के मंच का इस्तेमाल युवा कांग्रेस ने नरेंद्र मोदी के विरोध के लिए किया, उसमें 118 देशों के सरकारी प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। 16 से 21 फरवरी तक चले इस सम्मेलन में 22 देशों के शासनाध्यक्षों व मंत्री स्तर के 59 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन के बाद जो नई दिल्ली घोषणापत्र जारी किया गया, उस पर 88 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने हस्ताक्षर करके सहमति जताई है। जिसमें अमेरिका, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस जैसे प्रमुख देशों की भी भागीदारी है। इस सम्मेलन में 100 से अधिक वैश्विक स्तर के एआई नेता और 500 से अधिक स्टार्टअप्स ने भी शिरकत की। इस सम्मेलन की महत्ता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता



है कि इस के घोषणा पत्र में अमेरिका और ब्रिटेन ने भी हस्ताक्षर किए हैं। इससे पहले पेरिस में हुए एआई वैश्विक सम्मेलन के बाद जारी घोषणा पत्र में अमेरिका और ब्रिटेन ने हस्ताक्षर नहीं किया था। जबकि पूरी दुनिया जानती है कि वैश्विक मामलों में फ्रांस, अमेरिका और ब्रिटेन एक ही खेमे के देश हैं। जाहिर है कि ऐसे मंच का महज पीएम के विरोध के लिए इस्तेमाल करना सही कदम नहीं माना जाएगा।

भले ही इस विरोध प्रदर्शन को मायावती भी अनुचित बता चुकी हों, वाईएसआर कांग्रेस के नेता जगनमोहन रेड्डी गलत बता चुके हों, फिर भी कांग्रेस द्वारा इसे वाजिब ठहराया जाना साबित करता है कि पार्टी के केंद्रीय ढांचे में उचित-अनुचित का भेद करने वाली शख्सियतों की कमी हो गई है। कांग्रेस के इस विरोध प्रदर्शन को विपक्षी खेमे में ही उसकी सत्ता से दूरी से उपजी हताशा को माना जा रहा है। लेकिन विपक्षी खेमा इसके लिए कांग्रेस के नेतृत्व को ही जिम्मेदार ठहराता है। कांग्रेस के कुछ अंदरूनी नेता भी मानते हैं कि राहुल गांधी की अगुआई वाली कांग्रेस के केंद्रीय घेरे में दूरगामी सोच वाले नेताओं की बहुत कमी हो गई है। इसलिए पार्टी में एकाधिकारवादी और बेपरवाह सोच हावी होती गई है। विपक्षी खेमे के साथ ही पार्टी के कुछ लोग मानते हैं कि अगर पिछले आम चुनाव से पहले नीतीश कुमार को राहुल की अगुआई वाली कांग्रेस ने अपना नेता मान लिया होता या इंडिया गठबंधन का संयोजक स्वीकार कर लिया होता तो संभवतः देश का इतिहास कुछ और होता। इसकी वजह यह है कि नरेंद्र मोदी के बरअक्स नीतीश कुमार ही ऐसे नेता हैं, जिनकी राष्ट्रव्यापी एक छवि है। नीतीश के पास बिहार के अतिरिक्त देश के दूसरे इलाके में जमीनी नेतृत्व और संगठन नहीं है। लेकिन उनकी पहचान पूरे देश में है और उनकी छवि भी विपक्षी खेमे के दूसरे नेताओं की तुलना में कहीं ज्यादा पाक-साफ है। मौजूदा कांग्रेस की कमी यह है कि वह अगले पल उठाए जाने वाले अपने हर कदम के परिणामों का आकलन राहुल गांधी की राजनिक सेहत के लिहाज से करती है। कांग्रेसी आलानेतृत्व की सलाहकार मंडली नहीं चाहती कि विपक्ष में ऐसी कोई शख्सियत उभरे, जिससे राहुल की प्रासंगिकता कमजोर हो। मोदी के बरअक्स लड़ाई में वह किसी दूसरे विपक्षी नेता को उभरते हुए नहीं देख सकती। मोदी विरोधी कदम उठाते वक्त वह भूल जाती है कि उन कदमों का राजनीतिक हासिल क्या होगा? फिर राहुल समर्थक मंडली उन्हें मोदी के बरअक्स सिर्फ नैरेटिव केंद्रित राजनीति की ही सलाह देती है। इन वजहों से राहुल का विरोध भी देश को उनकी तरफ आकर्षित करने का माध्यम नहीं बन पा रहा है।

भारत मंडपम में पूरे पांच दिन चले कार्यक्रम का असर दिल्ली के साथ गुड़गांव व नोएडा के ट्रैफिक पर भी पड़ा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की कल्पनाहीनता से ट्रैफिक में फंसकर दिल्ली तकरीबन पूरे पांचों दिन हांफती रही। इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन का ध्येय वाक्य 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' को भी लोग कोसते दिखे। कहने का मतलब यह है कि इस सम्मेलन की अहमियत के बावजूद इससे एक बड़ा तबका हलकान रहा। अव्वल तो ऐसे माहौल में कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को समर्थन मिलना चाहिए था, लेकिन ऐसा होता एकदम नहीं दिखा। कांग्रेस हालांकि दावा करती है कि देश अब मौजूदा सरकार से नाराज है। अगर उसके ही दावों को सच मान लें तो होना तो ये चाहिए था कि कांग्रेस के प्रदर्शन को देश हाथोंहाथ ले। पर ऐसा नहीं हुआ। वजह यह है कि कांग्रेस आलानेतृत्व के कदम आम लोगों में भरोसा पैदा नहीं कर पाए हैं। कांग्रेस की केंद्रीय सलाहकार मंडली की सलाहें जनता के दिलों में मोदी विरोधी हिलोरें पैदा नहीं कर पा रही हैं, तो इसकी वजह यही है कि पार्टी के विरोध करने के शऊर, मुददे और मंच सही नहीं हैं। इसी वजह से उनकी साख नहीं बन पा रही है। सबसे पुरानी पार्टी होने के नाते कांग्रेस को पता है कि राजनीति में साख का क्या महत्व होता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मन में निर्भयता लाती है मां दुर्गा की भक्ति साधना




संकलित

दर्शन

वैसे तो हिंदी वर्षानुसार वर्षा, शरद, शिशिर, हेमंत, वसंत व ग्रीष्म- छह ऋतुएं होती हैं, लेकिन मुख्य रूप से दो ही प्रधान हैं- सर्दी व गर्मी। इन दोनों प्रधान ऋतुओं की संधि बेला को नवरात्रि की संज्ञा दी गई है। दिन और रात्रि के मिलन को संध्याकाल कहते हैं। इस महत्वपूर्ण समय को ईश्वर की आराधना, भजन, संध्या, वंदन व आध्यात्मिक साधना में लगाया जाना चाहिए, क्योंकि यह समय अत्याधिक लाभदायी और कम श्रम से अधिक फल देने वाला माना गया है। संध्या काल को पुण्य पर्व भी कहा गया है। आरोग्य शास्त्र के विद्वानों को विदित है कि आश्विन व चैत्र मास में जो सूक्ष्म परिवर्तन होता है, उसका प्रभाव शरीर पर कितनी अधिक मात्रा में पड़ता है। यह बदलाव स्वास्थ्य पर कई प्रकार से प्रभाव डालता है। अनेकानेक रोग, ज्वर, चेचक आदि मनुष्य पर हावी होने लगते हैं। वैद्य जानते हैं कि वमन, विरेचन, स्वेदन, वस्ति, रक्त मोक्षण आदि शरीर शोधन कार्यों के लिए आश्विन और चैत्र का महीना ही सर्वाधिक उपयुक्त होता है। ऐसे समय में ही साधना का महत्वपूर्ण पर्व आता है। हिंदू परंपरा के अनुसार, भारतीय पर्व और त्योहारों में नवरात्रि पर्व का अत्यधिक महत्व है। यह वर्ष में दो बार आता है। दुर्गावतरण की पावन कथा भी इसके साथ जुड़ी हुई है। देवत्व के संयोग से असुर निकंदिनी महाशक्ति के उद्भव का महत्व हर युग में रहा है। युग की भयावह समस्याओं से त्राण पाने के लिए युग शक्ति के उद्भव की कामना हर मन में उठती है। अधिकांश लोग व्रत, उपवास एवं अनुष्ठान करते हैं।

## कन्हाई तुम आ ही गए न?



संकलित

प्रेरणा

एक बार सूरदास जी चलते-चलते मार्ग में एक गहरे गढ्ढे में गिर गए और निकलने के सारे प्रयास असफल हो गये। अपने कान्हा को ही पुकारने लगे, एक भक्त अपने जीवन में विपत्ति काल में प्रभु को ही तो पुकारता है। जैसे ही सूरदास जी ने कान्हा को याद किया, प्रभु भी उसकी पुकार सुने बिना नहीं रह पाए! सच है जब एक भक्त दिल से पुकारता है तो यह टीस प्रभु के दिल में भी उठा करती है। उसी समय एक बाल गोपाल के रूप में वहाँ प्रकट हो गए, और प्रभु के पांव की नन्ही-नन्ही सी पैजनिया की छन-छन की आवाज सुनते ही सूरदास जी को समझते देर न लगी। कान्हा उनके समीप आये और बोले अरे बाबा नीचे क्या कर रहे हो, लो मेरा हाथ पकड़ो और जल्दी से ऊपर चले आओ। जैसे ही सूरदास जी ने इतनी प्यारी सी मिश्री सी घुली हुई वाणी सुनी तो जान गए की मेरा कान्हा आ गया, और बहुत प्रसन्न हो गए, और कहने लगे की अच्छा कान्हा, बाल गोपाल के रूप में आ गए, कन्हाई तुम आ ही गए न? बाल गोपाल कहने लगे अरे कौन कान्हा ? किसका नाम लेते जा रहे हो,जल्दी से हाथ पकड़ो और ऊपर आ जाओ, ज्यादा बातें न बनाओ। सूरदास जी मुस्कुरा पड़े और कहने लगेः सच में कान्हा तेरी बांसुरी के भीतर भी वो मधुरता नहीं, माना कि तेरी बांसुरी सारे संसार को नचा दिया करती है, लेकिन तेरे भक्तों का दुःख तुझे नचा देता है। क्यों कान्हा सच है न? तभी तो तू दौड़ा चला आया। जैसे ही उन्होंने इतना कहा सूरदास जी ने झट से कान्हा का हाथ पकड़ लिया और उस मंगलमय ब्रह्मसंस्पर्श से वे रोमांचित हो उठे।

## सटाका




## आज की पाती

### बच्चों को न दें मोबाइल और वाहन

सातवीं कक्षा की एक छात्रा स्कूटी पर अपने छोटे भाई को स्कूल छोड़कर आ रही थी। वापसी में एक वाहन से टकराने से गहरी चोट के कारण उसकी मौत हो गई। यह छात्रा रोज स्कूटी पर ही जाती थी। क्या इसे कभी किसी ने रास्ते में चैक नहीं किया। माता-पिता भी दोषी हैं, जो बच्चों को वाहन-फोन देकर उन्हें रोगों व मौत के मुंह में धकेल रहे हैं। मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार नाबालिग के वाहन चलाने पर अभिभावकों को तीन साल की कैद व 25 हजार रुपए जुर्माना हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति ने भी ऐसे मामलों में सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। बच्चों के लिए न तो मोबाइल ठीक है, और न ही वाहन। कई अन्य शहरों में भी इस तरह के हादसे हो रहे हैं। इन पर रोक लगाने के लिए बच्चों को मोबाइल और वाहन नहीं दिए जाने चाहिए। **–प्रभुनाथ सिंह, रायपुर**

## करंट अफेयर

### नासा का चंद्र रॉकेट फिर हैंगर लौटेगा, उड़ान टली

नासा अपने विशाल चंद्र रॉकेट को अंतरिक्ष यात्रियों के सवार होने से पहले और मरम्मत के लिए इस सप्ताह फिर से हैंगर में वापस लाएगा। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, कम से कम अप्रैल तक उड़ान स्थगित रहेगी। मौसम अनुकूल रहने पर मंगलवार को केनेडी स्पेस सेंटर के परिसर में रॉकेट को वापस ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। नासा ने बृहस्पतिवार को खतरनाक हाइड्रोजन ईंधन रिसाव को बंद करने के लिए दोबारा जांच की थी। इसी दौरान रॉकेट की हीलियम प्रणाली में खराबी आ गई, जिससे आधी सदी से अधिक समय बाद अंतरिक्ष यात्रियों की पहली चंद्र यात्रा और टल गई। इंजीनियरों ने हाइड्रोजन रिसाव पर काबू पा लिया था और प्रक्षेपण के लिए छह मार्च की तिथि तय की। प्रक्षेपण में एक माह का विलंब पहले ही हो चुका है। अचानक हीलियम प्रणाली में बाधा उत्पन्न हो गई जिससे रॉकेट के ऊपरी चरण तक हीलियम का प्रवाह बाधित हुआ। इंजनों को शुद्ध करने और ईंधन टैंकों में दबाव बनाए रखने के लिए हीलियम आवश्यक होती है। नासा ने एक बयान में कहा, समस्या के कारण का पता लगाने और उसे ठीक करने के लिए रॉकेट को केनेडी के 'व्हीकल असेंबली बिल्डिंग' में वापस ले जाना आवश्यक है।



## ऑफ बीट

### रात में पसीना आने के कई कारण हो सकते हैं

पसीना आना शरीर की शीतलन प्रणाली का एक सामान्य हिस्सा है, जो गर्मी छोड़ने और शरीर के इष्टतम तापमान को बनाए रखने में मदद करता है।



लेकिन नियमित रूप से रात में जागना, अत्यधिक पसीने से भीगना सही नहीं है। मस्तिष्क में स्थित हाइपोथैलेमस, अंतःस्रावी तंत्र का हिस्सा है और शरीर के लिए तापमान नियंत्रण केंद्र है। इसमें तापमान सेंसर होते हैं जो केंद्रीय रूप से (अंगों में) और परिधीय रूप से त्वचा में स्थित तंत्रिका कोशिकाओं (थर्मोरिसेप्टर्स) से जानकारी प्राप्त करते हैं। थर्मोरिसेप्टर्स शरीर के तापमान में बदलाव का पता लगाते हैं, हाइपोथैलेमस को वापस संकेत भेजते हैं। ये संकेत या तो शरीर को ठंडा करने के लिए पसीने को सक्रिय करेंगे या शरीर को गर्म करने के लिए कंपकंपी को सक्रिय करेंगे। उम्र या लिंग कोई भी हो, किसी को भी रात में पसीना आने का अनुभव हो सकता है। लेकिन पुरुषों की तुलना में महिलाओं को रात में पसीना अधिक आता है, इसका मुख्य कारण रजोनिवृत्ति और संबंधित बदलते हार्मोन स्तर हैं। ऐसा माना जाता है कि एस्ट्रोजन के स्तर में बदलाव से नॉरपेनेफ्रिन और सेरोटोनिन के स्तर पर प्रभाव पड़ता है, ये दो न्यूरोट्रांसमीटर हैं, जो हाइपोथैलेमस में तापमान विनियमन को प्रभावित करते हैं।

## ट्रेंड

### हमेशा याद किए जाएंगे रॉय



पूर्व केंद्रीय मंत्री मुकुल रॉय के निधन से दुःख हुआ। उन्हें अपने राजनीतिक अनुभव और समाज की सेवा के प्रयासों के लिए हमेशा याद किया जाएगा। वे बंगाल के बहुत अनुभवी नेता थे। उनके परिवारजनों और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ओम शांति। **-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### इंडी का नेतृत्व छोड़ें राहुल



ममता दीदी के बिना, इंडिया गठबंधन का 'आई', 'एन', 'डी', 'आई', 'ए' खत्म हो जाएगा, क्योंकि वे इस गठबंधन की लीडर हैं। उनके साथ, दो-चार और लोग हैं जो यह जगह पा सकते हैं। मुझे लगता है कि राहुल गांधी को गठबंधन का नेतृत्व करने की बजाय छोटी पार्टियों को मौका देना चाहिए। **-मणिशंकर अय्यर**, कांग्रेस नेता

### इंडिया ब्लॉक के अंदर ही चर्चा हो



कोई यह नहीं कह सकता कि मणिशंकर अय्यर को अपनी राय देने का हक नहीं है। लेकिन, जब फैसला होगा, तो वह इंडिया ब्लॉक लेगा। लीडरशिप के मुद्दे पर पहले इंडिया ब्लॉक के अंदर ही चर्चा होनी चाहिए। राहुल ने भाजपा व सरकार से लड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। **-उमर अब्दुल्ला**, मुख्यमंत्री, जम्मू कश्मीर

### एआई से पेशेवरों की मांग बढ़ेगी



एआई नौकरियों में कमी नहीं लाएगा, बल्कि पेशेवरों के काम को रचनात्मक एवं बेहतर बनाएगा। इससे कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ेगी और उनके वेतन में सुधार होगा। हमें हमेशा खुद से पूछना चाहिए कि हमारा लक्ष्य क्या है। हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य लोगों को स्मार्ट बनाना है। **-ब्रैड स्मिथ**, अध्यक्ष, माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

**1** सेना बोली- 326 दिन तक ऑपरेशन चलाया तब मिली कामयाबी

**2** सुरक्षा बलों के अलग अलग ऑपरेशन में ढेर हुए आतंकी

**3** सिक्योरिटी फोर्सेस पर कई जानलेवा हमलों का मास्टरमाइंड था सैफुल्लाह

# ऑपरेशन क्लीन स्वीपः सेना ने 7 आतंकियों को किया ढेर, खूंखार आतंकी सैफुल्लाह का हुआ अंत, दहल उठा दहशतगर्दों का गढ़

एजेंसी ▶▶ जम्मू

भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर 7 आतंकियों की फोटो पोस्ट की और लिखा है कि 326 दिन के बाद किश्तवाड़ से आतंक के नेटवर्क का खात्मा कर दिया गया है। पोस्ट में कहा गया है कि इन आतंकियों में जैश का कमांडर सैफुल्लाह भी मारा गया है। सैफुल्लाह किश्तवाड़ में आतंक का सरगना था। व्हाइट नाइट कोर ने बताया कि किश्तवाड़ में उनके अलावा जम्मू कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ समेत सेना की इंटेलीजेंस एजेंसी भी शामिल रहीं। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में चतरू इलाके में रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें 3 आतंकी मारे गए थे। इससे पहले 4 फरवरी को भी चतरू में ही सुरक्षाबलों ने जैश के ही एक आतंकी को मार गिराया था। उधमपुर में भी गुफा में छिपे जैश के 2 आतंकियों



को ग्रेनेड विस्फोट में मार गिराया था। सेना ने बताया कि लगातार चल रहे ऑपरेशन में मदद के लिए एफपीवी ड्रोन, सैटेलाइट इमेजरी, रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम और यूएवी, कम्युनिकेशन के रूप में टेक्नोलॉजी का लगातार इस्तेमाल किया गया। मेजर जनरल बल ने यह भी बताया कि काउंटर-टेरर ऑपरेशन जारी रहेंगे। हम अपने इलाके में आने वाले टेररिस्ट को न्यूट्रलाइज करते रहेंगे।

## 2026 में सेना ने 2 ऑपरेशन चलाए

**ऑपरेशन त्राशीः** यह ऑपरेशन 18 जनवरी को सिंहपोरा के पास सोनार गांव के जंगलों में शुरू किया था। पहले एनकाउंटर में 8 जवान घायल हुए थे, जिनमें से हवलदार गजेंद्र सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसके बाद 22 और 24 जनवरी को अलग-अलग मुठभेड़ हुईं, जबकि 31 जनवरी को डोलगाम इलाके में फिर से गोलीबारी हुई थी। चतरू में 3 आतंकियों के खात्मे के साथ यह खत्म हो गया है।


**ऑपरेशन कियाः** 4 फरवरी को सुरक्षा बलों ने आतंकियों पर अंडर बैरल ग्रेनेड लॉन्चर का इस्तेमाल किया। जिससे गुफा के हिस्से को विस्फोट के जरिए ध्वस्त कर दिया गया।

### जुलाई 2024 के हमले में शामिल था 5 लाख का इनामी सैफुल्लाह



सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, मारा गया आतंकी कमांडर सैफुल्लाह बलोच जैश-ए-मोहम्मद का सक्रिय कमांडर था। उस पर 5 लाख का इनाम था। सैफुल्लाह का अपने साथियों के साथ मार गिराया जाना, जम्मू क्षेत्र में जैश-मोहम्मद के नेटवर्क के लिए बहुत बड़ा झटका लगा है। इससे जम्मू कश्मीर में आतंक के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहे, सेना, सुरक्षाबलों का मनोबल और भी मजबूत हुआ है। सिक्योरिटी एजेंसियों के शुरुआती अंदाजों से पता चलता है कि रविवार को मारे गए तीन आतंकवादियों में से एक सैफुल्लाह था, जो खुद को जैश ए मोहम्मद का कमांडर बताता था।

### आतंकियों का सुराग देने वाले डॉग टायसन को गोली लगी



किश्तवाड़ में चलाए गए एनकाउंटर में इंडियन आर्मी के 2 पैरा (एसएफ) के के-9 डॉग टायसन को भी गोली लगी है। मिशन के दौरान, वह सबसे पहले उस धोक तक पहुंचा जहां आतंकवादी छिपे हुए थे। गोली लगने के बावजूद, टायसन ने ऑपरेशन जारी रखा। उसे बेहतर इलाज के लिए बेस हॉस्पिटल ले जाया गया है। बताया जा रहा है कि यह वे डॉग टायसन है जो आतंकियों के छिपे होने की जानकारी देता था। सुरक्षा बलों को उनके ठिकाने तक पहुंचा देता था। आशंका है कि आतंकियों ने चिढ़कर उसे गोली मारी हो।


### सेना प्रमुख ने सुरक्षा बलों को बधाई दी



आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सेना की उत्तरी कमान के सैनिकों को इस बड़ी उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने सैनिकों की दक्षता, अटूट संकल्प के साथ चुनौतीपूर्ण हालात में प्रभावी समन्वय की सराहना की है। सेना प्रमुख ने कहा कि उत्तरी कमान के सैनिक कठिन हालात में भी उच्च सतर्कता, परिचालन उत्कृष्टता व बेहतरीन तालमेल का परिचय देना सराहनीय है।

## खबर संक्षेप

### नेपाल में धार्मिक स्थल पर बवाल, कर्फ्यू



**काठमांडु।** नेपाल के सीमावर्ती शहर वीरगंज में रविवार देर शाम दो गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प और पथराव के बाद स्थिति तनावपूर्ण देखते हुए परसा जिला प्रशासन ने सोमवार सुबह 9:45 बजे से अगले आदेश तक वीरगंज महानगर क्षेत्र में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू कर दिया है। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए नेपाल पुलिस के साथ-साथ नेपाल सेना और आर्म्ड पुलिस फोर्स (एपीएफ) को सड़कों पर तैनात किया गया है। धार्मिक स्थल के पास विवाद से रविवार को भड़की हिंसा में आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे।

### मेक्सिको : कुख्यात गिरोह का सरगना मारा गया



**मेक्सिको।** मेक्सिको की सेना ने 'जलिस्को न्यू जेनरेशन कार्टेल' के नेता नेमेसीओ रूबेन ओसेगुएरा सर्वांतेस एल मेंचो को रविवार को मार गिराया। जिससे देश का सबसे ताकतवर बन चुका गिरोह नेतृत्वविहीन हो गया। इसी के साथ मेक्सिको को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन को अपने प्रयास दिखाने का बड़ा मौका मिला। मेक्सिको के रक्षा विभाग ने बयान में बताया कि ओसेगुएरा सर्वांतेस को पकड़ने के लिए जलिस्को राज्य के तापाल्पा में रविवार को चलाए गए अभियान में वह घायल हो गया।

### हमले में अर्द्धसैनिक बल के पांच जवान घायल



**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अर्द्धसैनिक बल फेडरल कांस्टेबुलरी (एफसी) के मुख्यालय पर क्वाडकॉप्टर ड्रोन से किए गए हमले में एफसी के पांच जवान घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। करक जिले में स्थित एफसी मुख्यालय को निशाना बनाकर हमला किया गया था। पुलिस ने बताया कि इमारत पर हमला करने के लिए क्वाडकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया। पुलिस ने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जा रही एम्बुलेंस पर भी गोलियां चलाईं।

## किसी भी वक्त अमेरिका कर सकता बमबारी, पूरी तैयारी

# हमले को तैयार यूएस? भारतीय विदेश मंत्रालय ने नागरिकों से कहा- फटाफट ईरान से निकलें

**अमेरिका ने अपने सैनिकों के ठिकानों को कई बार बदल दिया**

एजेंसी ▶▶ तेहरान

अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव चरम पर पहुंचता दिख रहा है। अमेरिका ने अपने युद्धपोत और लड़ाकू विमानों को पश्चिम एशिया में तैनात कर दिया है। हालात को देखते हुए भारत ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक एडवाइजरी जारी कर अपने नागरिकों को किसी भी तरीके से तुरंत ईरान से निकलने की सलाह दी है। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने 14 जनवरी को भी एडवाइजरी जारी कर सभी नागरिकों को ईरान छोड़ने की सलाह दी थी।

विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी में ईरान में रह रहे भारतीय नागरिकों से कहा कि वे सावधानी बरतें, प्रदर्शन वाली जगह जानें से बचें और भारतीय दूतावास के संपर्क में रहे। विदेश मंत्रालय ने ये भी कहा कि नागरिक अपने यात्रा और अप्रवासन संबंधी दस्तावेज जैसे पासपोर्ट और पहचान पत्र आदि अपने साथ रखें। नागरिकों को भारतीय दूतावास में पंजीकरण कराने की सलाह भी दी गई है। मंत्रालय ने कहा कि ईरान में रह रहे लोगों के परिजन भी दूतावास में अपने प्रियजनों के लिए पंजीकरण करा सकते हैं।

***अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत हो रही है, लेकिन कोई सहमति नहीं बन पा रही***



एआई इमेज

### दो युद्धपोत ईरान के आसपास किए तैनात

भारत की एडवाइजरी ऐसे समय सामने आई है, जब पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर है। अमेरिका ने अपने दो युद्धपोत ईरान के आसपास तैनात किए हुए हैं और साथ ही अपने लड़ाकू विमानों को भी पश्चिम एशिया में तैनात किया है। ईरान भी इस स्थिति से वाकिफ है और उसने अमेरिका के पश्चिम एशिया में मौजूद सैन्य ठिकानों पर हमले की धमकी दी है।

### ईरान में प्रदर्शन तेज

वहीं नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ ही ईरान में शनिवार से प्रदर्शन फिर तेज हो गए। रविवार को कई छात्रों ने काले कपड़े पहनकर प्रदर्शनों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। तेहरान यूनिवर्सिटी ऑफ आर्ट और ईरान यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी सहित कई संस्थानों में छात्रों की भीड़ देखी गई।

### जंग के हालात में नेतन्याहू से मिलने जा रहे हैं पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इजराइल जाने वाले हैं। वो दो दिन के आधिकारिक दौरे के लिए 25 फरवरी को इजराइल पहुंचेंगे, जो 2017 की उनकी ऐतिहासिक यात्रा के बाद देश की उनकी दूसरी यात्रा होगी। ये विदेश दौरा पीएम मोदी के 2017 के ऐतिहासिक दौरे के लगभग नौ साल बाद हो रहा है, जो किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री का इजराइल का पहला दौरा था, जिससे डिफेंस, एग्रीकल्चर, वॉटर मैनेजमेंट और इनोवेशन में रिश्ते और मजबूत हुए थे।

### हेल्पलाइन नंबर भी जारी

दूतावास ने नागरिकों को देश छोड़ने की सलाह देते हुए, उनसे अपने इमिग्रेशन और ट्रैवल डॉक्यूमेंट्स अपने पास रखने और किसी भी मदद के लिए इंडियन एम्बेसी से संपर्क करने को कहा है। भारतीय दूतावास ने इस संबंध में भारतीय नागरिकों के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। फंसे हुए नागरिक इन मोबाइल नंबरों पर संपर्क कर मदद मांग सकते हैं: +989128109115; +989128109109, +989128109102, +989932179359।

### कभी भी हमला कर सकता है अमेरिका

बता दें कि बीते महीने ईरान में हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद से ही अमेरिका खामेनेई शासन को सैन्य हस्तक्षेप की धमकियां दे रहा है। बीते महीने से लेकर अब तक अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में बड़ी सैन्य तैनाती कर दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते सप्ताह एक बार फिर यह बयान दिया है कि वह ईरान पर हमले का विचार कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ दोनों पक्षों के बीच परमाणु वार्ता भी जारी है। हालांकि इससे कोई हल निकलता नजर नहीं आ रहा है।

### अगले दौर की वार्ता गुरुवार को

इन सब के बीच ओमान के विदेश मंत्री बद्र अल-बुसैदी ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता का अगला दौर गुरुवार को जिनेवा में होगा। बद्र अल-बुसैदी ने रविवार को सोशल मीडिया पर कहा कि उन्हें इस घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है कि 'समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने की दिशा में सकारात्मक पहल की गई है'। ओमान ने इससे पहले जिनेवा में हुई वार्ता की भी मेजबानी की थी।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया

# थाईलैंड में बंधक बने ओडिशा के श्रमिकों पर एनएचआरसी सख्त विदेश मंत्रालय से मांगी रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा के केंदापाड़ा जिले के छह श्रमिकों को थाईलैंड में उनके नियोक्ता द्वारा पिछले छह महीनों से बंधक बनाकर रखने के आरोपों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। मीडिया रिपोर्टों के आधार पर आयोग ने मामले को गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन बताते हुए केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की अपेक्षा की है। बताया जा रहा है कि 17 फरवरी को इन श्रमिकों का एक वीडियो संदेश सामने आया, जिसमें उन्होंने अपनी आपबीती सुनाई। वीडियो में श्रमिकों ने दावा किया कि उन्हें एक फैक्ट्री परिसर के भीतर बंद कर रखा गया है, शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना दी जा रही है तथा न तो वेतन दिया जा रहा है और न ही पर्याप्त भोजन। मामले की गंभीरता को देखते हुए आयोग ने विदेश मंत्रालय से इस संबंध में विस्तृत टिप्पणी मांगी है। मंत्रालय को निर्देश दिया गया है कि वह एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे और यह स्पष्ट करे कि पीड़ित श्रमिकों तथा उनके परिजनों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। जानकारी के अनुसार, ये सभी श्रमिक अगस्त 2025 में एक श्रम ठेकेदार के माध्यम से थाईलैंड गए थे। ठेकेदार ने उन्हें अच्छी तनख्वाह और बेहतर रोजगार का झांसा दिया था। लेकिन वहां पहुंचने के बाद उन्हें कथित तौर पर प्लाईवुड निर्माण इकाई में प्रतिदिन करीब 12 घंटे काम करने के लिए मजबूर किया गया।

***17 फरवरी को इन श्रमिकों का एक वीडियो संदेश सामने आया***



एआई इमेज

### न वेतन न भोजन पासपोर्ट भी जब्त किया

*श्रमिकों का आरोप है कि उन्हें न तो वेतन दिया गया और न ही पर्याप्त भोजन। इतना ही नहीं, नियोक्ता ने उनके पासपोर्ट भी जब्त कर लिए, जिससे वे वापस लौटने में असमर्थ हो गए। संदेश में श्रमिकों ने भारत सरकार से हस्तक्षेप कर सुरक्षित स्वदेश वापसी सुनिश्चित कराने की गुहार लगाई है। उल्लेखनीय है कि 1993 के मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम के तहत गठित राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एक स्वायत्त वैधानिक संस्था है, जिसे देश में मानवाधिकारों की रक्षा और संवर्धन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आयोग मीडिया रिपोर्ट या अन्य विश्वसनीय स्रोतों के आधार पर बिना औपचारिक शिकायत के भी स्वतः संज्ञान लेने का अधिकार रखता है। आयोग की इस पहल से पीड़ित श्रमिकों और उनके परिवारों में उम्मीद जगी है कि कूटनीतिक स्तर पर शीघ्र कार्रवाई कर उनकी सुरक्षा और स्वदेश वापसी का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा।*

## अमेरिका से व्यापार समझौते की जानकारी भी नहीं दी

# बांग्लादेशी राष्ट्रपति का आरोप- कहा यूनुस ने उन्हें हटाने की कोशिश की

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शाहबुद्दीन ने एक इंटरव्यू में अंतरिम सरकार के पूर्व मुखिया मोहम्मद यूनुस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि अगस्त 2024 में शेख हसीना सरकार गिरने के बाद बनी अंतरिम सरकार ने उन्हें हटाने की कोशिश की थी। शाहबुद्दीन ने बताया कि 8 अगस्त 2024 को उन्होंने ही यूनुस को पद की शपथ दिलाई थी और यूनुस 16 फरवरी 2026 तक वास्तविक प्रधानमंत्री की तरह काम करते रहे। उन्होंने कहा कि यूनुस सरकार ने दो बार उनके



मो. शाहबुद्दीन

विदेश दौरे रद्द कर दिए। एक बार कोसोवो जाने से रोका गया और दूसरी बार कतर के अमीर के निमंत्रण पर विदेश मंत्रालय ने यह कहकर पत्र भेज दिया कि राष्ट्रपति व्यस्त हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें चुनाव से कुछ दिन पहले किए गए बांग्लादेश-अमेरिका व्यापार समझौते की जानकारी भी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि ऐसे किसी भी समझौते की जानकारी राष्ट्रपति को देना संवैधानिक जिम्मेदारी होती है, लेकिन यूनुस ने ऐसा नहीं किया।

## मिस्र नौसेना और भारतीय दूतावास ने किया स्वागत

# अभियानः आईएनएस सुदर्शनी का मिस्र में ऐतिहासिक आगमन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना का नौकायन प्रशिक्षण पोत आईएनएस सुदर्शनी 21 फरवरी 2026 को अपने चल रहे लोकायन-26 अभियान के तहत मिस्र के सफागा पहुंचा। 16 दिनों में 1,832 समुद्री मील की दूरी तय करते हुए सलालाह से सफागा तक का यह सफर चालक दल के लचीलेपन, आत्मविश्वास और सहनशक्ति का प्रतीक माना जा रहा है। पोत के आगमन पर मिस्र की नौसेना के अधिकारियों और भारतीय दूतावास के प्रतिनिधियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। पोत के



कमांडिंग ऑफिसर ने रेड सी और सफागा नौसेना बेस के बेस कमांडर रियर एडमिरल रामी अहमद इस्माइल मोहम्मद से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग और अंतर-संचालनीयता बढ़ाने पर जोर दिया गया। बंदरगाह पर ठहराव के दौरान भारतीय नौसेना मिस्र के नौसैनिकों के साथ पेशेवर बातचीत करेगी।

# नेपाल में भीषण सड़क हादसा



### यात्री बस नदी में गिरने से 6 महिलाओं समेत 18 की मौत, 27 घायल

*नई दिल्ली। सोमवार सुबह नेपाल में भीषण हादसा हो गया। पोखरा से काठमांडू जा रही एक बस के धादिंग में त्रिशूली नदी में गिरने से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। बस सुबह करीब 1:15 बजे बेनीघाट रोरंग ग्रामीण नगर पालिका के वार्ड 3 में चरौंडी के पास चिनाधारा में नदी में गिर गई। धादिंग के जिला ट्रैफिक पुलिस अफसर ने कहा कि मरने वालों की संख्या 18 हो गई है। इसमें महिलाएं भी शामिल हैं। इसके साथ ही कुल 27 यात्री घायल हुए हैं। बस पृथ्वी हाईवे पर जा रही थी, तभी रात करीब 1 बजे धादिंग जिले के बेनीघाट रोरंग ग्रामीण नगर पालिका-5 में भैसेपाटी इलाके के पास वह सड़क से उतर गई। गाड़ी ढलान से करीब 300 मीटर नीचे गिर गई और नदी किनारे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हालत में मिली।*

## 54000 ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड की गोलियां बरामद

# दिल्ली में 9 करोड़ की ड्रग्स गोलियां जब्त तस्करों के यूके तक जुड़े तार, 5 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने इंटरनेशनल ड्रग तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है। टीम ने 9 करोड़ रुपये कीमत की प्रतिबंधित साइकोट्रॉपिक गोलियां भी बरामद की हैं। इस मामले में 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक गिरोह के तार यूनाइटेड किंगडम तक जुड़े हुए थे और प्रतिबंधित दवाओं को लॉजिस्टिक्स कंपनियों व कूरियर सेवाओं के जरिए विदेश भेजा जाता था। डीसीपी (क्राइम ब्रांच) विक्रम सिंह ने बताया कि इस मामले की



शुरुआत पिछले साल 7 अक्टूबर को हुई थी, जब पुलिस टीम ने सरिता विहार में छापेमारी कर मोहम्मद आबिद (50) को गिरफ्तार किया। उसके पास से 54000 ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड की गोलियां बरामद हुई थीं। इसके बाद प्रकरण दर्ज कर जांच आगे बढ़ाई गई। छताछ में आबिद ने खुलासा किया कि वह गोलियां अपने रिश्तेदार जावेद खान से लेता था। जावेद को 30 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया। उसने सप्लाई चेन में शामिल सुनील कुमार का नाम बताया, जो समालखा स्थित प्रह्लाद लॉजिस्टिक्स का मालिक है। 2 नवंबर को सुनील कुमार और उसी दिन विष्णु दत्त शर्मा को गिरफ्तार किया गया। आगे की जांच में विकास सिंह उर्फ ईश्वर सिंह को भी पकड़ा गया, जबकि एक अन्य आरोपी नौशाद उर्फ बबलू को भगोड़ा घोषित करने की प्रक्रिया चल रही है।

## भारत ने जारी की देश की पहली नेशनल एंटी-टेरर पॉलिसी

# आतंकवाद पर फाइनल स्ट्राइकः जल, थल और नभ... अब हर मोर्चे पर होगा 'प्रहार' ड्रोन से लेकर डार्क वेब तक, चक्रव्यूह में फंसेगा आतंक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को देश की पहली व्यापक राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी नीति 'प्रहार' जारी की है। यह नीति बदलते वैश्विक और घरेलू सुरक्षा खतरों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। इसमें पारंपरिक सीमा पार आतंकवाद के साथ-साथ साइबर हमले, ड्रोन के जरिए तस्करी, क्रिप्टो फंडिंग, ऑनलाइन कट्टरपंथ और उभरती तकनीकों के दुरुपयोग जैसे नए खतरों को शामिल किया गया है। सरकार ने "जीरो टॉलरेंस" की नीति को दोहराते हुए स्पष्ट किया है कि आतंकवाद के खिलाफ अब और अधिक समन्वित, तकनीकी और सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्लीपर सेल और सोशल मीडिया प्रचार के जरिए इनकी गतिविधियां बढ़ रही हैं। 'प्रहार' में आतंकवादी संगठनों और संगठित अपराध के





एआई इमेज

बीच बढ़ते संबंधों को उजागर किया गया है। ड्रोन, एनक्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप, डार्क वेब और क्रिप्टोकरेंसी का इस्तेमाल कर आतंकी गतिविधियों को छिपाने और फंडिंग करने के नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। इससे सुरक्षा एजेंसियों के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। नीति के अनुसार, किसी भी आतंकी घटना में स्थानीय पुलिस पहली प्रतिक्रिया देगी।

### नीति लाने की मूल वजह

प्रहार नीति का मुख्य उद्देश्य देश को हर प्रकार के आतंकवादी खतरों से सुरक्षित करना है। इसमें रोकथाम, त्वरित कार्रवाई, कड़ी कानूनी प्रक्रिया और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को एक साथ जोड़ा गया है। यह नीति एक समग्र दृष्टिकोण अपनाती है, जिससे सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित हो सके। नीति में स्पष्ट किया गया है कि भारत को जल, थल और वायु तीनों मोर्चों पर खतरा है। इसके अलावा साइबर हमले और महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे बिजली, रेलवे, विमानन, बंदरगाह, रक्षा, अंतरिक्ष और परमाणु क्षेत्र भी निशाने पर हैं। राज्य और गैर-राज्य दोनों प्रकार के तत्व इन क्षेत्रों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं।

### डी-रेडिकलाइजेशन और सामाजिक भागीदारी

'प्रहार' केवल सैन्य या पुलिस कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें समाज की भागीदारी को भी अहम माना गया है। युवाओं में बढ़ते कट्टरपंथ को रोकने के लिए शुरुआती पहचान और सुधारात्मक कदम उठाने पर जोर दिया गया है। समुदाय के नेता, धार्मिक संस्थाएं, एनजीओ और जेल प्रशासन इस प्रक्रिया में शामिल होंगे।

# इस साल होलाष्टक के बीच शादियों के मुहूर्त!

जबलपुर। आज से होलाष्टक प्रारंभ हो रहा है। होलाष्टक में अगले 8 दिनों तक शुभ कार्य वर्जित रहेंगे। होलाष्टक में शादी, विवाह, गृह प्रवेश, आदि शुभ कार्य पर रोक रहती है, लेकिन इस बार होलाष्टक में विवाह सहित गृह प्रवेश और मुंडन संस्कार 27 फरवरी तक है। पंडित पीएल गौतमाचार्य के मुताबिक फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी से लेकर पूर्णिमा तिथि तक होलाष्टक माना जाता है। होलाष्टक होली दहन से पहले के 8 दिनों को कहा जाता है। इस बार 24 फरवरी से 3 मार्च तक होलाष्टक रहेगा। इस वर्ष होलिका दहन 2 मार्च को किया जाएगा और इसके बाद अगले दिन रंगों वाली होली खेली जाएगी।



### ये कार्य रहते हैं वर्जित

विवाह करना, वाहन खरीदना, घर खरीदना, भूमि पूजन, गृहप्रवेश, 16 संस्कार यज्ञ, हवन या होम, नया व्यापार शुरु करना नए वस्त्र या कोई वस्तु खरीदना, यात्रा करना, होलाष्टक को ज्योतिष की दृष्टि में एक दोष माना जाता है। विवाहिताओं को इस दौरान मायके में रहने की सलाह दी जाती है। होलाष्टक का प्रभाव तीर्थ क्षेत्र में नहीं माना जाता है। लेकिन इन 8 दिनों में जब मौसम परिवर्तित हो रहा होता है। सर्दी जा चुकी होती है व गर्मी प्रारम्भ हो जाती है। सुहावने वसन्त के पश्चात सब उदास से होने लगता है। भोजन में सर्दियों की सब्जियां बेस्वाद हो जाती हैं व गर्मी की सब्जियां अभी आने में समय होता है। इसलिए शरीर भी रोगों से प्रेरित रहता है। मन भी अवसाद की ओर प्रेरित रहता है। ऐसे में स्वयं के शरीर व मन का ध्यान रखना आवश्यक हो जाता है। अतः शुभ कार्य वर्जित माने गए हैं। होलाष्टक के आठ दिनों में व्रत, पूजन और हवन की दृष्टि से अच्छा समय माना गया है। ज्योतिष विज्ञान के अनुसार अष्टमी को चंद्रमा, नवमी तिथि को सूर्य, दशमी को शनि, एकादशी को शुक्र और द्वादशी को गुरु, त्रयोदशी को बुध, चतुर्दशी को मंगल तथा पूर्णिमा को राहु उग्र स्वभाव के हो जाते हैं। इन ग्रहों के निर्बल होने से मनुष्य की निर्णय क्षमता निर्बल हो जाती है जिसके चलते मनुष्य अपने स्वभाव के विपरीत फैसले लेने लगता है। यही कारण है कि व्यक्ति के मन को रंगों और उत्साह की ओर मोड़ दिया जाता है।

### क्यों कहते हैं इसे होलाष्टक

पहली कथा के अनुसार, भक्त प्रहलाद को उसके पिता ने हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र की भक्ति को भंग करने और उनका ध्यान अपनी और करने के लिए लगातार 8 दिनों तक उन्हें हर सम्भव यातनाएं और कष्ट दिए थे। भक्त प्रह्लाद ने उस दौरान श्री हरि का ध्यान किया व अंत में उनके दर्शन प्राप्त किये। अतः यह समय श्री हरि विष्णु का ध्यान करने का माना जाता है। इसलिए कहा जाता है कि, होलाष्टक के इन 8 दिनों में किसी भी तरह का कोई शुभ कार्य नहीं करना चाहिए। यह 8 दिन वहीं होलाष्टक के दिन है। होलिका दहन के बाद ही जब प्रहलाद जीवित बच जाते है तो उनकी जान बच जाने की खुशी में ही दूसरे दिन रंगों की होली मनाई जाती है। वहीं दूसरी कथा के अनुसार देवताओं के कहने पर शिवजी की तपस्या भंग करने के कारण जब कामदेव को शिवजी अपने तीसरे नेत्र से भस्म कर देते हैं तब कामदेव की पत्नी शिवजी से उन्हें पुनर्जीवित करने की प्रार्थना करती है। रति की भक्ति को देखकर शिवजी इस दिन कामदेव को दूसरा जन्म में उन्हें फिर से रति मिलन का वचन दे देते हैं। कामदेव बाद में श्रीकृष्ण के यहां प्रद्युम्न रूप में जन्म लेते हैं।



# संत गाडगे की 150वीं जयंती पर हुआ भंडारा

जबलपुर। भारत में स्वच्छता के जनक रजक समाज के संत गाडगे महाराज की 150वीं जयंती महोत्सव पर युवा रजक समाज सेवा समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन सुपर मार्केट हनुमान मंदिर में किया गया, जो उपदेश बाबा जी के थे उन उपदेशों को आत्मसात करते हुए युवा रजक समाज सेवा समिति ने पांच क्विंटल कढ़ी-चावल का वितरण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नीशुतोष मालवीय, नगर अध्यक्ष राजकुमार रजक, नगर संघरचक विवेक रजक, नगर संयोजक राहुल रजक, उपाध्यक्ष सुशील रजक, कोषाध्यक्ष राजेंद्र रजक, सचिव जय सिंह रजक, सचिव संजीव रजक, भगवत प्रसाद रजक, सुरेंद्र रजक, मनोहर रजक, संजय मालवीय, प्रेम नारायण गोविंद रजक, रामगोपाल रजक, इंद्र कुमार रजक, प्रहलाद रजक, प्रशांत रजक, दीपक रजक का सहयोग रहा।

# अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद मनोरमा संभाग का अधिवेशन एवं अलंकरण समारोह आयोजित



जबलपुर। अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद के मनोरमा संभाग का गरिमामय संभागीय अधिवेशन एवं अलंकरण समारोह 'नवरंग 2026' भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण, दीप प्रज्ज्वलन, मंगलाचरण एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। मंगलाचरण प्रतिभा जैन तथा स्वागत नृत्य मोनिका जैन द्वारा प्रस्तुत किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि सुबोध जैन (कामरेड), पूर्व राज्य मंत्री शरद जैन, सत्येंद्र जैन 'जुग्गु', डॉ. विमला चौधरी जैन, डॉ. कुसुम जैन, विजयलक्ष्मी जैन, रेखा बिनोद जैन एवं विनिता सिंह राठौर उपस्थित रहीं। सभी पदाधिकारियों को उनके कार्यकाल में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के आधार पर सम्मानित किया गया। विभिन्न शाखाओं द्वारा बैनर, प्रेजेंटेशन एवं एलबम प्रस्तुत किए गए, जिनका निर्णय निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में परिषद की वरिष्ठ पदाधिकारी मंजुला जैन, श्रीमती रानी जैन, साधना बड़कुल, सुषमा पार्षद, मीना जैन, सुनीता मैक्स, नीलम जड़ी-बूटी, साधना गायिका, संध्या कौशल, मौली, सविता जैन, संध्या शांत सहित अनेक बहनों का विशेष सहयोग रहा। संभाग की जूड़ी, तलैया, पनागर, पाटन, गढ़ा, कोनीनी, भिजुरी, जागृति, नेमीनाथ शाखा, बालाघाट, बहोरीबंद एवं शक्तिनगर शाखा का उल्लेखनीय योगदान रहा। संभागीय अध्यक्ष स्नेहलता जैन के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मंच संचालन संभागीय सचिव सीमा जैन ने किया।

# ब्रह्माकुमारी शिव दर्शन भवन गढ़ा में हुआ ब्रह्माभोज का आयोजन



जबलपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भंवरताल गार्डन नेपियर टाउन संस्कारधानी जबलपुर की मुख्य संचालिका बीके भावना बहन के निर्देशन में बी.टी. तिराहा स्थित छोटी बजरिया गढ़ा शिव दर्शन केंद्र में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर 14 दिवसीय द्वादश ज्योतिर्लिंग की भव्य एवं मनोहर झांकियों का आयोजन विगत दिनों श्रद्धा भक्ति एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सफलतापूर्ण संपन्न होने के उपलक्ष्य में विगत दिवस विशाल ब्रह्माभोज का आयोजन किया गया। ब्रम्हाकुमारी गढ़ा सेंटर की संचालिका ब्रम्हाकुमारी मीना व ज्योति बहन के संयोजन में आयोजित ब्रम्हाभोज में वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर अरुण मिश्रा, यदुवंश मिश्रा, के.के शुक्ला, विक्रम गौतम, पंडित शिवगणेश गौतम, दीपांशु शुक्ला, पूर्व विधायक शशि ठाकुर, पार्षद अंशुल/राघवेंद्र यादव, एडवोकेट रामकिशोर शिवहरे, रितेश सिंह, दुर्गा मंदिर के पंडित विनोद चौबे, सरदार बलराज सिंह, प्रकाश चौबे, जगदेव पटेल, संतोष चक्रवर्ती, वीरेंद्र भाई, विक्रांत तरुण, सुखमणि बहन, देवसिंह उइके उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बी.के. वीरेंद्र भाई ने तथा आभार प्रदर्शन ब्रम्हाकुमारी ज्योति बहन ने किया। इस दौरान भारी संख्या में ब्रह्मा कुमार भाई-बहन एवं क्षेत्रीय जनमानस की उपस्थिति रही।



# काली बोरी में नोट लेकर एफआईआर दर्ज कराने कलेक्ट्रेट पहुंचे मोर्चा सदस्य

जबलपुर। मध्य भारत मोर्चा के सदस्य काली बोरी में नकली नोट लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे, विगत दिनों राजमार्ग ओवरब्रिज का हिस्सा गिरने से मध्य भारत मोर्चा के सदस्यों द्वारा अध्यक्ष सौरभ यादव के नेतृत्व में काली बोरी में नकली नोट प्रतीकात्मक तौर पर अधिकारी को भेंट किए गए। मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव ने कहा कि उक्त घटना में जितना जवाबदार ठेकेदार है, उतना ही जवाबदेह अधिकारी और इंजीनियर भी हैं जिन पर भी एफआईआर होनी चाहिए। मोर्चा सदस्यों ने संयुक्त कलेक्टर निदिमा श्री को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर दोषी अधिकारियों पर संवैधानिक कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन के दौरान सौरभ यादव, दिलीप विश्वकर्मा, निहाल यादव, सोनू साहू, आकाश, राजा बाबा, जानू शर्मा, बल्लू पटेल, निक्की विश्वकर्मा, शोभित राजपूत, डीके सुमित आदि उपस्थित रहे।



# रोटरी क्लब साउथ ने मनाया 121 वां स्थापना दिवस

जबलपुर। रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा रोटरी इंटरनेशनल का 121वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष सारंग भिड़े एवं सचिव अखिल खंडेलवाल के नेतृत्व में किया गया। पूर्व अध्यक्ष अरुण कान्त अग्रवाल ने कहा कि किसी भी संस्था की प्रगति नियमितता, निरंतरता, विश्वसनीयता और विनम्रता पर आधारित होती है। इन मूल्यों के कारण ही रोटरी आज लगभग 220 देशों में सक्रिय है। इस अवसर पर रोटरी इंटरनेशनल की काउंसिल ऑन लेजिस्लेशन के लिए पूरे डिस्ट्रिक्ट से सदस्य चुने जाने पर पूर्व प्रांतपाल रोटे. सुनील फाटक तथा रोटरी के राष्ट्रीय कार्यक्रम 'दिशा' में सचिव पद पर मनोनीत पूर्व प्रांतपाल रोटे. अखिल मिश्र का अभिनंदन किया गया। पूर्व प्रांतपाल अखिल मिश्र ने बताया कि रोटरी के संस्थापक पॉल हैरिस ने तीन मित्रों के साथ मैत्री और साहचर्य के उद्देश्य से इस संस्था की स्थापना की थी, जो आज "स्वयं से परे सेवा" के सिद्धांत पर चलते हुए विश्वभर में लगभग 12 लाख रोटेरियनों के माध्यम से मानव सेवा में संलग्न है। पूर्व प्रांतपाल सुनील फाटक ने ग्लोबल ग्रांट के माध्यम से संचालित वृहद सेवा परियोजनाओं और अनुदान योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष प्रमोद कुमार वैश्य, रोहित माटा, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, मुकेश सोनी, मकरंद कुलकर्णी, अनंत डिके, राकेश गिरदोनियां, आशीष गुप्ता, रवि वैश्य एवं संतोष जैन सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# आचार्य श्री विद्यासागर कप जैन प्रीमियर लीग, क्वार्टर फाइनल में दिखा रोमांच



जबलपुर। आचार्य श्री विद्यासागर कप जैन प्रीमियर लीग सीज़न–4 के 13वें दिन प्रतियोगिता क्वार्टर फाइनल चरण में पहुंच गई। कार्यक्रम का शुभारंभ णमोकार मंत्र एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू भैया, मध्य उत्तर के विधायक डॉ. अभिलाष पांडेय, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्र, महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स से रवि गुप्ता, अनिल जैन पाली, प्रकाश राठौर, आशीष जैन लालू, राजकुमार रजक (समाज अध्यक्ष), भाजपा के वरिष्ठ नेता रम मूर्ति मिश्रा, सचिन सहारा, सिद्धार्थ एवं डॉ. रोमिल सिंघई की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराया तथा मैन ऑफ द मैच ट्रॉफी प्रदान की। सभी टीमों को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पर बधाई दी गई। दर्शकों ने उत्साहपूर्वक मुकाबलों का आनंद लिया। आयोजन समिति में गौरव जैन, अंकित गोलू, यशो, मयंक, प्रसन्ना बाबू, अमित जैन बासु एवं नितेश जैन की सक्रिय भूमिका रही। प्रतियोगिता का रोमांच अब क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में और बढ़ेगा।

# पूज्या साध्वी सुषमा दीदी जी की प्रथम पुण्यतिथि आज

जबलपुर। साध्वी सुषमा दीदी की प्रथम पुण्यतिथि आज मंगलवार को श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाई जाएगी। फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष अष्टमी तिथि को उनके गोलोकवास का एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक पूजन-अर्चन, हवन एवं ब्राह्मण भोज-भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वे अनंत श्री विभूषित श्रीमद्जगद्गुरु कृष्ण किंकर जी महाराज की विशेष कृपापात्र परम शिष्या थीं।



पुण्यतिथि के अवसर पर पूजन उपरांत पूज्य सद्गुरुदेव भगवान का जन्मोत्सव एवं चरण पादुका पूजन कार्यक्रम भी विधि-विधान से संपन्न होगा। श्रीगोलोक धाम के नरसिंह रंगा, विष्णु पटेल, रंधावा सिंह, एड. रोहित दुबे, आर.एम. केटले, जगदीश पटेल, मालती वर्मा, राजेश रंगा, मनीष रंगा, श्रीलेखा नायर, सरिता पटेल, सुनीता पटेल, एम.पी. चौबे, वीरेंद्र पांडे, डॉ. एम.एम. निगम, अवधेश वर्मा, अनिल दुबे, एड. सूरज पटेल, संजय दुबे, अजय गोलाईत, सुदर्शन सिंह, दिनेश पटेल, प्रशांत पटेल, वीरेंद्र विश्वकर्मा, मुन्ना पटेल, विवेक केटले, आशीष कुशवाहा, अखिलेश, कमलेश, मोनू पटेल, बिट्टू पांडे, मनीष पटेल, रोहिणी तिवारी, मुकेश विश्वकर्मा सहित समस्त गुरु भाई-बहनों एवं श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

# गंभीर हेड इंजरी के बाद सफल सर्जरी, मरीज की हालत में सुधार

जबलपुर। सेहोर निवासी रोहित बर्मन को गंभीर सिर की चोट के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां जांच में उनके माथे की हड्डी (फ्रंटल बोन) में डिप्रेस्ड फ्रैक्चर तथा चेहरे की कई हड्डियों में मल्टीपल फ्रैक्चर पाए गए। चोट के कारण माथा अंदर धंस गया था और मस्तिष्क पर लगातार दबाव बन रहा था। जटिल स्थिति को देखते हुए गैलेक्सी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में विशेषज्ञ सर्जन डॉ. विवेक गुप्ता एवं डॉ. पुनीत दीक्षित की टीम ने सफल ऑपरेशन किया। सर्जरी के दौरान धंसी हुई फ्रंटल बोन को सही स्थिति में स्थापित कर चेहरे की हड्डियों का पुनर्निर्माण किया गया। उन्नत तकनीक के तहत टाइटेनियम इम्प्लांट मेष का उपयोग किया गया, जिससे हड्डियों की मजबूती बहाल करते हुए चेहरे की प्राकृतिक संरचना सुरक्षित की जा सकी। चिकित्सकों के अनुसार ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा है और मरीज की स्थिति अब स्थिर है। वर्तमान में रोहित बर्मन चिकित्सकीय निगरानी में हैं और उनके स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन एवं चिकित्सा टीम के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# जायका टीम ने एमपी ट्रांसको की ट्रांसमिशन लाइन एवं सब-स्टेशन का किया निरीक्षण

## एसएलडीसी और स्काडा सेंटर की कार्यप्रणाली की सराहना

हरिभूमि जबलपुर।

जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जायका) की टीम ने मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी में संचालित जायका-2 वित्त पोषित परियोजनाओं के अंतर्गत ट्रांसमिशन नेटवर्क सुदृढ़ीकरण कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जापान की इवैल्यूएटर सुश्री हिसाए ताकाहाशी एवं भारतीय प्रतिनिधि कुनाल गुप्ता ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, उपयोगिता तथा अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप क्रियान्वयन की बारीकी से जांच की।

### ढीमरखेड़ा सबस्टेशन एवं ट्रांसमिशन लाइन का अवलोकन



टीम ने 132 केवी सबस्टेशन ढीमरखेड़ा एवं 132 केवी पनागर–ढीमरखेड़ा ट्रांसमिशन लाइन का निरीक्षण किया। लोन स्वीकृति के समय प्रस्तुत प्रारंभिक योजना, परियोजना के क्रियान्वयन, स्थापित उपकरणों की गुणवत्ता, लागत एवं रखरखाव संबंधी पहलुओं की विस्तार से जानकारी ली गई। निरीक्षण उपरांत सुश्री ताकाहाशी ने निर्माण कार्य को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बताते हुए संतोष व्यक्त किया।

### स्थानीय महिलाओं से लिया फीडबैक

सबस्टेशन की उपयोगिता जानने के लिए जायका टीम ने स्थानीय महिलाओं से भी चर्चा की। महिलाओं ने बताया कि परियोजना के बाद क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। सिंचाई हेतु पर्याप्त एवं निर्बाध विद्युत मिलने से आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन आया है।

### एसएलडीसी एवं स्काडा सेंटर का किया अवलोकन

टीम ने स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) एवं स्वदेशी तकनीक पर आधारित स्काडा कंट्रोल सेंटर का भी निरीक्षण किया। कार्यप्रणाली, रीयल-टाइम मॉनिटरिंग एवं ग्रिड प्रबंधन की प्रणाली की सराहना की गई।

ये अधिकारी रहे उपस्थित

निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता के.एम. सिंघल, अधीक्षण अभियंता आर.सी. शर्मा, कार्यपालन अभियंता ए.पी.एस. चौहान, शशि शेखर, रविराज पटेल तथा सहायक अभियंता जितेन्द्र तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सस्ती बिजली तथा "फ्री स्मार्ट मीटर" पर सरकार की वादाखिलाफी का विरोध आज

## जनसुनवाई का करेंगे बायकाट

जबलपुर। सात जनसंगठनों ने पूर्व क्षेत्र हेतु 24 फरवरी को नियामक आयोग द्वारा आयोजित जनसुनवाई का बायकाट करने का निर्णय लिया है। यह बायकाट सस्ती बिजली तथा "फ्री स्मार्ट मीटर" के संबंध में प्रदेश सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में किया जायेगा। डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने बताया कि 22 सितंबर 2025 को जीएसटी रेट घटाने से तथा कोयले पर 400 रुपये प्रति टन काम्पेनसेशन सेस हटाने से बिजली सस्ती होगी, यह वादा प्रदेश सरकार ने किया था। यह भी वादा किया गया था कि स्मार्ट मीटरों की कीमत तथा अन्य खर्च उपभोक्ताओं से वसूले नहीं जायेंगे तथा उनके परिसरों में "फ्री स्मार्ट मीटर" लगेंगे। किंतु सच्चाई बिलकुल उल्टी है। सस्ती बिजली की जगह बिजली के रेट 10.19 प्र.श. से बढ़ाने तथा स्मार्ट मीटरों का पूरा खर्च उपभोक्ताओं से वसूलना सरकारी बिजली कंपनियों ने प्रस्तावित किया है। यह वादाखिलाफी है। इसलिए बायकॉट कर विरोध दर्शाया जायेगा। बैठक में रजत भार्गव, टी.के. रायघटक, डी.के. सिंग, सुभाष चंद्रा, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, पी.एस. राजपूत, राजेश गिदरोनिया, आदि उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं सतीश पटेल, पिता लालचंद पटेल निवासी खेरमाई के पास ग्राम केवलारी फूटाताल तह. पनागर जिला जबलपुर म.प्र. मेरे पुत्र साहित्य पटेल (Sahitya Patel) के आधार कार्ड में उसका नाम त्रुटि वश कार्तिक पटेल (Kartik Patel) दर्ज हो गया है जबकि उसके शैक्षणिक संस्थान आदि में उसका नाम साहित्य पटेल (Sahitya Patel) दर्ज है मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम कार्तिक पटेल (Kartik Patel) के स्थान पर सही नाम साहित्य पटेल (Sahitya Patel) दर्ज किया जावे एवं भविष्य में उसे साहित्य पटेल (Sahitya Patel) के नाम से ही जाना पहचाना जावे।

पुराना नाम : कार्तिक पटेल (Kartik Patel)
नया नाम : साहित्य पटेल (Sahitya Patel)

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/243
दिनांक :- 23/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री अनुराग त्रिवेदी (2) श्री आलोक त्रिवेदी (3) श्री अमिताभ त्रिवेदी तीनों के पिता स्व. श्री भवानी शंकर त्रिवेदी ने मकान नं. 1190 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 1054 व.फु. शपथपत्र/सहमति पत्र/मृत्यू प्रमाणपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/241
दिनांक :- 23/03/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री विजय कुमार राय पिता श्री प्रभुदयाल राय (2) श्रीमती किरण राय पिता श्री विजय कुमार राय ने मकान नं. 1582/एलजी-7 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 200 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**आम सूचना**


आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकारा श्रीमति ज्योति मिश्रा पति श्री दीपेन्द्र मिश्रा, निवासी 1235, अम्बा टेन्ट हाउस के पास, शाहीनाका गढ़ा, जबलपुर वालों की ओर से अधिकृत होकर कुमारी पुष्पा रघुवंशी पिता श्री जौध सिंह रघुवंशी निवासी म.नं. 89, मढ़ई व्हीकल फैक्टरी तह व जिला जबलपुर वालों से उनके स्वामित्व की सम्पत्ति मौजा गढ़ा, तह. गोरखपुर जिला जबलपुर, नं. बं. 599, प.ह.न. नं. 28/33, स्थित भूमि ख.नं. 155/4/2,रकवा 2000 वर्गफुट में से कुल विक्रय रकवा 15.4 x 46 यानी 708.4 वर्गफुट सम्पत्ति को खरीद करने का अनुबंध कर लिया है। इसके उपरांत विक्रय पत्र का निष्पादन निकट भविष्य में होना तय किया गया है। अतः उपरोक्त सम्पत्ति के संबंध में यदि कोई व्यक्ति, संस्था, वित्तीय संस्थान, आदि को कोई भी भार अथवा लेन-देन या अनुबंध निकलता हो या न्यायालयीन कार्यवाही लंबित हो तो आपत्तिकर्ता दस्तीवेजी साक्ष्य के साथ मेरे कार्यालय में इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के अंदर उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें।

अन्यथा की स्थिति में किसी का हक्क हिस्सा या अनुबंध शून्य व निराधार माना जावेगा।

जबलपुर, दिनांक 23/02/2026

अधिवक्ता
उमाशंकर झारिया
हरदौल मंदिर के पास गढ़ा, जबलपुर
मो.नं. 9300787944

# सहेली



एक बार जीवनसाथी से इमोशनल बॉन्डिंग कम होने लगे तो मैरिटल आइसोलेशन की पीड़ा मिलना तय है। ऐसे हालात में एक ही घर में रहने वाले, साथ जीवन बिताने वाले दंपती आपस में अपरिचित लगने लगते हैं। दांपत्य जीवन में यह स्थिति बहुत खतरनाक है। इससे कैसे बचा जाए और कैसे दांपत्य जीवन मधुर रहे, आपके लिए जरूरी सलाह।

## मैरिटल आइसोलेशन से बचें
## बनाए रखें इमोशनल बॉन्डिंग

कवर स्टोरी

स्नेहा सिंह

प्रायः यह देखा जाता है, शादी के कुछ समय बाद पति-पत्नी के बीच पहले जैसा आकर्षण नहीं रहता है या फिर इस आकर्षण में उन्हें कोई रुचि नहीं रहती। कारण अनेक हो सकते हैं, लेकिन समाधान क्या है, यह विचारणीय है। सामान्यतः विवाह के कुछ वर्ष बीतते ही यह भावना किसी एक या दोनों पक्षों में जन्म लेने लगती है। पति या पत्नी या फिर दोनों यह मानने लगते हैं कि उनके लाइफ पार्टनर को उनमें कोई रुचि नहीं रही। वे उन्हें अकेला छोड़ देते हैं। वास्तविकता यह है कि आप एक ही बिस्तर पर सोते हैं, एक ही डिनर टेबल पर बैठते हैं, साथ में टीवी देखते हैं, एक ही संतान या संतानों का पालन-पोषण मिलकर करते हैं और फिर भी अकेलापन महसूस होता है। आप सहवास करते हैं, पर उसमें प्रेम नहीं होता। आप बात करते हैं, उसमें उत्साह नहीं होता। आप साथ रहते हैं, उसमें कहीं भी सच्चा साथ नहीं होता। यह अकेलेपन का वायरस आसानी से समझ में नहीं आता है। धीरे-धीरे मन में घर करता है और फिर अपने पांव पसारता है। जब तक बीमारी समझ में आती है, तब तक वैवाहिक जीवन में अकेलापन, ऊब और अवसाद फैल चुका होता है। व्यक्ति इमोशनल मालन्यूट्रिशन (एक मनोवैज्ञानिक अवस्था, जिसमें आपसी लगाव कमजोर होने लगता है) का शिकार होने लगता है।



### अपनी-अपनी दुनिया में खोए पति-पत्नी

अकसर देखा जाता है कि पति-पत्नी साथ बैठे होते हैं, एक ही व्हाट्सएप ग्रुप में दस-पंद्रह बार मैसेज पोस्ट करते रहते हैं, लेकिन एक-दूसरे से बात नहीं करते। बेडरूम में साथ होंगे, लेकिन दोनों अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में बिजी रहते हैं। वर्चुअल दुनिया में घूमते दोनों आपसी संवाद से दूर होते हैं फिर अकेलेपन और नीरस वैवाहिक संबंध की शिकायत करते हैं। इसी संदर्भ में एक उदाहरण- निक्की और वेद की शादी को तीन वर्ष ही हुए थे। दोनों उच्च शिक्षित हैं, संपन्न परिवारों से हैं। वेद अपना फैमिली बिजनेस संभालता, जबकि निक्की अधिकतर समय घर पर बिताती, अपने मित्रों और सास के साथ मिलकर कुछ चैरिटी के काम करती। वह एक छोटा-सा संगठन भी चलाती थी। यह संस्था मूलतः उसकी सास के लिए उसके ससुर ने शुरू की थी, लेकिन निक्की उसमें थोड़ा समय देकर स्वयं को सक्रिय रखती थी। बाकी समय वह घर पर ही रहती। स्थिति तब बदली जब उसके सास-ससुर, वेद के बड़े भाई के पास रहने अमेरिका चले गए। अब घर में केवल दो ही लोग रह गए, वेद और उसकी पत्नी निक्की। शुरुआत में वेद के घर आने के बाद निक्की उत्साह से खाना बनाती, घर को नए-नए तरीके से सजाती। मित्रों को बुलाकर पार्टी करती। वेद भी उत्साह से उसमें शामिल होता। कुछ महीनों तक यह उत्साह बना रहा, फिर धीरे-धीरे उसमें कमी आने लगी। अब स्थिति यह हो गई कि कई बार वेद बिजनेस मीटिंग के कारण देर से आता, कभी अपने चपरासी से कपड़े मंगवा लेता और ऑफिस से ही सीधे



बिजनेस ट्रिप पर चला जाता। शहर में भी होता तो ऑफिस पार्टी या अन्य कारणों से देर से घर आता। यह सिलसिला धीरे-धीरे बढ़ने लगा। निक्की कई बार वेद की पसंद का खाना बनाती, लेकिन वह बाहर से डिनर करके आता या आधी रात को लौटकर खाना ही नहीं खाता। छुट्टी के दिन भी वह कमरे में लैपटॉप लेकर बैठा रहता, काम करता रहता। धीरे-धीरे वेद और निक्की के बीच सारे संवाद बंद से हो गए। वेद-निक्की, जो कभी लव बर्ड्स थे, अब एक-दूसरे पर चिल्लाते-गुस्साते। निक्की को लगने लगा कि वेद को अब उसमें कोई रुचि नहीं है। शादी हो गई, पत्नी मिल गई, अब सब समाप्त। दूसरी ओर वेद को लगता कि निक्की देर तक जाग नहीं सकती, पार्टियों में साथ नहीं आ पाती, इसलिए उसका घर में रहना ही बेहतर है। संबंधों में यह उपेक्षा कभी स्वाभाविक रूप से तो कभी जानबूझकर होती है। अन्य पारिवारिक संबंधों में इसे कुछ समय तक सहा जा सकता है, लेकिन जब पति-पत्नी ही एक-दूसरे की उपेक्षा करने लगें तो वैवाहिक संबंध अपने मायने खो देते हैं। शेष बचता है संताप, जो अत्यंत घातक है।

### चाहिए एक मास्टर प्लान

हम सभी को एक बात स्वीकार करनी होगी, घर हो या संबंध, उसे संभालने के लिए एक मास्टर प्लान चाहिए। जिस प्रकार घर बसाने के बाद उसकी देखभाल की प्लानिंग की जाती है, उसी तरह विवाह के बाद संबंध को बनाए रखने की भी एक प्लानिंग बनानी चाहिए। इक्कीसवीं सदी की जीवनशैली में इस तरह का मास्टर प्लान और भी जरूरी हो गया है, क्योंकि हम भौतिक जीवन को महत्व देने लगे हैं। कई बार हम वस्तुएं देकर संबंध बनाते और निभाते हैं, भावनाएं नहीं होती हैं। हम भावनाओं की बचत करते हैं और पैसे खर्च करते हैं, इसी कारण संबंध सिंथेटिक होते जा रहे हैं। हमें इससे बचना चाहिए, जीवन में भावनाओं का महत्व समझना चाहिए।

### बहुत जरूरी है पति-पत्नी के बीच विश्वास

पति-पत्नी के संबंध बने रहें, इसके लिए सबसे अधिक जरूरी है, एक-दूसरे के प्रति विश्वास। जीवन किसी भी स्थिति में हो, अपने जीवनसाथी से हमेशा संवाद बनाए रखना चाहिए। अपनी समस्याओं पर खुलकर बात करना चाहिए, इससे समस्याओं का समाधान निकलता है। जीवनसाथी से अधिक सहजता से कोई आपकी कठिनाइयों को नहीं समझ सकता और न सही समाधान दे सकता है। पति-पत्नी यदि एक-दूसरे को 'आई लव यू' न भी कहें, इससे बहुत फर्क नहीं पड़ता, लेकिन यदि प्रेम का अहसास एक-दूसरे को न कराएं तो रिश्ते अपना अर्थ खो देते हैं। व्यक्ति अकेलेपन को दूर करने के लिए जीवनसाथी खोजता है, यदि विवाह के बाद भी वह अकेलापन महसूस करे तो यह गंभीर चिंता का विषय हो जाता है, क्योंकि विवाह संस्था समाज की सबसे बड़ी आधारशिला है।

### बनाए रखें संवाद

दांपत्य जीवन में आज के समय में हमारी सबसे बड़ी समस्या यह है कि हम जीवनसाथी से संवाद करना ही भूल जाते हैं। जिसके साथ रहते हैं, जीवन बिता रहे हैं, उसी से बात करने की जरूरत नहीं महसूस करते। हम उसके स्वभाव, प्रतिक्रिया और विचारों को लेकर अपनी गलत धारणाएं बना लेते हैं, उसी आधार पर प्रतिक्रिया देते हैं। गलत धारणाओं से शुरू हुआ यह चक्र धीरे-धीरे विषचक्र बन जाता है। हमें यह स्वीकार करना चाहिए, दांपत्य की हर समस्या-कठिनाई का समाधान पति-पत्नी के आपसी संवाद में ही है। यदि समाधान बाहर ढूंढेंगे तो स्थिति और उलझेगी। अपने जीवनसाथी के साथ रहकर भी यदि हम उसे समझ न सकें और स्वयं को भी न समझा सकें, तो दांपत्य के मायने खो जाते हैं। एक बार जीवनसाथी के साथ इमोशनल बॉन्डिंग कम होने लगे तो मैरिटल आइसोलेशन की पीड़ा जन्म लेगी ही, हमें इससे बचना चाहिए। हमेशा यह कोशिश होनी चाहिए, दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहे। a


---

कुछ लोग अपना ध्यान किसी काम में केंद्रित नहीं कर पाते हैं, पल भर में उनका ध्यान किसी दूसरी ओर चला जाता है, दूसरे ही पल फिर किसी और तरफ। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो अमल में लाएं यहां बताई बातें।

## क्या आपको अपना ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होती है?

सलाह

विधि गोयल



क्या आपका मन भी किसी एक चीज पर फोकस नहीं कर पाता, इधर-उधर ध्यान भटकता रहता है यानी, ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होती है, चाहकर भी ध्यान केंद्रित नहीं हो पाता, तो आप इसको नजरअंदाज न करें और सावधान हो जाएं। क्योंकि इसका अर्थ है कि आप एकाग्रता की कमी की समस्या का शिकार हो रही हैं।

**न्यूरोडेवलपमेंट डिसऑर्डर की प्रॉब्लम:** अगर किसी को ध्यान केंद्रित करने में परेशानी हो रही है, तो इसका एक कारण अटेंशन डेफिसिट हाइपर एक्टिविटी डिसऑर्डर (ए. डी. एच. डी.) हो सकता है। यह एक न्यूरोडेवलपमेंट डिसऑर्डर है, जो ध्यान और एकाग्रता जैसी समस्याओं को प्रभावित करता है। कुछ लोग चीजें भूलने लग जाते हैं, उन्हें बेचैनी रहती है और एक जगह बैठने में दिक्कत होती है। ये सभी अटेंशन डेफिसिट हाइपर एक्टिविटी डिसऑर्डर के लक्षण होते हैं, जिसके कारण ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होती है। इसके अलावा शॉर्ट अटेंशन स्पैन के कई अन्य कारण डिप्रेशन, नींद में कमी या सोशल मीडिया पर ज्यादा समय बिताना भी हो सकता है। ध्यान केंद्रित न होने की समस्या को सोशल मीडिया का समय तय करने के अलावा लाइफ में कुछ अन्य बातों को अमल में लाकर आप अपने कामों में ध्यान केंद्रित करने की आदत में काफी हद तक सुधार ला सकती हैं। इस बारे में आपको भी जरूर जानना चाहिए।



**रेग्युलर ब्रेक लें:** बर्नआउट से बचने के लिए काम के दौरान छोटे-छोटे ब्रेक लें, इससे माइंड रिलैक्स होगा, थकान से राहत मिलेगी और एकाग्रता में सुधार आएगा।

**ब्रेन गेम्स खेलें:** हर वक्त काम में बिजी रहने से टेंशन और एंग्जाइटी होती है। इससे बचने के लिए सुडोकू, क्रॉसवर्ड, बुक रीडिंग, पहेलियां और मेमोरी गेम्स खेलें। इससे एकाग्रता बढ़ती है।

**टाइम मैनेजमेंट करें:** हर रोज सभी कार्यों को समय पर करने के लिए पहले से प्लानिंग करके टू डू लिस्ट तैयार करें। इससे सभी कार्य समय पर पूरे होते हैं, जिससे एकाग्रता में सुधार होता है। इसके अलावा रोज के काम जरूर पूरा करें। कार्य को कल पर टालने से बचें।

**माइंडफुलनेस की प्रैक्टिस करें:** माइंडफुलनेस और मेडिटेशन से सांसों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है और मन को भटकाने वाले विचारों से राहत मिलती है और ब्रेन को बेहतर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है।


**पर्याप्त नींद लें:** नींद की कमी से भी एकाग्रता की कमी की समस्या होती है। इसलिए व्यस्त दिनचर्या के कारण शरीर को होने वाली थकान से बचाने के लिए रात में 7 से 9 घंटे की भरपूर नींद लें। इससे शरीर और दिमाग रिलैक्स होगा और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बेहतर होगी।

**हाइड्रेटेड रहें और हेल्दी डाइट लें:** हेल्दी डाइट लेने से एकाग्रता और याद्दाश्त पर सीधा प्रभाव पड़ता है। एकाग्रता बढ़ाने के लिए मछली, अंडे, ब्लूबेरी और पालक जैसे खाद्य पदार्थ डाइट में शामिल करें। साथ ही शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए भरपूर मात्रा में पानी पिएं। इससे भी फोकस बढ़ता है।

**वर्कआउट से मिलता है लाभ:** नियमित रूप से एक्सरसाइज करने से शरीर में ब्लड का सर्कुलेशन ठीक होता है, जिससे ऑक्सीजन का प्रवाह बढ़ जाता है और शरीर दिनभर एक्टिव और हेल्दी रहता है। रोज केवल 30 मिनट वॉक करने से भी फोकस करने की क्षमता काफी बेहतर होती है। a

(मनोचिकित्सक डॉ. मीनाक्षी मनचंदा से बातचीत पर आधारित)

---



हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## आपके बाल दिखेंगे घने-खूबसूरत
## अपनाएं ये आसान कारगर उपाय

घने और खूबसूरत बाल हर महिला की चाहत होती है, लेकिन खराब जीवनशैली और भाग-दौड़ भरी व्यस्तता में बालों की अच्छी तरह देखभाल करना किसी चुनौती से कम नहीं लगता है। इसके अलावा अधिकतर महिलाएं चेहरे को निखारने पर जितना ध्यान देती हैं, उतना बालों की देखभाल पर नहीं देती हैं। इससे बाल रूखे, बेजान और कमजोर होने लगते हैं। इनसे बचने के लिए आपको कुछ उपायों पर अमल करना चाहिए।

**रेग्युलर क्लीनिंग:** बालों की अच्छी देखभाल के लिए सबसे जरूरी है कि आप अपने बालों को अच्छी तरह से नियमित धोएं और इसके लिए केमिकल के बजाय नेचुरल चीजों को यूज करें। दरअसल, बाजार में मिलने वाले केमिकल प्रोडक्ट्स के नियमित प्रयोग करने से बालों पर काफी बुरा असर पड़ता है। इससे बचने के लिए आप घर पर ही हेयर क्लींजर तैयार कर सकती हैं। इसके लिए आप आंवला, रीठा और शिकाकाई का उपयोग कर सकती हैं। यह आपके बालों को पोषण देने के साथ-साथ स्कैल्प को भी साफ करता है। इस हेयर वॉशर को बनाने के लिए एक मुट्ठी सूखा रीठा, शिकाकाई और आंवला लें। इन्हें एक लीटर पानी में डालकर रात भर भीगने के लिए रख दें। अगले दिन इनको पानी के साथ धीमी आंच पर तब तक उबालें, जब तक कि पानी आधा न रह जाए। लेकिन इसको तेज आंच पर न उबालें। अब इस मिश्रण को ठंडा होने दें और फिर छलनी की मदद से इसे छान लें। फिर इस मिश्रण का इस्तेमाल अपने बालों को धोने के लिए करें। इससे आपके बाल पूरी तरह साफ हो जाएंगे और केमिकल्स के दुष्प्रभावों से भी बचे रहेंगे।



**हेयर ऑयलिंग:** बालों की ऑयलिंग करने से भी उनको बहुत मजबूती मिलती है। इसके लिए बालों में हल्के हाथ से तेल से मसाज करें। इससे बालों की कोशिकाओं में रक्त का संचार बढ़ता है। इससे बाल कोमल और चमकदार हो जाते हैं। ध्यान रहे कि आपको बालों को तेजी से रगड़ना नहीं है। आप बालों में नारियल का तेल या जैतून का तेल लगा सकती हैं। बालों को स्वस्थ बनाने में बादाम का तेल भी बहुत कारगर होता है।

**डेंड्रफ दूर करने के लिए:** बालों में डेंड्रफ यानी रूसी की समस्या से भी बहुत सी महिलाएं परेशान रहती हैं। इससे बाल कमजोर होकर झड़ने भी लगते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए शुद्ध नारियल का तेल या तिल का तेल इस्तेमाल करना कारगर है। आप शुद्ध जैतून का तेल गर्म करके भी लगा सकती हैं।

इन उपायों के अलावा मजबूत और खूबसूरत बालों के लिए लाइफस्टाइल और डाइट पर भी ध्यान देना होगा। a

---

मेडिकल एडवाइस

डॉ. माला श्रीवास्तव

सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट

सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली

मेनोपॉज के शुरुआती दिनों से कुछ महीने बाद तक महिलाओं को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं परेशान करती हैं। ऐसे में परेशान न होकर राहत पाने के उपायों को अपनाना चाहिए। इस बारे में यहां डिटेल में बता रहे हैं।


## मेनोपॉज के दौरान होने वाली प्रॉब्लम्स
## टेंशन न लें-राहत के उपाय अपनाएं

अगर आपकी उम्र 45 साल से ज्यादा हो चुकी है, आपको अनियमित पीरियड्स, अनिद्रा और रात को पसीना आने जैसी समस्याएं परेशान करती हैं तो यह मेनोपॉज का लक्षण हो सकता है। यह महिलाओं के जीवन का ऐसा दौर है, जब उनके शरीर में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरॉन नामक हार्मोन का सीक्रीशन कम होने लगता है, जिसके परिणामस्वरूप उनके पीरियड्स आना बंद हो जाते हैं। उम्र के इस दौर में महिलाओं को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है, लेकिन सही जानकारी और जीवनशैली बदलाव लाकर इनसे बचा जा सकता है।

**होने वाली शुरुआती समस्याएं:** मेनोपॉज के शुरुआती दौर को पेरिमेनोपॉज कहा जाता है। इस दौरान सबसे बड़ी समस्या हॉट फ्लैशेस की होती है, जिसमें अचानक शरीर में गर्मी की लहर महसूस होती है, पसीना आता है और दिल की धड़कन तेज हो जाती है। यह रात में नाइट स्वेट्स के रूप में भी प्रकट होता है, जो नींद में बाधा डालता है। वेजाइनल ड्रायनेस एक और प्रमुख समस्या है, जिसमें वेजाइना में सूखापन और जलन होती है, जो सेक्स के दौरान दर्द का कारण बनती है। हार्मोनल बदलाव के कारण मूड स्विंग्स, चिड़चिड़ापन, उदासी और एकाग्रता में कमी भी देखी जाती हैं। कुछ महिलाओं को अनियमित पीरियड्स, सिरदर्द या जोड़ों में दर्द का अनुभव होता है। ये लक्षण कुछ महीनों से तीन-चार वर्ष तक रह सकते हैं। यदि मेनोपॉज समय से पहले होता है, तो ये लक्षण अधिक गंभीर हो सकते हैं।



**मेनोपॉज के बाद की समस्याएं:** मेनोपॉज के बाद की अवधि पोस्टमेनोपॉज कहलाता है, जिसमें लक्षण कम हो सकते हैं, लेकिन स्वास्थ्य जोखिम बढ़ जाते हैं। एस्ट्रोजन की कमी के कारण हृदय रोग का खतरा बढ़ता है, क्योंकि यह हार्मोन रक्त वाहिकाओं को लचीला रखने और कोलेस्ट्रॉल को संतुलित करने में मदद करता है। मेनोपॉज के बाद ऑस्टियोपोरोसिस भी हो सकता है, जिसमें हड्डियां कमजोर हो जाती हैं और फ्रैक्चर का खतरा बढ़ता है। मेनोपॉज के बाद महिलाओं की बोन डेंसिटी 25 प्रतिशत तक घट सकती है। खासतौर पर बैकबोन और हिप्स में दर्द होने की आशंका बढ़ जाती है। मेनोपॉज के बाद वेजाइनल ड्रायनेस और यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (यूटीआई) बढ़ सकते हैं। इसी वजह से मनोपॉज के बाद कुछ महिलाओं में चिड़चिड़ापन, उदासी और डिप्रेशन जैसे लक्षण नजर आते हैं। a



### इन बातों का रखें ध्यान

- मेनोपॉज से पहले अनियमित पीरियड्स, हल्की या कम ब्लीडिंग सामान्य बात लक्षण है, लेकिन जब कई दिनों तक हेवी ब्लीडिंग हो तो यह चिंताजनक है, ऐसी स्थिति में आपको बिना देर किए स्त्री रोग विशेषज्ञ से सलाह लेनी चाहिए।
- डाइट में मिल्क प्रोडक्ट्स को प्रमुखता से शामिल करें। इनमें मौजूद कैल्शियम से आपकी हड्डियों को मजबूती मिलेगी।
- अपने नियमित आहार में हर तरह की दाल, अंकुरित अनाज, हरी पत्तेदार सब्जियों और मौसमी फलों को प्रमुखता से शामिल करें।
- प्रतिदिन सुबह आधे घंटे के लिए धूप में जरूर बैठें। सूरज की किरणों से मिलने वाला विटामिन-डी हड्डियों की मजबूती के लिए जरूरी होता है।

प्रस्तुतिः विनीता



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 9285163700, Email: gdc.indore@gmail.com

# सुपर-8 में आज इंग्लैंड और पाकिस्तान का आमना-सामना, स्पिनरों पर रहेगा फोकस

**एजेंसी ▶▶| पाल्लेकल**

धीमे गेंदबाजों की मददगार पिच पर इंग्लैंड और पाकिस्तान की टीमें टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में मंगलवार को जब आमने सामने होंगी तो फोकस स्पिन गेंदबाजों पर रहेगा।

इंग्लैंड की टीम अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी है लेकिन दो बार की चैंपियन टीम जीत की राह पर लौटी है। सुपर आठ चरण के पहले मैच में श्रीलंका को 51 रन से हराया, जिससे उसका नेट रनरेट भी बेहतर हुआ है और वह तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। श्रीलंका के खिलाफ कम स्कोर का बचाव करते हुए इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने हालात के अनुरुप खेला। उसके स्पिनरों ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी उपयोगी रहे।

लेग स्पिनर आदिल रशीद और बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन को भी विकेट मिले। विल जैक्स ने अच्छी आफ स्पिन गेंदबाजी के अलावा जरुरत पड़ने पर उपयोगी पारियां भी खेली है और कई बार इंग्लैंड को संकट से निकाला।







## साल्ट फॉर्म में लौटे

सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट श्रीलंका के खिलाफ उम्दा पारी खेलकर फॉर्म में लौटे हैं। टूर्नामेंट में पहली बार उन्होंने पावरप्ले के बाद तक बल्लेबाजी की। जोस बटलर का फॉर्म चिंता का सबब बना हुआ है लेकिन उन्हें कप्तान हैरी बूक का समर्थन हासिल है। इंग्लैंड ने इस महीने की शुरुआत में इस मैदान पर तीन मैचों की टी20 श्रृंखला 3-0 से जीती थी। बूक ने श्रीलंका को हराने के बाद कहा,' अभी तक हम बल्लेबाजी में परफेक्ट खेल नहीं दिखा सके हैं। हमें अच्छी शुरुआत और बड़े स्कोर नहीं मिले। मुझे लगता है कि बहुत जल्दी वह होगा। जोस बटलर, जैकब बेथेल और मैं खुद बड़े स्कोर नहीं बना सके हैं लेकिन इसके बावजूद हम जीतने में कामयाब रहे।'

## पाकिस्तान के लिए बल्लेबाजी चिंता का सबब

दूसरी ओर पाकिस्तान का न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला सुपर आठ मैच बारिश में धुल गया, जिससे अब उसे दोनों मैच जीतने होंगे। उसके पास उस्मान तारिक, सईम अयूब, अबरार अहमद, शादाब खान और मोहम्मद नवाज जैसे अच्छे स्पिनर हैं। बल्लेबाजी हालांकि चिंता का सबब है, खासकर अच्छे स्पिनरों के खिलाफ वे टिक नहीं पा रहे।

**टीमें इस प्रकार**

**इंग्लैंड** : हैरी बूक (कप्तान), टॉम बेंटोन, जोस बटलर, बेन डकेट, फिल साल्ट, जैकब बेथेल, सैम कुरेन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, जैमी ओवरटन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, आदिल रशीद, जोश टंग, ल्यूक वुड

**पाकिस्तान**: सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फखर जमां, ख्वाजा नफे, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान, उस्मान तारिक।\

**मैच** : शाम 7 बजे से शुरू होगा।

## खबर संक्षेप



### आईजीपीएल देगा 10 करोड़ डॉलर की फ्रेंचाइजी

**नई दिल्ली।** इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) ने देश भर के 10 फ्रेंचाइजी साझेदारों से 10 करोड़ डॉलर की प्रतिबद्धता की घोषणा की, जिसमें प्रत्येक निवेशक ने 10 साल की अवधि में लगभग एक करोड़ डॉलर देने का वादा किया। यह खेल को पेशेवर बनाने और इसके विस्तार के लिए लंबे समय तक चलने वाले प्रयास का संकेत है। आईजीपीएल ने पिछले साल अपना पहला पेशेवर टूर आयोजित किया था जिसमें 11 प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें 54 होल की मिश्रित स्पर्धाएं कट रहित प्रारुप में खेली गईं। प्रत्येक टूर्नामेंट की इनामी राशि डेढ़ करोड़ रुपए थी। इस टूर में भारत, दुबई और कोलंबो में प्रतियोगिताएं हुईं थीं। आईजीपीएल ने पिछले साल जुलाई में एक शहर आधारित फ्रेंचाइजी लीग की योजना की घोषणा की थी, जो शुरू में जनवरी-फरवरी के लिए तय थी।


### भारत को परिस्थितियों के अनुसार खेलना चाहिए

**अहमदाबाद।** दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए टी20 विश्व कप के मैच से सबक लेकर अपने अहं का त्याग करना चाहिए और अति आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरकर हर गेंद को बाउंड्री लाइन के बाहर भेजने के बजाय परिस्थितियों के अनुसार खेलना चाहिए। गावस्कर ने कहा, ' भारतीय बल्लेबाजों को ब्रेविस और मिलर की साझेदारी से सीख लेकर इस तरह का दृष्टिकोण अपनाने की जरुरत थी। भारतीय बल्लेबाजों ने ऐसा नहीं किया। वे अति आत्मविश्वास के साथ उतरे, हर गेंद पर बल्ला चलाया और विकेट गंवा दिए। दक्षिण अफ्रीका खेल के हर विभाग में भारत से अव्वल साबित हुआ।'



### वरुण पर दबाव बनाने के इरादे से उतरा थाः मिलर

**अहमदाबाद।** भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप सुपर आठ मुकाबले में स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को बेअसर साबित करने वाली दक्षिण अफ्रीका टीम की रणनीति के बारे में आक्रामक बल्लेबाज डेविड मिलर ने कहा कि इसके लिए बस शांत दिमाग, सीमित मूवमेंट और मजबूत इरादे की जरुरत थी। मिलर ने कहा,' मुझे लगता है कि यह पक्का करने के बारे में है कि अगर वह खराब गेंद डालता है तो हम उसे दूर खेल सकें। गेंद ज्यादा स्पिन भी नहीं हो रही थी तो यह सही रणनीति थी।' उन्होंने कहा,' एक बार फिर हमें लगा कि उस पर दबाव बनाना जरूरी है क्योंकि वह हर विरोधी टीम के लिये खतरा साबित होता है। हमने इस पर बात की थी।' अपनी पारी के बारे में मिलर ने कहा कि उन्होंने 'बेसिक्स' पर अमल किया, जिससे अब तक उन्हें सफलता मिलती आई है।
उन्होंने कहा,' यह सुनिश्चित करना था कि आप सरल चीजों पर और अपनी तैयारियों के बेसिक्स पर अडिग रहें।



### जर्मन ओपन में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे श्रीकांत, तन्वी

**मुल्हेम आन डेर रुर।** अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और तन्वी शर्मा मंगलवार से शुरू हो रहे जर्मन ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुआई करेंगे। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने पिछले सत्र में मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 और सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 में उप विजेता रहते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन खिताब जीतने में नाकाम रहे। वह अपने अभियान की शुरुआत एक क्वालीफायर के खिलाफ करेंगे। महिला एकल विश्व रैंकिंग में 40वें स्थान पर काबिज 16 साल की तन्वी पहले दौर में मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से भिड़ेंगी।



### तीन में से कम से कम एक बल्लेबाज हो सकता है बाहर

# द.अफ्रीका से हार के बाद टीम मैनेजमेंट सख्त आउट ऑफ फॉर्म बल्लेबाज पर फैसला जल्द

**एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद**

भारतीय टीम प्रबंधन खराब फॉर्म में चल रहे तीन में से कम से कम एक बल्लेबाज को बाहर कर सकता है जबकि शीर्षक्रम में कई खब्बू बल्लेबाजों को उतारने की अपनी रणनीति की भी समीक्षा करेगा। मुख्य कोच गौतम गंभीर के सहयोगी रियान टेन डोइशे और सितांशु कोटक ने यह संकेत दिए। दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप सुपर आठ मुकाबले में भारत को 76 रन से हराया। अब भारत को अगले दोनों मैच जीतने होंगे लिहाजा टीम प्रबंधन को अभिषेक शर्मा (चार मैचों में 15 रन) और तिलक वर्मा ( पांच मैचों में 107 रन ) के प्रदर्शन पर विचार करना होगा। रिंकू सिंह भी फिनिशर की भूमिका नहीं निभा सके हैं और 29 गेंदों में 82.75 की स्ट्राइक रेट से 24 रन बनाए हैं।बल्लेबाजी कोच कोटक ने कहा,' अगर मुख्य कोच और टीम प्रबंधन को लगता है कि हमें कुछ अलग करना होगा तो हम करेंगे। अब इस पर विचार हो रहा है कि अगर हमें बदलाव करना है तो वह क्या होगा और कैसे होगा।' उन्होंने कहा,' अब हम ऐसे मुकाम पर पहुंच गए हैं कि हमें यह सोचना होगा कि कुछ अलग करना है या उसी संयोजन से काम करना है।'





### अभिषेक की तैयारियों पर पड़ा असर

कोटक ने कहा कि अभिषेक और तिलक का फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा,' मैं अभि या तिलक के लिए बहाना नहीं बनाऊंगा। उन्हें बहानों की जरूरत नहीं है । मुझे लगता है कि पेट के संक्रमण से अभिषेक की तैयारियों पर काफी असर पड़ा है और वह वैसे नहीं खेल पा रहा, जैसे खेलना चाहिए था।' यह पूछने पर कि उसे क्या सलाह देंगे, कोटक ने कहा ,'' बल्लेबाजी कोच होने के नाते मेरा मानना है कि उसे जरूरत से ज्यादा सलाह देने की बजाय उसके दिमाग को व्यवस्थित रहने दें। दो दिन में आप कुछ बदल नहीं सकते बल्कि जरुरत से ज्यादा सलाह देने से उसका आत्मविश्वास हिल सकता है। उसे अभी गेंद को देखकर अपनी पारी को बेहतर बनाना होगा।'



### रणनीति के कारण लिया गया फैसला : डोइशे

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप के सुपर 8 मुकाबले में उपकप्तान अक्षर पटेल को बाहर रखने के फैसले की काफी आलोचना हो रही है लेकिन भारतीय टीम के सहायक कोच रियान टेन डोइशे और बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा कि यह फैसला पूरी तरह से रणनीतिक कारणों से लिया गया। दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 76 रन से हराया और वॉशिंगटन सुंदर बल्ले तथा गेंद दोनों से फ्लॉप रहे, जिन्हें अक्षर की जगह उतारा गया था। टेन डोइशे ने कहा,' हमने पिछले कुछ दिन में अंतिम एकादश पर काफी मंथन किया। हम मैच अप पर विचार कर रहे थे। वैसे अक्षर को उतारने का फैसला सही लग रहा था लेकिन हमें आठवें बल्लेबाज के रूप में अक्षर की जरुरत थी। यह फैसला उसी आधार पर लिया गया।' उन्होंने कहा,' अक्षर की नेतृत्व क्षमता और अहमियत हम सभी जानते हैं। इस फैसले का मतलब उसे कमतर आंकना बिल्कुल नहीं है।' बल्लेबाजी कोच कोटक ने कहा कि अक्षर को मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इस फैसले के बारे में अच्छी तरह समझाया था। उन्होंने कहा,' सूर्या और गौतम दोनों ने इस फैसले के बारे में अक्षर से बात की थी। वॉशिंगटन को खिलाने का यही कारण था कि उनके शीर्ष पांच में तीन खब्बू बल्लेबाज थे और हमें लगा कि एक आफ स्पिनर को खेलना चाहिए। क्विंटॉन डिकॉक और रियान रिकेलटन को बुमराह ने आउट कर दिया तो सुंदर को दो ओवर से ज्यादा गेंदबाजी नहीं करनी पड़ी।'

## एलिसी खेलेंगी आखिरी वनडे सीरीज बेथ मूनी होंगी नई विकेटकीपर

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया की कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली भारतीय टीम के खिलाफ अपनी आखिरी वनडे सीरीज खेलने के लिए तैयार हैं। एलिसी हीली की जगह अब बेथ मूनी को ऑस्ट्रेलिया टीम की नई फुल- टाइम विकेटकीपर नियुक्त किया गया है।

35 वर्षीय हीली मंगलवार को ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड में होने वाले पहले वनडे में टीम की कप्तानी करेंगी। यह मुकाबला उनके दो सप्ताह लंबे विदाई दौरे की शुरुआत होगा, जिसमें होबार्ट में दो और वनडे और अगले महीने पर्थ के वाका में एक टेस्ट खेला जाएगा।



### सभी फॉर्मेट में किए 275 शिकार

टेस्ट के साथ हीली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगी। हीली 2014 से ऑस्ट्रेलिया की पहली पसंद की विकेटकीपर रही हैं और उन्होंने सभी फॉर्मेट में रिकॉर्ड 275 शिकार किए हैं। भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में उनके ओपनिंग बल्लेबाज के रूप में खेलने की उम्मीद है।

### मूनी पहले भी कर चुकी हैं विकेटकीपिंग

मूनी को लंबे समय से भविष्य की नियमित विकेटकीपर माना जा रहा था, लेकिन टीम प्रबंधन ने इस होम समर में ही उन्हें यह जिम्मेदारी सौंप दी। माना जा रहा है कि टी20 सीरीज में लगातार कीपिंग करने और पिछले एक साल में विकेटकीपिंग में आए सुधार ने उन्हें यह मौका दिलाया। हीली की गैरमौजूदगी में मूनी पहले भी 28 बार पर विकेटकीपिंग कर चुकी हैं। सीरीज से पहले मूनी ने कहा कि फुल-टाइम जिम्मेदारी मिलने से उनकी तैयारी बेहतर होगी। उन्होंने स्वीकार किया कि अलग-अलग फील्डिंग पोजीशन और कीपिंग के बीच संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन अब स्पष्ट भूमिका मिलने से उन्हें फायदा होगा। ऑस्ट्रेलिया का अगला कार्यक्रम वेस्टइंडीज का मल्टी-फॉर्मेट दौरा और जून में इंग्लैंड में होने वाला टी20 वर्ल्ड कप है। ऐसे में मूनी का स्थायी विकेटकीपर बनना टीम की निरंतरता और भविष्य की योजनाओं के लिहाज से अहम कदम माना जा रहा है।

### रणजी ट्रॉफी फाइनल

## कर्नाटक के खिलाफ जम्मू कश्मीर को करना होगा चमत्कारिक प्रदर्शन



**एजेंसी ▶▶| हुब्बली**

पहली बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में पहुंची जम्मू कश्मीर की कहानी लगन और जुझारुपन की मिसाल है लेकिन खिताब जीतने के लिए इस छिपी रुस्तम टीम को अगले पांच दिन में आठ बार की चैंपियन कर्नाटक के खिलाफ चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा। कर्नाटक को उसके अतीत के प्रदर्शन के कारण ही प्रबल दावेदार नहीं माना जा रहा बल्कि इस सत्र में उसने समय-समय पर प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों से जूझने के बावजूद अलग-अलग हालात में बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

### कर्नाटक के बल्लेबाजों ने लिखी कामयाबी की कहानी

राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ पहले मुकाबले में खराब शुरुआत के बाद से कर्नाटक ने अपने मैदान पर और बाहर दमदार प्रदर्शन किया है। उसके स्टार बल्लेबाजों केएल राहुल, करुण नायर, देवदत्त पडिक्कल और रविचंद्रन स्मरण ने इस कामयाबी की कहानी लिखी है। कर्नाटक के पास भी शानदार गेंदबाजी आक्रमण है, जिसकी अगुवाई भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा करेंगे। उनका साथ देने के लिए विद्वत कावेरप्पा, विद्याधर पाटिल, विशाख विजयकुमार, शिखर शेट्टी और मोहसिन खान हैं। लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल 46 विकेट लेने के अलावा 442 रन बना चुके हैं।

### जम्मू-कश्मीर पहली बार खेलेगी फाइनल

जम्मू-कश्मीर ने 67 साल पहले रणजी ट्रॉफी में पदार्पण के बाद पहली बार फाइनल में प्रवेश किया है। नबी ने इस सत्र में 55 विकेट लिए हैं और यहां पर भी पिच से शुरुआत में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है। बंगाल और मध्यप्रदेश जैसे दिग्गजों को हराने वाली जम्मू कश्मीर टीम के पास पारस डोगरा जैसा अनुभवी कप्तान है। मुख्य कोच अजय शर्मा और 41 वर्ष के डोगरा को खिलाड़ियों को बिना किसी दबाव के खुलकर खेलने का गुरुमंत्र देना होगा। जम्मू कश्मीर के शीर्षक्रम के बल्लेबाज शुभम खजूरिया और बाएं हाथ के स्पिनर वंशराज शर्मा को अभ्यास सत्र के दौरान चोट लगने के बाद मेडिकल सहायता लेनी पड़ी। खजूरिया को पीठ में तकलीफ थी जबकि वंशराज के टखने में चोट लगी थी। उन्हें स्ट्रेचर पर ले जाया गया ।

## आईएसएल : बराबरी पर खत्म हुआ बेंगलुरु और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड का मुकाबला

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु एफसी और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के बीच इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। बेंगलुरु एफसी ने पहले हाफ में ब्रायन सांचेज के 18वें मिनट के गोल से बढ़त बनाई, लेकिन नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने दूसरे हाफ में लालरिंजुआला के 68वें मिनट के गोल से बराबरी हासिल की। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के शुरुआती दबाव के बावजूद पहला गोल बेंगलुरु ने किया। अशिक कुरुनियां ने ब्रायन को बाएं किनारे से पास दिया और अर्जेंटीनी खिलाड़ी ने दाएं पैर से गोल कर टीम का खाता खोला। मैच के 64वें मिनट में मैदान पर आये लालरिंजुआला ने तुरंत प्रभाव दिखाया। इस स्थानापन्न खिलाड़ी ने 68वें मिनट में अशीर से गेंद लेकर शानदार नियंत्रण बनाया और गुरप्रीत के ऊपर से गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाकर स्कोर 1-1 कर दिया। मैच का निर्णायक गोल नहीं होने के कारण मुकाबला रोमांचक अंदाज में बराबरी पर समाप्त हुआ।

## ऑस्ट्रेलिया 8 साल बाद करेगा साउथ अफ्रीका का दौरा, शेड्यूल का ऐलान

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम 8 आठ साल बाद साउथ अफ्रीका के दौरे पर जाएगी। साल 2026 के अंत में उसका दौरा होगा। इसमें तीन वनडे और इतने ही टेस्ट खेले जाने हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 2018 में आखिरी बार साउथ अफ्रीका का दौरा किया था। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने अपना 2026-27 का शेड्यूल जारी किया। इसमें बताया कि वह ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगा। इसके तहत पहले तीन वनडे खेले जाएंगे, जो डरबन, जोहानिसबर्ग और पॉचेफ्स्ट्रूम में होंगे। यह सीरीज 24 से 30 सितंबर के बीच खेली जाएगी। इसके बाद अक्टूबर में टेस्ट सीरीज होनी है। ये मुकाबले डरबन, गबेरहा और केप टाउन में होंगे। वनडे और टेस्ट सीरीज के बीच में ऑस्ट्रेलियाई टीम एक वॉर्म अप मुकाबला भी खेलेगी।



### ऑस्ट्रेलियाई टीम जिम्बाब्वे जाएगी

समझा जाता है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम साउथ अफ्रीका जाने से पहले जिम्बाब्वे जाएगी। वहां पर वनडे मुकाबले खेलेगी। अभी यह तय नहीं है कि कितने मैच होंगे और कहां खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम अगस्त में बांग्लादेश टीम की मेजबानी करेगी। साउथ अफ्रीकी टीम साल के आखिर में बांग्लादेश और इंग्लैंड के साथ भी घर पर टेस्ट खेलेगी।

### वनडे सीरीजः भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला मैच आज सुबह 9.20 से

# ऑस्ट्रेलिया को फिर चित करने की तैयारी में भारतीय महिला टीम

**एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन**

टी20 श्रृंखला जीत चुकी मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय टीम तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के पहले मैच में मंगलवार को आस्ट्रेलिया से खेलेगी तो उसे मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल होगी। भारत ने पिछले साल नवी मुंबई में विश्व कप सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया को हराया था।

यह श्रृंखला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आस्ट्रेलिया की महानतम खिलाड़ियों में से एक एलिसा हीली इसके बाद वनडे प्रारुप से विदा लेने जा रही हैं। भारत ने टी20 श्रृंखला 2-1 से जीती, जो पिछले एक दशक में इस प्रारुप में आस्ट्रेलिया में श्रृंखला में उसकी पहली जीत थी। स्टार लेग स्पिनर अलाना किंग भी वनडे और टेस्ट टीम में लौटी हैं।



### प्रतिका वनडे टीम में शामिल

भारत के लिए काशवी गौतम, हरलीन देयोल और प्रतिका रावल टीम में अरुधति रेड्डी, भारती फुलमाली और श्रेयांका पाटिल की जगह आई हैं। टखने की चोट से उबरी प्रतिका को बाद में वनडे टीम में शामिल किया गया। स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने तीसरे टी20 में 82 रन बनाए और वह इस फॉर्म को जारी रखना चाहेंगी। मंधाना ने कहा,' आस्ट्रेलिया को आस्ट्रेलिया में हराना खास है। हम विश्व क्रिकेट में दबदबा बनाना चाहते हैं लिहाजा किसे कराते हैं और कहां हराते हैं, यह मायने नहीं रखता। हमें बस लगातार जीतना है और शीर्ष पर रहना है।' जेमिमा रौड्रिग्स भी अच्छी लय में हैं, जिन्होंने तीसरे टी20 में 59 रन बनाए थे। कप्तान हरमनप्रीत कौर को पहले टी20 में बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन दूसरे में उन्होंने 36 और तीसरे में नाबाद दो रन बनाए थे।

### दीप्ति के फॉर्म में लौटने की उम्मीद

गेंदबाजी में रेणुका ठाकुर और श्रीचरणी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। दीप्ति शर्मा से फॉर्म में लौटने की उम्मीद होगी। आस्ट्रेलियाई टीम में मैच जिताने वाले खिलाड़ियों की कमी नहीं है। एलिसे पैरी, एशले गार्डनर, बेथ मूनी, ताहलिया मैकग्रा, हीली और किंग से प्रेरणा लेकर वे वापसी की कोशिश करेंगे।
दूसरा मैच 27 फरवरी को और तीसरा 1 मार्च को होबार्ट में खेला जाएगा।

### टीमें इस प्रकार

**भारत** : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, रेणुका ठाकुर, श्रीचरणी, वैष्णवी शर्मा, क्रांति गौड़, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, रिचा घोष, उमा छेत्री, अमनजोत कौर, जेमिमा रौड्रिग्स, काशवी गौतम , हरलीन देयोल, प्रतिका रावल।

**आस्ट्रेलिया** : एलिसा हीली (कप्तान ), सोफी मोलिनू, डार्सी ब्राउन, निकोला कारी, एशले गार्डनर, किम गार्थ, अलाना किंग, फीबी लिचफील्ड, बेथ मूनी, ताहलिया मैकग्रा, एलिसे पैरी, अनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

मैच सुबह 9.20 से शुरू होगा।




### आधुनिक तकनीक और एकीकृत विकास पर जोर

# जबलपुर विकास योजना 2047 का प्रारूप जल्द होगा प्रकाशित



संजय साहू

**जबलपुर।** आयुक्त सह संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, भोपाल द्वारा जबलपुर विकास योजना 2047 का मसौदा 30 जनवरी 2026 को शासन स्तर पर प्रस्तुत कर दिया गया है। संकेत हैं कि फरवरी या मार्च में योजना का प्रारूप प्रकाशन के लिए जारी कर दिया जाएगा। इस बार की विकास योजना को आधुनिक शहरी मानकों, तकनीकी आधार और केंद्र सरकार की नीतियों के अनुरूप तैयार किया गया है, जिससे शहर का संतुलित, सर्वांगीण और दीर्घकालीन विकास सुनिश्चित हो सके।

#### अमृत योजना के अनुरूप मिश्रित भूमि उपयोग

भारत सरकार की अमृत (अटल मिशन फॉर रेजुवनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन) के निर्देशों के अनुसार इस बार मिश्रित भूमि उपयोग का व्यापक समायोजन किया जाएगा। इससे आवासीय क्षेत्रों में सीमित व्यावसायिक गतिविधियों को वैधता मिलेगी और लोगों को कार्यस्थल के निकट रहने की सुविधा मिल सकेगी।

#### ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट आधारित विकास

योजना में ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (**TOD**) को प्रमुख आधार बनाया गया है। सार्वजनिक परिवहन मार्गों और प्रमुख कॉरिडोर के आसपास उच्च घनत्व और मिश्रित उपयोग विकास को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे यातायात दबाव कम हो और शहर अधिक सुव्यवस्थित तरीके से विकसित हो सके।

#### अनुपयोगी भूमि का पुनर्वर्गीकरण

शहर की ऐसी भूमि जो वर्तमान में अनुपयोगी या कम उपयोग में है, उसे उपयोगी श्रेणी में लाकर विकास की मुख्यधारा में शामिल किया जाएगा। इससे भूमि संसाधनों का बेहतर उपयोग और निवेश को बढ़ावा मिलेगा।
अव्यावहारिक मार्गों में संशोधन-
पूर्व विकास योजना में प्रस्तावित कुछ मार्ग जो जमीनी स्तर पर व्यावहारिक नहीं पाए गए, उन्हें हटाकर व्यवहारिक और यातायात की दृष्टि से उपयुक्त मार्गों का समावेश किया जाएगा। इससे सड़क नेटवर्क अधिक तार्किक और क्रियान्वयन योग्य बनेगा।

#### प्रीमियम FAR और TDR से शहरी विकास

शहर के घनत्व और अधोसंरचना संतुलन को ध्यान में रखते हुए प्रीमियम **FAR** (फ्लोर एरिया रेशियो) और **TDR** (ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट्स) के माध्यम से विकास को प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे निजी निवेश को गति मिलेगी और अधोसंरचना विकास के लिए संसाधन सृजित होंगे।

#### निवेश क्षेत्रों में एकीकृत प्रस्ताव

समस्त निवेश क्षेत्रों में एक समान और समन्वित प्रस्ताव समाहित किए जाएंगे, ताकि औद्योगिक, आवासीय और व्यावसायिक विकास के बीच संतुलन स्थापित हो सके। उद्देश्य शहर को बिखरे विकास के बजाय समग्र और एकीकृत ढांचे में आगे बढ़ाना है।

#### न्यायालयीन निर्देशों का समावेशन

उच्च न्यायालय और अन्य न्यायिक मंचों द्वारा दिए गए निर्देशों व निर्णयों के अनुरूप योजना में आवश्यक संशोधन शामिल किए जाएंगे, जिससे भविष्य में कानूनी विवादों की संभावना कम हो।

#### पार्किंग और लैंडस्केपिंग पर विशेष ध्यान

भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पार्किंग के समुचित प्रावधान और शहरी सौंदर्यीकरण (लैंडस्केपिंग) को योजना में अनिवार्य तत्व के रूप में शामिल किया गया है। इससे अनियंत्रित पार्किंग और यातायात अव्यवस्था की समस्या में कमी आने की उम्मीद है।

#### GIS और इसरो सैटेलाइट इमेजरी आधारित योजना

इस बार विकास योजना को ज्योग्राफिकल इन्फॉर्मेशन सिस्टम (**GIS**) तकनीक और **Indian Space Research Organisation** (**ISRO**) द्वारा उपलब्ध कराई गई सैटेलाइट इमेजरी के आधार पर तैयार किया गया है। इससे भूमि उपयोग, पर्यावरणीय संवेदनशीलता और मौजूदा ढांचे का सटीक आकलन संभव हो सका है।

#### लैंड सूटेबिलिटी मॉडल आधारित कंप्यूटर जनित प्रस्ताव

पूरी योजना 'लैंड सूटेबिलिटी मॉडल' के आधार पर कंप्यूटर संचालित प्रणाली से तैयार की गई है। इससे भौगोलिक, पर्यावरणीय और अधोसंरचनात्मक मानकों के अनुरूप वैज्ञानिक ढंग से प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। कुल मिलाकर जबलपुर विकास योजना 2047 को पारंपरिक ढांचे से आगे बढ़ाकर तकनीकी, कानूनी और नीतिगत रूप से अधिक सशक्त बनाया गया है। प्रारूप के प्रकाशन के बाद आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और हितधारकों से आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे, जिसके बाद अंतिम रूप देकर इसे लागू किया जायेगा.

---

### बिजली महंगी होने से उपभोक्ता पर आयेगा भार

## विद्युत दरों की गेंद आयोग के पाले में



**जबलपुर।** एक बार फिर उपभोक्ताओं को महंगी बिजली का करंट देने की तैयारी की जा रही है। प्रदेश की विद्युत वितरण कंपनियों ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बिजली की दरों में 10.19 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रस्ताव राज्य विद्युत नियामक आयोग को दिया है। खबर है कि यदि यह प्रस्ताव मंजूर हो गया तो 1 अप्रैल 2026 से नई दरें लागू होंगी। इससे आम लोगों के घरेलू बजट पर असर पड़ेगा। अनुमान है कि इस बढ़ोतरी से हर घरेलू उपभोक्ता पर साल भर में 3600 रुपए से ज्यादा का अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। यानी महीने में लगभग 300 रुपए तक बिजली बिल बढ़ सकता है। विशेषज्ञों की माने तो कोयले पर जीएसटी सेस हट जाने से बिजली बनाने का खर्च पहले से कम हो चुका है। इसके बावजूद कंपनियों ने दरें बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है। अब यह फैसला नियामक आयोग के पास है वह प्रस्ताव को मंजूरी दे या नहीं। जनसुनवाई भी चल रही है जहां लोग अपनी राय दे सकते हैं। बिजली कंपनियों ने अपने प्रस्ताव में कहा है कि उन्हें लगातार बढ़ता घाटा हो रहा है। परिचालन खर्च बढ़ गए हैं, अन्य वित्तीय चुनौतियां भी हैं। इस बार पावर मैनेजमेंट कंपनी ने कुल 6044 करोड़ रुपए के घाटे को भरने के लिए यह मांग की है। अगर यह बढ़ोतरी लागू हुई तो इसका सीधा असर उपभोक्ताओं के मासिक बिजली बिल पर पड़ेगा। यदि कोई परिवार महीने में 400 यूनिट बिजली इस्तेमाल करता है तो उसका मौजूदा बिल लगभग 3250 रुपए आता है। बढ़ोतरी के बाद यह बिल 3, 550 रुपए से ज्यादा हो जाएगा। यानी हर महीने लगभग 300 रुपए की बढ़ोतरी होगी। साल भर में कुल 3600 रुपए का अतिरिक्त खर्च आएगा।

---

## मोबाइल हैक कर खाते से निकल गए 1 लाख रुपये



**जबलपुर।** जबलपुर के रांझी में अज्ञात तत्व ने एक व्यक्ति के मोबाइल को हैक करके उसके खाते से एक लाख रूपए निकाल लिए। वित्तीय धोखाधड़ी के शिकार व्यक्ति ने बाद में इस मामले की पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जिस पर पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर पड़ताल आरंभ कर दी है। इस संबंध में रांझी थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रांझी मानेगांव निवासी दिनेश चंद्र मीना ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह आनलाईन 1 लाख रूपये की वित्तीय धोखाधड़ी का शिकार हुआ है किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसका मोबाइल फोन हैक कर उसके साथ धोखाधड़ी कर छल पूर्वक उसके खाते से 1 लाख रूपये निकाल लिए। साइबर पुलिस में मामले की शिकायत दर्ज कराई गई जिस पर प्रकरण को जांच में लिया गया है। पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 318(4), 319(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

---

### दोपहर में तेज हवाओं के बीच हुई बारिश

## मौसम ने ली करवट, जिले में आज फिर वर्षा की संभावना



**जबलपुर।** पश्चिमी विक्षोभ की वजह से मौसम ने एकदम करवट बदल ली है। शनिवार की सुबह लगभग 6 बजे हुई बूंदाबांदी के बाद मौसम शुष्क हो गया था और वातावरण में गर्माहट घुल गई थी। सोमवार को शाम 4 बजे अचानक मौसम बदला और तेज हवाओं के बीच बारिश होने लगी, मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक मौसम के यही हाल रहेंगे। संभव है कि होली में भी बारिश हो। अगले 24 घंटों के दौरान जिले में गरज चमक के साथ वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिम विक्षोप की वजह से हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। उत्तर भारत के उंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात का दौर फिर शुरू हो गया। है जो ठंड के लौटने का संकेत दे रहा है। आद्रता में हो रही वृद्धि आसमान पर बादलों के लिए अनूरूप स्थितियां पैदा कर रही है। पिछले कई दिनों से आसमान साफ रहने के कारण मौसम का मिजाज शुष्क बना था।

मौसम विभाग की मानें तो ठंड अभी गई नहीं है। बस यह मौसम की तासीर बदलने का इंतजार कर रही है, आमतौर पर हर वर्ष होली के आसपास मौसम का मिजाज बदली और बारिश वाला हो जाता है,यदि बर्फबारी लगातार जारी रही तो उत्तर ले जाने वाली शीतल बयार फिर मौसम का मिजाज ठंड करने लगेगी। संभाग में फिलहाल उत्तर पश्चिमी हवा का दौर चल रहा है। मौसम विभाग के प्रवक्ता का कहना है कि अगले 24 घंटों के दौरान तेज हवाओं के बीच बारिश की संभावना है वहीं तेज हवाएं भी चल सकती है। सोमवार का अधिकतम तापमान 31.7 डिग्री दर्ज किया गया। जो सामान्य से 3 डिग्री अधिक रहा। इसी तरह न्यूनतम तापमान 15.9 डिग्री सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। प्रातः आद्रता 77 प्रतिशत व शाम को 56 फीसदी रही। सूर्योदय प्रातः 6.35 बजे व सूर्यास्त शाम 6.11 बजे होने का अनुमान है, अगले 24 घंटों के दौरान जबलपुर को बारिश की दृष्टि से येलो जोन में रखा गया है। दक्षिणी पूर्वी हवाएं 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली।

---

### *समाधान योजना : दूसरे चरण के 5 दिन शेष*

**जबलपुर।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 का द्वितीय व अंतिम चरण 28 फरवरी तक लागू है। योजना में शामिल होकर लाभ उठाने के लिए अब केवल 5 दिन शेष हैं। इस दौरान तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्तांओं को एकमुश्त राशि जमा करने पर 90 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर अभी तक 20 लाख 26 हजार बकायादार उपभोक्तावओं ने छूट का लाभ लिया है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार जो उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में शामिल नहीं हो पाए वे अब द्वितीय चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 90 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं।

---

### ठेकेदार ब्लैकलिस्टेंड, दोषी अधिकारियों पर भी गिरेगी गाज

## भस्के ओव्हर ब्रिज पर लगाए गये, सीमेंटेड बैरीकेड, मार्ग डायवर्ट

हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर से भोपाल जाने वाले नेशनल हाईवे 45 पर शहपुरा बाईपास स्थित ओवरब्रिज के क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद प्रशासन ने एहतियातन इस मार्ग पर यातायात को अस्थायी रूप से प्रतिबंधित और आंशिक रूप से अवरुद्ध कर दिया है। सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए तत्काल प्रभाव से नया ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है, जिससे संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके और वैकल्पिक मार्गों से सुगम यातायात सुनिश्चित किया जा सके। प्रशासन द्वारा ओवरब्रिज के दोनों ओर हैवी सीमेंटेड बैरिकेड्स लगाए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार का वाहन क्षतिग्रस्त हिस्से की ओर प्रवेश न कर सके। डायवर्जन प्वाइंट्स पर पर्याप्त संख्या में फ्लोरोसेंट दिशासूचक बोर्ड एवं सूचना फ्लेक्स लगाए गए हैं, जिससे वाहन चालकों को स्पष्ट मार्गदर्शन मिल सके। डायवर्जन प्वाइंट तथा ओवरब्रिज के आसपास एनएचआई के यातायात वॉलंटियर्स एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है। अधिकारी मौके पर निगरानी रखे हुए हैं, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो।

#### भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग

जबलपुर से भोपाल की ओर जाने वाले भारी वाहनों को अंधमुख बायपास और पाटन बायपास मार्ग से डायवर्ट किया जा रहा है। भोपाल से जबलपुर की ओर आने वाले भारी वाहनों को पाटन मार्ग की ओर मोड़ा गया है। हल्के वाहनों के लिए भी स्थानीय स्तर पर वैकल्पिक मार्ग सुझाए गए हैं। प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित मार्गों का पालन करें और बैरिकेड्स को पार करने का प्रयास न करें।

#### ठेकेदार ब्लैकलिस्ट, जांच के आदेश

घटना के बाद प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की घोषणा की है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि इस मामले में जिम्मेदारी तय की जाएगी और दोषी अधिकारियों



पर भी कार्रवाई होगी। विभाग को कार्यवाही के लिये निर्देशित कर दिया गया है. सूत्रों के अनुसार, ओवरब्रिज की संरचनात्मक स्थिति और निर्माण गुणवत्ता की तकनीकी जांच कराई जाएगी। यदि निर्माण में लापरवाही या मानकों की अनदेखी पाई गई तो संबंधित एजेंसियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

#### रेलवे की सफाईः यह रेलवे ब्रिज नहीं

इस बीच जबलपुर रेल मंडल ने सोशल मीडिया और कुछ माध्यमों में फैली भ्रांतियों को लेकर स्पष्टीकरण जारी किया है। रेल मंडल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि क्षतिग्रस्त ओवरब्रिज रेलवे का आरओबी नहीं है। यह पुल सड़क को रेलवे ट्रैक के ऊपर से ले जाने वाला रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) है, जिसका निर्माण एवं संचालन मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन (एमपीआरडीसी) द्वारा किया गया है। रेलवे ने साफ किया है कि इस पुल के निर्माण, डिजाइन, रख-रखाव या प्रशासनिक संचालन से उसका कोई संबंध नहीं है। यह परियोजना सड़क परिवहन विभाग के अंतर्गत आती है।

---

### युवक अपने ससुराल जाने के लिए देवरी गांव जा रहा था

## सड़क दुर्घटना में एक युवक व एक वृद्ध की मौत

**जबलपुर।** कुंडम थाना अतंर्गत ग्राम भौकादेवरी पुल के पास सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। बताया गया है कि युवक कल रात 8 बजे घर से ससुराल जाने के लिए देवरी गांव जा रहा था, तभी रास्ते में वह दुर्घटना का शिकार हो गया । वही बरेला थाना क्षेत्र में गौर नदी पुल के पास सड़क दुर्घटना में घायल एक वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के संबंध में कुंडम पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पिपरिया निवासी 33 वर्षीय प्रदीप कुन्जाम कल रात 8 बजे घर से ससुराल जाने के लिए देवरी निकला था। कल रात 9.30 बजे भोकादेवरी के पास उसका एक्सीडेंट हो गया। राहगीर द्वारा उसे कुंडम अस्पताल पहुंचाया गया और उसके परिजनों को सूचना दी गई, अस्पताल में परीक्षण के दौरान डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। इसी प्रकार बरेला थाना अतंर्गत गौर नदी पुल के पास सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खुक्खम थाना कुंडम निवासी 60 वर्षीय नेमचंद सेन को गत 14 फरवरी को सड़क दुर्घटना में घायल होने से एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामलें की जांच कर रही है।

---

### आरोपी कांस्टेबल की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

## अपनी जगह दूसरे को बैठाकर पास की परीक्षा

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विवेक रुसिया और न्यायाधीश प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा में कथित बायोमेट्रिक और आधार डाटा से छेड़छाड़ के मामले में आरोपी कांस्टेबल को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। आरोपी कांस्टेबल पर आरोप है कि उसने वर्ष 2023 को कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में बायोमेट्रिक और आधार कार्ड में छेड़छाड़ कर दूसरे से परीक्षा दिलाकर पास हुआ।

मुरैना के साईपुरा में रहने वाले आरोपी रामगोपाल मीणा की ओर से यह अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की गई थी। उसके खिलाफ भोपाल के साइबर एवं हाईटेक क्राइम थाना में भारतीय न्याय संहिता , आईटी एक्ट, आधार अधिनियम और परीक्षा अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज है। उसपर आरोप है कि वर्ष 2023 की पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा में उसका चयन हुआ था। जांच के दौरान सामने आया कि परीक्षा के पहले आरोपी रामगोपाल ने अपने आधार कार्ड में बदलाव कराकर सह-आरोपियों के साथ मिलकर बायोमेट्रिक व फोटो बदलवाए। उसके बाद दूसरे व्यक्ति ने उसकी जगह परीक्षा दी और आरोपी को चयन का लाभ मिला। मामले में सह-आरोपी आशीष कुमार के बयान का भी उल्लेख है, जिसमें उसने कथित रूप से आरोपी की जगह परीक्षा देने की बात कही।

#### कस्टोडियल पूछताछ की जरूरत नहीं

आरोपी के वकील की दलील थी कि आधार में केवल माता-पिता के नाम की त्रुटि सुधारी गई थी। कोई दुर्भावना या साजिश नहीं थी। पूरा मामला दस्तावेजों पर आधारित है, इसलिए कस्टोडियल पूछताछ की जरूरत नहीं। आरोपी रामगोपाल को केवल सह-आरोपी के मेमो के आधार पर फंसाया गया है।

#### बायोमेट्रिक से छेड़छाड़ गंभीर अपराध

हाईकोर्ट ने केस डायरी का अवलोकन करते हुए कहा कि सह-आरोपी ने बयान में स्वीकार किया है कि उसने आरोपी की जगह परीक्षा दी। बायोमेट्रिक से छेड़छाड़ गंभीर अपराध है। जांच के लिए आरोपी की उपस्थिति जरूरी है, ताकि फिंगरप्रिंट व अन्य डिजिटल साक्ष्यों का मिलान किया जा सके। इसके साथ ही अदालत ने अग्रिम जमानत आवेदन खारिज कर दिया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240